डाक संस्करण

www.facebook.com/rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना
■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

गोरखपुर

रविवार ● 28 सितम्बर ● 2025

14 पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00

राजस्थान से राज्यसभा सांसद श्री मुकुल वासनिक जी आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई! आप सदैव स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों! शुभकामनाएं!

— शिवराजसिंह चौहान@ChouhanShivraj

प्रदेश भर में 18 गिरफ्तार, 39 हिरासत में लिये गये

'आई लव मोहम्मद' प्रकरण

■ बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद की गई

■ बरेली व वाराणसी में आठ के खिलाफ कार्रवाई

लखनऊ (एसएनबी)। बरेली में 'आई लव मोहम्मद स.अ' अभियान को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद बाराबंकी, मऊ और वाराणसी जिलों में भी तनाव बढ़ गया है, ऐसे में पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए भारी सुरक्षा बल तैनात किया है। बरेली और वाराणसी में पुलिस ने माहौल बिगाड़ने के आरोप में आठ-आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। बरेली में हालात को देखते हुए 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। हालांकि पुलिस अफसरों का दावा है कि सभी जिलों में हालात काबू में हैं।

बरेली में शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक पुलिस ने घर-घर दबिश दी। करीब 39 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को माहौल खराब करने के आरोप में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। बरेली पुलिस ने शनिवार को बताया कि स्थिति सामान्य है और स्कूल-कॉलेज एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले हुए हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक बरेली के विभिन्न थानों में कुल छह मामले दर्ज किए गए हैं। बरेली डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि पुलिस और खुफिया विभाग की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि यह बवाल अचानक नहीं भड़का, बल्कि यह एक ''पूर्व नियोजित साजिश'' थी। खुफिया रिपोर्ट और वीडियो के आधार पर कुछ स्थानीय नेताओं के नाम सामने आए है। उन्होंने बताया कि अमन-चैन को बिगाड़ने वालों को जेल भेजा जाएगा। साथ ही उनके खिलाफ गुंडा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार देर शाम बवाल थमने के बाद भी एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य समेत पुलिस की टीम पूरी रात सड़कों पर गश्त करते रहे। हालांकि दोबारा कोई उपद्रव न हो, इसके लिए 15 जिलों से पुलिस बल, 'प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी' (पीएसी) और अर्धसैनिक बल की कंपनियां तैनात कर दी गई हैं। मौजूदा वक्त शहर में करीब आठ हजार से अधिक जवान तैनात हैं। हर गली, चौराहे और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी है। एडीजी रमित शर्मा ने मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत समेत सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को तत्काल बल भेजने और एसएसपी बरेली से सम्पर्क में रहने की हिदायत दी है।



बाराबंकी के जहांगीराबाद कोतवाली में पुलिस हिरासत में आरोपी।

माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर

लखनऊ। प्रदेश भर में माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ यूपी पुलिस तरह से मुस्तैद है। शनिवार को पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर वाराणसी पुलिस ने सिगरा में पुलिस ने 'आई लव मोहम्मद स.अ' के नाम का पोस्टर और बैनर लेकर बिना अनुमति के जुलूस निकालकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने एवं अराजकता फैलाने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक बाल अपचारी को भी हिरासत में लिया गया है। वाराणसी में जुलूस का फुटेज एवं वीडियो से स्पष्ट हो रहा है कि जुलूस में शामिल एक समुदाय के लोग जानबूझकर सम्प्रादायिक माहौल खराब कर विवाद उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज की है। वहीं, बाराबंकी के जहांगीराबाद फैजुल्लागंज गांव में शुक्रवार रात ''आई लव मोहम्मद स.अ'' लिखा बैनर तोड़े जाने पर तनाव फैल गया। इसके बाद यहां पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एक पक्ष ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात एक स्थानीय चौकीदार धन्नी ने डंडे से रस्सी तोड़कर बैनर नीचे गिरा दिया। इसके बाद एक समुदाय के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और नाराजगी जताई। दूसरे पक्ष के लोग भी जुटने लगे, जिससे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि मस्जिद के पास लगे सीसी कैमरे में पूरी घटना रिकार्ड हो गई है। यहां पर भारी फोर्स तैनात कर दिया गया है। वहीं, पूर्वी यूपी के मऊ जिले में मुहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र के नयी बाजार इलाके में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद कुछ लोगों ने 'आई लव मोहम्मद स.अ' अभियान के तहत जुलूस निकाला। इस पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें खदेड़ते हुए हल्का बल प्रयोग किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रतिभाग कर रहे सभी जिले : केशव



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेन्टर एवं मार्ट में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सभी 75 जनपदों में गठित समूहों के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इन समूहों के द्वारा बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन एवं उसका विपणन भी इस ट्रेड शो में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो में आने वाली समूह की महिलाओं को उनके द्वारा बनाये गये उत्पादों के विपणन के लिए एक बहुत अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। इससे देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 एक्सपो मार्ट पहुंचे लोगों ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं यथा समूह गठन की प्रक्रिया, टेक होम राशन, बीसी सखी, विद्युत सखी एवं बालिनी आदि के सम्बन्ध में उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा मिशन से जुड़ने की इच्छा भी प्रकट की। साथ ही साथ समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों में मसाले, मुरब्बा, अचार, परिधान, जरी जरदोजी आदि का क्रय भी बड़ी मात्रा में किया गया। यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो में सभी 75 जनपदों के चयनित 75 स्वयं सहायता समूहों द्वारा उनके बनाये गये उत्पादों में जूट का सामान, एजरी साड़ी, ज्वेलरी, चिकनकारी, साड़ी, सूट, नमकीन, टेराकोटा व चमड़े का सामान एवं बलिनी के उत्पाद आदि का विक्रय एवं प्रदर्शन किया जा रहा है।

धर्म के नाम पर माहौल बिगाड़ रही सरकार : संजय सिंह

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि वह बेरोजगारी, किसानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई जैसे असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धर्म और त्योहारों के नाम पर समाज में तनाव फैला रही है। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा की नफ़रती राजनीति और तथाकथित धर्मगुरुओं की मिलीभगत से त्योहारों से पहले विवाद खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नौजवान रोजगार संकट से जूझ रहे हैं, किसान बदहाली झेल रहे है, लेकिन इन मुद्दों पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। आप सांसद ने 'आई लव मोहम्मद', 'आई लव महादेव' और 'आई लव आदित्यनाथ' जैसे विवादों का ज़िक्र करते हुए कहा कि धर्म को झगड़े का हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि असली मुद्दों पर अपनी आवाज़ उठाएं और सरकार को जवाबदेह बनाएं।

वर्गीकृत

सूचना

शारदीय नवरात्र

सप्तम कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।

मां दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। इनके शरीर का रंग घने अन्धकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्माण्ड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। इनकी नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ-गदहा है। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है।

मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यन्त भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकरी' भी है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है।

नशेड़ी ने कांटेदार चम्मच से पत्नी भाई व भतीजी पर किया वार

महराजगंज(एसएनबी)। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैजौली में शनिवार की देर रात पति ने अपनी पत्नी , बड़े भाई व भतीजी को कांटेदार चम्मच से वार कर घायल कर दिया। इस मामले में मनुद्दीन ने थाने में तहरीर दी है।शनिवार की सुबह श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैजौली निवासी एहसानुद्दीन का पत्नी सलमा से विवाद हो गया। उसने पत्नी की बेरहमी से पीटाई कर दी। पत्नी सलमा ने इसकी शिकायत श्यामदेउरवां पुलिस से की। पुलिस दिनभर आरोपी पति की तलाश करती रही लेकिन वह नहीं मिला। देर शाम लगभग सात बजे पीड़ित सलमा को पुलिस ने घर भेज दिया। घर पहुंचकर वह भोजन बनाने लगी। कुछ देर बाद अचानक उसका पति एहसानुद्दीन घर आ गया और किचन में रखे कांटेदार चम्मच से उसके उपर हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर एहसानुद्दीन के बड़े भाई मैनुद्दीन और भतीजी मरियम बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपी ने उनके उपर भी जानलेवा हमला कर दिया। आरोपित हिरासत में ले लिया गया है।

गाजीपुर में गैंगस्टर रेयाज अहमद की 24 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क




लखनऊ (एसएनबी)। गाजीपुर पुलिस ने 27 सितंबर 2025 को बड़ी कार्रवाई की। आईएस-191 गैग के पूर्व सरगना व दिवंगत मुख्तार अंसारी के खास सहयोगी रेयाज अहमद अंसारी की 24 करोड़ रुपये की बेनामी सम्पत्तियों को कुर्क किया गया है। यह कार्रवाई गैगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई, जो इंस्पेक्टर कासिमाबाद ने 12 सितंबर को भेजी रिपोर्ट और पुलिस अधीक्षक ईराज राजा की संस्तुति के आधार पर पारित हुआ। रेयाज अहमद अंसारी पर हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, जालसाजी, गैंगेस्टर एक्ट सहित 11 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। वहीं उसका सहयोगी परवेज जमाल फरार चल रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि रेयाज अहमद अंसारी ने संगठित अपराध और अवैध गतिविधियों से अर्जित धन से अनेक संपत्तियां अपने सहयोगी परवेज जमाल की पत्नी यासमीन जमाल और उसके पिता ऐनुलहक के नाम पर खरीदी थीं।

कुर्क की गई प्रमुख संपत्तियां : मौजा सिउरा, तहसील कासिमाबाद, गाजीपुर 3.90 करोड़, मौजा अब्दुलपुर, तहसील कासिमाबाद, गाजीपुर 11.66 करोड़ मौजा अब्दुलपुर, गाटा संख्या 193/4, 3.15 करोड़, मौजा अब्दुलपुर, गाटा संख्या 215, 1.90 करोड़, मौजा सरायलखन्सी, मऊ, 1.64 करोड़, मौजा जहागिराबाद, मऊ जनपद 1.64 करोड़।

वेटरनरी वैक्सीन इण्डिया मैन्युफैक्चर्स एसो. का गठन

लखनऊ। वेटरनरी वैक्सिन निर्माताओं ने मिलकर वेटरनरी वैक्सीन इण्डिया मैन्युफेक्चर्स एसोसिएशन के गठन की घोषणा की है। इस एसोसिएशन का अध्यक्ष राजीव गांधी और वाइस प्रेसीडेंट डा. के आनन्द कुमार को बनाया गया है। यह संगठन वेटरिनरी वैक्सीन में इनोवेशन, क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग और ग्लोबल कम्पटेटिवनेस के लिए एक सक्षम इकोसिस्टम बनाने के लिये नीति निर्माताओं, नियामकों और हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करेगा। इसका उद्देश्य भारत को एनीमल वैक्सीन के रिसर्च, डेवलपमेन्ट और मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। वन हेल्थ कॉन्सेप्ट को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध, वीवीआईएमए इफेक्टिव इम्युनाइजेशन स्ट्रेटेजिस के माध्यम से एनीमल हेल्थ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे पशुओं में बीमारी के जोखिम, पशुओं और मनुष्यों के बीच रोग संचरण के जोखिम को कम किया जा सकेगा और ग्रामीण भारत में पशुपालन से जुड़े लोगों की आय में सुधार होगा।

सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी अनुचित : प्रमोद तिवारी



■ लद्दाख में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह के झूठे वायदों से ही वहां अविश्वास का माहौल बना

लखनऊ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि लद्दाख में जलवायु कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी अनुचित है। लद्दाख संवेदनशील राज्य है और गलवान घाटी के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अभी भी चीन के साथ भारतीय सैन्य अधिकारियों द्वारा इस सीमावर्ती क्षेत्र में कुछ चौकियों पर गश्त को लेकर वार्ता चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह अच्छी तरह समझना होगा कि लद्दाख में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के झूठे वायदों से ही वहां अविश्वास का माहौल बना है। सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी समस्या का समाधान नहीं है। इस प्रकार की बेतुकी कार्रवाई से लद्दाख के लोगों में मोदी सरकार के प्रति विश्वास की कमी में और बढ़ोत्तरी होगी। वांगचुक को कठोर कानून के तहत अनावश्यक गिरफ्तार कर राजस्थान के जोधपुर में भेजा जाना भी मोदी सरकार का गैरजिम्मेदाराना चेहरा उजागर कर गया है।

चौथी ओपन-हार्ट सर्जरी कर मरीज को दिया नया जीवन

नई दिल्ली। पुणे के 52 वर्षीय व्यक्ति को चौथी ओपन-हार्ट सर्जरी सफल होने के बाद नया जीवन मिला है। अमृता हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट और एडल्ट कार्डियक सर्जरी चीफ डा. समीर भाटे के अनुसार हाई रिस्क वाले ऑपरेशन की वजह से संभव हुई। हर कदम मुश्किल था, क्योंकि पहले हो चुके कई ऑपरेशन के कारण हृदय की संरचना बहुत बदल गई थी।

भारत आज तकनीक व डिजिटल क्रांति का वैश्विक लीडर बन चुका है : सीएम



■ मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

■ कहा, हमने बीएसएनएल की सेवाओं को प्रदेश के हर ग्राम पंचायतों में जोड़ा

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। भारत न तो किसी की गीदड़ भभकी से डरेगा और न ही किसी दबाव के सामने झुकेगा। आज भारत तकनीक का पिछलग्गू नहीं, बल्कि डिजिटल क्रांति का लीडर बनकर उभरा है। सीएम योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी एचख्र 4क्र नेटवर्क का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारीगण ऑनलाइन मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4 जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सीएम योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध है, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची है। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4 जी नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5जीऔर 6 जी की भी तैयारी है।

भारत किसी के दबाव में नहीं झुकेगा नहीं : सीएम योगी ने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद है। उन्होंने कहा कि आज भारत की सेना विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है। यहां का आकाश, ब्रह्मोस मिसाइल, ड्रोन, रोबोटिक्स में हासिल की गई उपलब्धियां विकसित भारत की पहचान बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मैत्री भाव से विश्व के साथ चलेगा, लेकिन किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह संदेश हर मंच से दिया गया है। सीएम ने बीते दौर की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पेंशन के लिए लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसमें आधा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। अब डीबीटी के जरिए 1 करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगों को सालाना 12,000 रुपये की पेंशन सीधे खाते में मिलती है। 60 लाख से अधिक अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी छात्रों को 6,000 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप डिजिटल रूप से दी जा रही है। यूपीआई के जरिए भारत ने सबसे अधिक डिजिटल पेमेंट का रिकॉर्ड बनाया है, जो भ्रष्टाचार पर लगाम और डिजिटल क्रांति का प्रमाण है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले नेटवर्किंग में माफिया हावी थे। 2017 के बाद ऐसे माफियाओं की कमर तोड़ी गई और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की गई। बीएसएनएल का 4 जी नेटवर्क ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई तकनीक और गति देगा। उन्होंने आत्मनिर्भरता को हर क्षेत्र में जरूरी बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों और नगर निकायों की आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत की नींव होगी। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, बृजलाल, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

सीएम योगी समेत कई नेताओं ने अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने शनिवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि धर्म, राष्ट्र और संस्कृति के सेवक, श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका जीवन सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्ररक्षा के संकल्प का अनुपम प्रतीक है। हम सभी आपके तप, त्याग और तेजस्विता को नमन करते हैं।''

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि अशोक सिंघल ने अपना संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा और भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए समर्पित कर दिया। उनके नेतृत्व ने समाज को एक नई चेतना दी, करोड़ों लोगों में आत्मविश्वास जगाया और राष्ट्र को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा दी।'' उन्होंने कहा कि स्व. सिंघल ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन को केवल एक संघर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता का महायज्ञ बना दिया। उनकी वाणी में एक अटूट संकल्प था, कर्म में त्याग और दृष्टि में राष्ट्रहित सर्वोपरि था। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि धर्म और समाज के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले, प्रखर राष्ट्रवादी और श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के नायक अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं।

यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा, ''श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा, एक निर्भीक योद्धा, हिंदू हृदय सम्राट एवं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष परम श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन है।

औद्यानिक तकनीक का अध्ययन करने नीदरलैंड में उद्यान मंत्री



लखनऊ (एसएनबी)। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेश की औद्यानिक खेती में अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से नीदरलैंड का दौरा किया। उन्होंने वहाँ की विश्वप्रसिद्ध फार्मिंग तकनीकों, बीज प्रबंधन, उत्पादन विधियों और ग्लास हाउस खेती का गहन अध्ययन किया।

उन्होंने बताया कि नीदरलैंड के उन्नत बीजों और आधुनिक तकनीकों की सहायता से केवल आधा किलो मिट्टी में 16 से 18 फीट ऊंचे मिर्च के पौधे तैयार किये जा रहे हैं। इन बीजों को सूरीनाम से आयात कर राजकीय फार्मों पर पौध तैयार की जा सकती है, जिससे किसानों को सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता की पौध उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने नीदरलैंड के प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन ग्लास हाउस का अवलोकन किया, जहां अत्याधुनिक तकनीकों की मदद से हरी व लाल मिर्च, खीरा, टमाटर और फूलों की खेती की जा रही है। इन ग्लास हाउसों में क्लाइमेट कंट्रोल, ड्रिप इरिगेशन, सेंसर तकनीक, कीट प्रबंधन और परागण प्रणाली जैसे उन्नत उपाय अपनाए जा रहे हैं। ऐसे ग्लास हाउस में एक पौधे से करीब 24 किलो तक उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है जो पारंपरिक खेती की तुलना में कई गुना अधिक है। उद्यान मंत्री ने वहां की फूलों की नर्सरियों का भी भ्रमण किया।

भाजपा सरकार की संवेदनहीनता ने हालात को भयावह बना दिया : अखिलेश यादव



लखनऊ (एसएनबी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है और भाजपा सरकार की संवेदनहीनता ने हालात को भयावह बना दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश भर में किसान खाद के लिए लाइनें लगाने को मजबूर है, सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध नहीं है। पिछले वर्ष किसानों को गेहूं और धान की फसल के लिए पर्याप्त खाद नहीं मिली थी और अब आलू, चना, मटर और सरसों की बुवाई के समय भी खाद का अभाव है। उन्होंने कहा कि खाद के लिए लाइन में लगे दो किसानों की तबीयत बिगड़ चुकी है और आगरा के अकोला में एक किसान की मौत तक हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में खाद की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। डबल इंजन की सरकार खाद, बीज और बिजली तक उपलब्ध कराने में विफल है। किसानों को राहत देने के बजाय भाजपा केवल जुमले और झूठे वादों से उनका भरोसा तोड़ रही है।सपा अध्यक्ष ने कहा कि नौ साल से भाजपा ने किसानों को सिर्फ धोखा दिया है। आज हाल यह है कि एक तरफ किसान खाद-बिजली के संकट से पीड़ित है और दूसरी ओर जंगली जानवरों के हमलों से उनकी जान जा रही है। बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत सहित कई जिलों में किसान और गरीब परिवार दहशत में जी रहे हैं। बच्चे तक जंगली जानवरों का शिकार बन रहे हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

अखिलेश यादव ने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार की अकर्मण्यता से जनता में जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में रहेगी, किसानों को खाद-बीज नहीं मिलेगा और गरीबों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। भाजपा को सत्ता से हटाना ही अब किसानों और गरीबों की जिंदगी बचाने का एकमात्र रास्ता है।

संडे
गोरखपुर
28 सितम्बर • 2025

राष्ट्रीय सहारा

14 पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित



चुनौतियां अलग नहीं हैं समृद्धि पेज-14

एशिया कप : भारत पाकिस्तान के बीच फाइनल आज पेज-12

ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी



बरेली का बवाल



मौलाना भूल गया कि उत्तर प्रदेश में किसकी सरकार है : योगी

■ प्रदेशभर में 18 गिरफ्तार, 39 हिरासत में लिये गये ■ माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस रख रही कड़ी नजर

■ बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट व एसएमएस सेवा बंद ■ कानून-व्यवस्था में खलल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

■ उपद्रवियों के लिए बुलडोजर बनाया है ■ माफिया राज को उखाड़कर प्रदेश को विकास की राह पर लाया : सीएम

लखनऊ एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले बरेली में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प को लेकर कड़ा रुख अख्तार करते हुए शनिवार को कहा कि दंगाइयों को ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।

बरेली मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सख्त संदेश दिया है कि कानून-व्यवस्था में खलल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में बिना किसी का नाम लिए कहा कि कल आपने बरेली के अंदर देखा होगा... वो मौलाना भूल गया कि शासन किसका है, उसने सोचा कि धमकी देंगे और जाम कर देंगे, मैंने कहा जाम नहीं होगा, कर्फ्यू नहीं लगेगा... सबक तुम्हें ऐसा सिखा देंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी। जो लोग नाम विशेष का जिक्र करके अव्यवस्था, आगजनी और तोड़फोड़ का सहारा ले रहे हैं। उन्हें मालूम है कि यह शारदीय नवरात्रि है। 'चण्ड-मुण्ड' बनकर कार्य करोगे तो मां भगवती कभी बर्दाश्त करने वाली नहीं हैं।योगी की यह चेतावनी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलवी तौकीर रजा खान की तरफ प्रतीत हो रही है, जिन्होंने शुरुआत में आई लव मोहम्मद" अभियान के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस विवाद का संबंध नौ सितंबर को कानपुर में दर्ज की गई प्राथमिकी से है। कानपुर पुलिस ने चार सितंबर को बारावफात के जुलूस के दौरान कानपुर की सड़क पर कथित तौर पर 'आई लव मोहम्मद' लिखा बोर्ड लगाने के आरोप में नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

उन्होंने कहा कि जब सत्ता बेईमान और भ्रष्ट लोगों के हाथ में आती है, तो वह समाज को जाति और परिवार के नाम पर गुमराह करती है। ऐसे लोगों के लिए हमने बुलडोजर बनाया है। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने माफिया राज को जड़ से उखाड़कर प्रदेश को विकास की राह पर ला खड़ा किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से आठ साल पहले उत्तर प्रदेश में 'वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर' की कल्पना करना भी असंभव था। पर्व और त्योहार आते थे तो उत्पात शुरू हो जाते थे। अब उत्पाती और उपद्रवी को सात पीढ़ियां याद आएंगी।"

■ 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2024' कार्यक्रम में सीएम ने दंगाइयों को दिया सख्त संदेश

अब न होगी नाकाबंदी न ही लगेगा कर्फ्यू

मुख्यमंत्री ने जनसभा के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि व्यवस्था को ठप करने का यह कैसा तरीका है? 2017 से पहले यूपी में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।

'पूर्ववर्ती सरकारें परिवारवाद और भ्रष्टाचार में मशगूल थीं। "चाचा-भतीजा" वसूली के धंधे में लिप्त थे और हर जिले में एक माफिया को समानांतर सत्ता संचालित करने की छूट दी गई थी। सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग माफियाओं के सामने नतमस्तक थे'

बाराबंकी और मऊ में भी तनाव, भारी सुरक्षा बल तैनात

बरेली/बाराबंकी/मऊ/वाराणसी (एसएनबी)। बरेली में 'आई लव मोहम्मद' अभियान को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद बाराबंकी और मऊ जिलों में भी तनाव बढ़ गया है, ऐसे में पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए भारी सुरक्षाबल तैनात किया है। बरेली और वाराणसी में माहौल बिगाड़ने के आरोप में आठ-आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को दावा किया कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

राज्य की राजधानी लखनऊ से सटे बाराबंकी जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के फैजुल्लागंज गांव में शुक्रवार रात 'आई लव मोहम्मद' लिखा बैनर तोड़े जाने पर तनाव फैल गया। घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एक पक्ष ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात एक स्थानीय चौकीदार धन्नी ने डंडे से रस्सी तोड़कर बैनर नीचे गिरा दिया। इसके बाद एक समुदाय के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और नाराजगी जताई। दूसरे पक्ष के लोग भी जुटने लगे, जिससे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी दौरान धन्नी के घर पर कुछ युवकों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने की भी बात सामने आई। मऊ जिले में मुहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र के नयी बाजार इलाके में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद कुछ लोगों ने 'आई लव मोहम्मद' अभियान के तहत जुलूस निकाला। इस पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें खदेड़ते हुए हल्का बल प्रयोग किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार



बरेली (एसएनबी)। इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान और अन्य सात शरारती तत्वों को शुक्रवार को नमाज़ के बाद हुई हिसक झड़पों की कथित साजिश रचने के आरोप में शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को बरेली के जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश सिह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि बरेली में बवाल के मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा समेत आठ उपद्रवियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। (विवरण- पेज 11 पर)

संक्षिप्त खबरें

ईरान ने फ्रांस, जर्मनी व ब्रिटेन से राजदूत बुलाए

दुबई। ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के फिर से लागू होने से पहले शनिवार को फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। तीनों देशों ने ईरान पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग नहीं करने और अमेरिका के साथ सीधी बातचीत नहीं करने के कारण हटाए गए प्रतिबंधों को फिर से लागू करने पर जोर दिया है। ईरान की समाचार एजेंसी 'इरना' ने यह जानकारी दी। इस प्रतिबंधात्मक उपाय के तहत विदेशों में ईरानी संपत्तियां जब्त की जाएंगी, तेहरान के साथ हथियारों के सौदे रोक दिए जाएंगे तथा ईरान के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम जारी रहने पर उसे दंडित किया जाएगा।

सीमा में घुस आए पाक नागरिक को वापस भेजा

जम्मू। बीएसएफ ने हाल में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़े गए एक पाकिस्तानी नागरिक को वापस भेज दिया। अधिकारियों ने बताया, पाकिस्तान निवासी मो. अकरम को 25 सितम्बर को जम्मू शहर के बाहरी इलाके में आरएस पुरा सेक्टर से हिरासत में लिया गया था। अकरम अनजाने में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। उन्होंने कहा, गिरफ्तारी के समय घुसपैठिये के पास से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई तथा बाद में उससे पूछताछ से पुष्टि हुई कि उसने गलती से सीमा पार कर ली थी। बीएसएफ ने अपने पाकिस्तानी समकक्षों से संपर्क स्थापित किया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शुक्रवार देर रात आर एस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक फ्लैग मीटिंग में अकरम को चेनाब रेंजर्स को सौप दिया।

एनआईए ने हिजबुल पर कसा शिकंजा

नई दिल्ली। एनआईए ने शुक्रवार को हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी की अचल संपत्ति कुर्क की, जो कश्मीर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबंधित संगठन के सक्रिय आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति में शामिल था। एनआईए की विशेष अदालत, जम्मू के आदेश पर, एजेंसी ने तारिक अहमद मीर की अचल संपत्ति कुर्क की है।मीर पर आरोप पत्र दायर किया गया है और उसे अप्रैल 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कुर्क की गई संपत्तियों में शोपियां जिले के मालदेरा गांव में शमीलात के रूप में दर्ज सर्वेक्षण संख्या 82 मिन के तहत 780 वर्ग फुट भूमि पर निर्मित एक मंजिला आवासीय इमारत और शोपियां जिले के मालदेरा गांव में सर्वेक्षण संख्या 74 मिन के तहत अबी-सौम के रूप में वर्गीकृत 08 मरला भूमि का एक टुकड़ा शामिल है, जो एक बाग के रूप में है।

राहुल 10 दिवसीय विदेश दौरे पर



नई दिल्ली (एसएनबी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के चार देशों की यात्रा पर रवाना हुए है, जहां उनका प्रमुख नेताओं, छात्रों और व्यापारियों से मुलकात एवं संवाद का कार्यक्रम है। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी 10 दिनों की विदेश यात्रा पर गए है और इस दौरान वह ब्राजील, कोलंबिया, पेरू एवं चिली का दौरा करेंगे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक पोस्ट में कहा, "लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका की यात्रा पर रवाना हुए हैं। उनका चार देशों के नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलने का कार्यक्रम है।" कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी ब्राजील, कोलंबिया और अन्य जगहों का दौरा करेंगे, जहां उनके विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत करने की उम्मीद है। पार्टी ने कहा कि वह कई देशों के राष्ट्रपतियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें करेंगे और लोकतांत्रिक एवं रणनीतिक संबंधों को मजबूत करेंगे। अमेरिकी शुल्क के मद्देनजर भारतीय व्यापार और साझेदारी में विविधता लाने के प्रयासों के तहत, राहुल गांधी व्यापार जगत के प्रमुख लोगों के साथ मिलकर अवसरों की तलाश करेंगे।

बरेली बवाल मामले की एसआईटी जांच के आदेश

बरेली में हुई हिंसा की असल वजह जानने के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। एसपी सिटी की अगुवाई में यह जांच टीम बनाई गई है। इसमें कुल आठ सदस्य है। टीम घटनास्थल, सीसी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की बारीकी से छानबीन करेगी। इसके बाद 10 दिन के भीतर इसकी रिपोर्ट आला अफसरों को देगी।

गाजा में इस्राइली हमलों में 32 लोगों की मौत



दीर अल-बलाह (एपी)। गाजा में बीती रात हुए इस्राइली हमलों में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्राइल पर संघर्ष विराम का दबाव बढ रहा है, हालांकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध जारी रखने पर अड़े हुए है।

अल-अवदा अस्पताल में एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मध्य और उत्तरी गाजा में मकानों पर हुए हमलों में लोगों की जान चली गई, जिनमें नुसरत शरणार्थी शिविर में रहने वाले एक परिवार के नौ सदस्य शामिल है। इससे कुछ घंटे पहले नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए कहा था कि इस्राइल को गाजा में हमास का का खात्मा करना है। इस्राइल के अलग-थलग पड़ने के कारण उसपर युद्ध को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ रहा है। फिलिस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने का फैसला करने वाले देशों की संख्या लगातार बढती जा रही है। हालांकि, इस्राइल ने इस मान्यता को खारिज कर दिया है। विभिन्न देश अमेरिकी राष्ट्रपति से अनुरोध कर रहे है कि वह इस्राइल पर संघर्ष विराम का दबाव डालें।

शुक्रवार को ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि उन्हें लगता है कि अमेरिका गाजा में संघर्ष विराम करवाने के करीब पहुंच गया है, जिसके तहत बंधकों की वापसी होगी और युद्ध खत्म होगा। ट्रंप और नेतन्याहू सोमवार को मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा था कि गाजा को लेकर पश्चिम एशिया के देशों के साथ सकारात्मक और गहन बातचीत जारी है।

■ नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र सभा में कहा था गाजा से हमास का खात्मा करना है

कांग्रेस ने लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा : मोदी

झारसुगुड़ा (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के लोगों को लूटा और निम्न आय वर्ग के लोगों पर भी कर लगाया। ओडिशा के झारसुगुड़ा में 'नमो युवा समावेश' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों को कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा की जा रही कथित लूट के प्रति आगाह किया। कार्यक्रम में मोदी ने कहा, "कांग्रेस ने लोगों को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा और दो लाख रुपए सालाना आय वालों पर भी कर लगा दिया। भाजपा सरकार ने इस सीमा को बढाकर 12 लाख रुपए से ज्यादा कर दिया...कांग्रेस और उसके सहयोगियों से सावधान रहें, क्योंकि वे लोगों को लूटते है।"



ओडिशा में 'नमो युवा महोत्सव' कार्यक्रम में पीएम का स्वागत करती जनता।

21.8 करोड़ से ज्यादा का गांजा, सोना और विदेशी मुद्रा जब्त

मुंबई (भाषा)। मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार दिनों में 21.8 करोड़ से अधिक मूल्य का 'हाइड्रोपोनिक' गांजा, विदेशी मुद्रा और सोना जब्त किया है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क विभाग ने 21 से 24 सितंबर के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यह जब्ती की। एक अधिकारी ने बताया कि कोलंबो से आए एक यात्री को एक ट्रॉली बैग में छिपाए गए 2.624 किलो 'हाइड्रोपोनिक' गांजे के साथ पकड़ा गया जिसकी कीमत लगभग 2.62 करोड़ है। वहीं, बैंकॉक से आए एक यात्री को 18.40 करोड़ के 18.4 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। हाइड्रोपोनिक गांजा उस गांजे को कहते है जिसे मिट्टी की बजाय पोषक घोल वाले जल में, हाइड्रोपोनिक तकनीक से उगाया गया हो।

■ मुंबई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने की कार्रवाई

बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के गठजोड़ मामले में CBI के छापे

नई दिल्ली (एसएनबी)। सीबीआई ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी और ठगी के लिए बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के खिलाफ छह मामले दर्ज करने के बाद शनिवार को कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में 12 स्थानों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया, एजेंसी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में मकान खरीदारों को धोखा देने के लिए बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की सांठगांठ की जांच कर रही है। उन्होंने बताया, बिल्डर और डेवलपर द्वारा धोखा दिए जाने तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से व्यथित होकर घर खरीदारों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, गृह ऋण की 'सब्सिडी योजना' शुरू करके घर खरीदारों को धोखा देने में बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के बीच सांठगांठ को देखते हुए अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सात प्रारंभिक जांच दर्ज की थीं।

■ बेंगलुरू-मुंबई में एजेंसी ने 12 स्थानों पर की कार्रवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट में 24 नवनियुक्त जजों ने पद की शपथ ली

प्रयागराज (एसएनबी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में शनिवार को 24 नव नियुक्त न्यायमूर्तियों ने पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने शपथ दिलाई। इसके साथ इस उच्च न्यायालय में न्यायमूर्तियों की संख्या 110 हो गई है। हालांकि 50 पद अब भी रिक्त हैं। यहां मुख्य न्यायमूर्ति को मिला कर न्यायमूर्ति के कुल 160 पद स्वीकृत हैं। मल्टी लेवल पार्किंग एवं एडवोकेट चौंबर्स बिल्डिंग के छठवें तल पर स्थित हाल में दोपहर एक बजे शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। (विवरण- पेज 13 पर)

वांगचुक के पाकिस्तानी कनेक्शन की होगी जांच

लेह (भाषा)। लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के विरोध-प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजने वाले एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की पिछले माह हुई गिरफ्तारी के संदर्भ में पुलिस वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच कर रही है। जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया। इस हिसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। वांगचुक को शुक्रवार को रासुका के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर की एक जेल में भेज दिया गया।



■ लद्दाख के डीजीपी ने वांगचुक को हिंसा का जिम्मेदार बताया

जामवाल ने बताया, जांच में क्या पाया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। प्रक्रिया जारी है। अगर आप उनका यूट्यूब पर उपलब्ध प्रोफाइल और इतिहास देखें, तो उनके भाषण लोगों को उकसाने वाले प्रतीत होते है, क्योंकि उन्होंने अरब क्रांति और नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका में हाल की अशांति का जिक्र किया था। वांगचुक का अपना एक एजेंडा था। उनके खिलाफ विदेशी चंदा और एफसीआरए उल्लंघन की जांच जारी है। एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हमारी हिरासत में है, जो वांगचुक के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था।

पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को संदिग्ध बताते हुए कहा, उन्होंने पाकिस्तान में 'द डॉन' के एक कार्यक्रम में भाग लिया और बांग्लादेश भी गए। वांगचुक, लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर 'लेह एपेक्स बॉडी' और 'करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस' द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का मुख्य चेहरा रहे है।

जामवाल ने कहा, वांगचुक ने आंदोलन के मंच को अपने नियंत्रण में लेने और केंद्र सरकार व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच जारी संवाद को कमजोर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने लद्दाख के नेताओं को छह अक्टूबर को बातचीत के एक नए दौर के लिए आमंत्रित किया है। जामवाल ने बताया, वांगचुक जानते थे कि दोनों पक्षों के बीच 25 सितम्बर को एक अनौपचारिक बैठक होने वाली है, इसके बावजूद उन्होंने अपना अनशन जारी रखा। जामवाल ने आरोप लगाया, अनौपचारिक बैठक से ठीक एक दिन पहले, भड़काऊ वीडियो और बयानों के जरिए शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की गई। इसी के चलते बुधवार को हिसा हुई, जिसमें कई जानें गईं।

उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता द्वारा बुधवार की हिसा में विदेशी साजिश के बारे में दिए गए बयान पर जामवाल ने कहा कि गोली लगने से घायल तीन नेपाली नागरिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पान मसाले वाली लार से पन्ना पलटा तो फाइल होगी रिजेक्ट

लखनऊ (एसएनबी)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने फाइलों और याचिकाओं के पन्ने पलटने में 'लार' के इस्तेमाल पर गंभीर चिता व्यक्त की है। पीठ ने कहा कि अगर कोई पान या पान मसाला खाने वाला व्यक्ति लार (थूक) का इस्तेमाल करता है तो पन्नों पर लाल धब्बे पड़ जाते है और संक्रमण का भी खतरा हो सकता है। पीठ ने इसकी गंभीरता को देखते हुए अपनी रजिस्ट्री और उच्च न्यायालय के सरकारी कार्यालयों को निर्देश दिया कि अगर पेपर बुक का कोई पन्ना लार के इस्तेमाल के कारण लाल पाया जाता है, तो वे कोई भी फाइल स्वीकार न करें।

न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिह की पीठ ने 22 सितंबर को कृष्णावती और एक अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। जैसे ही अदालत ने फाइल अपने हाथ में ली, उसने देखा कि अदालत में पेश करने से पहले पेपर बुक के पन्नों को पलटने के लिए लाल रंग की लार का इस्तेमाल किया गया था।

पीठ का कहना था कि कहा कि ऐसा तब हुआ होगा जब पेपर बुक वकील, क्लर्क, शपथ आयुक्त या रजिस्ट्री के अधिकारियों द्वारा तैयार की जा रही थी। यह सरकारी वकील या मुख्य स्थायी परिषद के कार्यालय में भी हो सकता है।

पीठ ने कहा कि उसने ऐसी चीजें हर दूसरे दिन देखी है और इसलिए उसे प्रतिबंध का आदेश देने के लिए बाध्य होना पड़ा। पीठ ने कहा, "यह बेहद अस्वास्थ्यकर स्थिति है जो न केवल घृणित और निदनीय है, बल्कि बुनियादी नागरिक भावना की कमी को भी दर्शाती है।" उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर इस तरह की गंदी प्रथा पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इससे उन लोगों को संक्रमण हो सकता है जो ऐसे कागज़ों के संपर्क में आएंगे। पीठ ने कहा कि इसलिए इस प्रथा को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने सरकारी अधिवक्ता और मुख्य स्थायी अधिवक्ता के कार्यालय को भी निर्देश दिया कि वे अपने कार्यालयों में भी उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। उन्हें आदेश के अनुपालन के लिए अपने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का भी निर्देश दिया।



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जताई गंभीर चिंता, कहा- इंफेक्शन का खतरा

ताला तोड़कर नगदी एवं जेवरात चोरी

बभनान(एसएनबी)। पैकोलिया थाना क्षेत्र के खरथुआ गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर दस हजार नगदी और सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गये। शनिवार को प्रातः जानकारी होने पर गृहस्वामी ने घटना की सूचना डायल 112 पर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार पैकोलिया थाना क्षेत्र के खरथुआ गांव निवासी सोनमती पत्नी माता प्रसाद ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र के संसारीपुर पैकोलिया मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक केशवपुर के सामने उनके घर बीती रात रोज के तरीके से परिवार के लोग खाना खा कर सो रहे थे। सुबह जगे तो कमरे का ताला टूटा था। अंदर देखा तो कमरे में रखा बक्से व आलमारी का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखा चार जोड़ी पायल,एक सोने का मंगल सूत्र,कान का झाला, चांदी की कड़ी,दस हजार नगदी सहित अन्य सामान गायब थे। चोरी की सूचना पर पहुँची पुलिस जांच में जुट गई।

चौपाल लगा कर ड्रोन के बिषय में किया जागरूक

छावनी(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम किनौना में जगह जगह चौपाल लगाकर लोगों को इक्कठा कर चोरी होने और ड्रोन उड़ने जैसी अफवाहों के बारे में पुलिस टीम द्वारा जागरूक किया गया। थानायक्ष जनार्दन प्रसाद ने उच्चधिकारियो द्वारा जारी आदेशों निर्देशों से लोगों को अवगत कराकर जागरूक किया गया। सभी को बताया गया कि किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दे। किसी भी विषम परिस्थिति में पुलिस की मदद लेने को बताया गया। सतर्क रहने और सच्ची घटना की सूचना देने और भय मुक्त माहौल रखने के लिए अपील किया गया।

सीओ ने छात्राओं को दिये आत्मरक्षा के टिप्स

बभनान(एसएनबी)। महिला शक्ति केन्द्र थाना पैकोलिया द्वारा डी आर सी राष्ट्रीय सैनिक स्कूल भीटीमिश्र के प्रांगण मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी हरैया संजय कुमार सिंह ने सरकार द्वारा महिलाओं के



लिये संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुये सोहदों से सुरक्षा के दृष्टिगत छात्राओं को अपने पर्स में मिर्ची पाउडर रखने का सुझाव दिया। साथ ही हेल्पलाइन नंबरो को भी बताया। पैकोलिया के थानाध्यक्ष सुभाष मौर्य ने सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलया। महिला सिपाही अनुष्का यादव द्वारा महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ दीनानाथ पटेल ने किया। विद्यालय की छात्रा अंशिका पाण्डेय,नेहा तिवारी, काजल वर्मा,द्वारा मां सरस्वती बंदना व नारी सुरक्षा पर गीत प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर चौकी प्रभारी हसीनाबाद सत्येन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य महन्थराम वर्मा,तिलकराम चौधरी,परमानन्द द्विबेदी सहित बडी संख्या मे स्कूली छात्र- छात्रायें एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

ब्लॉक प्रमुख ने किया विद्यालय के नवर्निमत कक्ष का लोकार्पण

विक्रमजोत (एसएनबी)।अवध ग्रामीण लघु माध्यमिक विद्यालय सौरी में नवर्निमत कक्ष का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख के के सिंह ने वैदिक मत्रोंच्चार के बीच फीता काट कर किया।कार्यक्रम के आयोजक विद्यालय के प्रबंधक महेश प्रताप चतुर्वेदी रहे। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि विद्यालय खोलना एक पुनीत कार्य है। विद्यायल शिक्षा रूपी मंदिर है जिसमें बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार मिलता है और बच्चे देश की भविष्य है। प्रमुख ने कहा कि इस में हमारे लायक



जो भी जरूरत होगी मैं उसके लिए हमेशा तैयार हूँ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अंखड प्रताप चतुर्वेदी शिक्षक गण विद्यालय के छात्र क्षात्राओं के अलावा प्रधान प्रतिनिधि सूरज सिंह, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, लल्लू पाण्डेय, बैताली तिवारी, विजय बहादुर निषाद, श्री राम निषाद,राम लौट यादव, भगवती प्रसाद, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

छात्राओं को कराया गया थाने का भ्रमण

हरैया(एसएनबी)। प्राथमिक विद्यालय चमरहिया की छात्राओं को प्रधानाध्यापिका तथा मिशन शक्ति हरैया खंड की नोडल अधिकारी भारती शुक्ला तथा सहायक अध्यापक सविता वर्मा ने हरैया थाने का भ्रमण कराया। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य बेटियों महिलाओं तथा मातृशक्ति को समर्थ, सम्मानित और सुरक्षित बनाना है। महिलाओं को सभी प्रकार के अत्याचार से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे उपाय



तथा सहायता से परिचित कराने के लिए छात्राओं का भ्रमण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती के निर्देश पर छात्राओं को कानूनी जानकारी प्रदान करने के लिए थाना का भ्रमण कराया गया है। इस अवसर महिला पुलिस कर्मी दीप्ति सिंह ने छात्राओं को महिला थाना, पिंक बूथ, महिला हेल्प डेस्क, के विषय में जानकारी प्रदान किया। दीप्ति सिंह ने बताया कि थाना हरैया में महिलाओं को अपनी बात और समस्या को निर्भय होकर कहने का अवसर दिया जाता है । हमारे थाने की महिला पुलिसकर्मी द्वारा संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाता है। छात्रा प्रिया गुप्ता ने मिशन शक्ति पंचम चरण के उद्देश्य के बारे में प्रश्न पूछा। सोनाक्षी ने पूछा कि यदि हमें रास्ता में कोई परेशान करता है तो हमें क्या करना चाहिए। इस अवसर पर मधु, पायल, नीता, सोनाक्षी, रिया गुप्ता, सविता वर्मा, मीरा चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

राम विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

छावनी(एसएनबी)।क्षेत्र के रामगढ़ गांव में चल रही आठ दिवसीय रामकथा में पांचवे दिन अयोध्या धाम से पाधारे कथा वाचक आचार्य धर्म प्रकाश जी महाराज ने राम विवाह का प्रसंग सुनाया।उन्होंने बताया कि जनकपुर में सीता स्वयंवर के दौरान राम ने शिव जी के धनुष को तोड़कर विवाह किया।कथावाचक ने राम विवाह का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा वाचक ने राम के चरित्र सुंदर पावन बताते हुए कहा कि जनकपुर में सीता स्वयंवर का आयोजन हुआ, जिसमें देश विदेश के बड़े बड़े राजा पहुंचे। जहां शिव जी के धनुष को उठाने वाले के साथ माता सीता का स्वयंवर होना था, लेकिन कोई भी धनुष को हिला तक न सका। जिसके बाद गुरु विश्वामित्र से आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष को उठाकर उसे भंगकर दिया। उसके बाद श्री राम और सीता का विवाह हुआ और देवताओं ने आसमान से पुष्प वर्षा की। धनुष टूटने की आवाज सुनकर परशुराम आ गए, जहां उनके क्रोध से सभी राजा डर गए, तब परशुराम और लक्ष्मण का संवाद हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रताप बहादुर सिंह व दीपक सिंह के साथ प्रिंस सिंह,वीर बहादुर सिंह ,प्रदीप पाण्डेय, बिक्रमजोत प्रमुख के के सिंह ,अजय सिंह प्रधान ,आनन्द सिंह,आकाश,राहुल श्रीवास्तव ,सर्वेश जायसवाल ,राजीव सिंह ,हर्ष सिंह , सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाये ,पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

एक दिन की सीडीपीओ बनी संध्या और सिया

छावनी(एसएनबी)। सशक्त महिला सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत शनिवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय विक्रमजोत पर दो बालिकाओं को एक दिन के लिए सीडीपीओ के पद पर नियुक्त कर उनके अंदर अधिकारी बनने का आत्मविश्वास पैदा किया गया। बलिकाओं के अंदर आईएएस, पीसीएस बनने की ललक पैदा हुई।सीडीपीओ के रूप में कुमारी सध्या और एसीडीपोओ के रूप में कुमारी सिया ने पदभार ग्रहण किया। कार्यालय में मुख्य सेविका सरिता सिंह, श्रीमती कुमार सिंह वहीं पर नव चयनित अन्य मुख्य सेविका प्रेमलता, अंकित वर्मा, सीमा कनौजिया, तनु पांडे, प्रिंसी सिंह, रिंकी भारती आदि के साथ सीडीपीओ बलराम सिंह ने एक दिन की बाल विकास परियोजना



अधिकारी कुमारी संध्या को लेकर के आंगनबाड़ी केंद्र गुंडा कुंवर में चल रहे ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस का निरीक्षण किया। जहां पर दोनों बच्चियों ने अपने हाथ से दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया। टीकाकरण केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती इंद्रावती आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मीना देवी सहायिका मूर्त देवी आशा सीमा सिंह एएनएम आरती मिश्रा उपस्थित मिल। दोनों अधिकारी बच्चियों ने बताया कि यह हमारे जीवन का सबसे सुखद अवसर रहा। हम लोगों को इस कुर्सी पर बैठने का मौका मिला। उन्होंने इच्छा भी व्यक्त किया कि बड़े होकर हमको भी अधिकारी बनना है।

बीएसए ने दिया स्कूल को नोटिस

कप्तानगंज बस्ती। बीते बृहस्पतिवार को एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों को हड्डों द्वारा काटे जाने पर दो बच्चों की हुई मौत के मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती ने स्कूल प्रबंधन को दोषी मानते हुए नोटिस जारीकिया है। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की बात कही गई है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के राम कुबेर कर्मा देवी मेमोरियल स्कूल में बीते बृहस्पतिवार को स्कूल के बच्चों पर हड्डियों में हमला बोलकर बुरी तरह जख्मी कर दिया था जिसमें दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। जिसके क्रम में प्रशासनिक निर्देशों के अनुपालन में बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती ने स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी करते हुए कहा है कि इस मार्मिक घटना से यह विदित होता है कीउक्त विद्यालय परिसर में बच्चों के सुरक्षा संबंधी ऐतिहासिक उपाय नहीं किए गए हैं तथा हड्डियों के हमले में घायल बच्चों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था नहीं की गई जो की बेहद गंभीर विषय है स्कूल प्रबंधन को इसके लिए दोषी मानते हुए उन्हें नोटिस का जवाब देने को कहा गया है उन्हें यह भी हिदायत दी गई है की अन्यथा की स्थिति में उनकी मान्यता को समाप्त करते हुए उन पर वैधानिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज में बताया है कि स्कूल की क्लास 6 से 8 तक की मान्यता है इससे नीचे की मान्यता नहीं है फिर भी बच्चों को वहां कैसे पढ़ाया जा रहा था यह जांच का विषय है।कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अकारण मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज करने की कयावद

कप्तानगंज बस्ती। कप्तानगंज पुलिस बूथ के समीप चल रहे एक रेस्टोरेंट में एक युवक पर चार लोगों ने बुरी तरह हमला बोल दिया जिसमें युवक बुरी तरह जख्मी हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा सूचना पुलिस को दी गई।पुलिस ने मौके से एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है तथा मुकदमा लिखे जाने की कयावद की जा रही थी। थाना क्षेत्र के नकटी देई गांव निवासी नवनीत तिवारी पुत्र जमुना प्रसाद तिवारी कस्बे के उक्त रेस्टोरेंट पर शाम का 4 बजे नाश्ता करने गए थे कि तभी वहां एक कार नंबर न्च 51 ।ल 3307 पर सवार चार युवक आए।और पुलिस को दी गई सूचना के मुताबिक सुशांत चौधरी पुत्र शिवपूजन निवासी ग्राम बिहरा थाना हरैया प्रशांत पुत्र अज्ञात निवासी बड़े बन शिवम चौधरी पुत्र अज्ञात निवासी पुराना डाकखाना बस्ती आयुष चौधरी पुत्र अज्ञात निवासी नयपुरवा हरैया ने मामूली बात को लेकर कहा सुनी करने लगे इसी बीच बात बढ़ने पर प्रशांत पुत्र अज्ञात ने नवनीत तिवारी पर तमंचे के बट से प्रहार कर दिया तथा चाकू से भी हमला किया शेष लोगों ने लात घूंसे से मारा पीटा घटना की सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को मौके से हिरासत में ले लिया और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया मिली तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही थी। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष कप्तानगंज से बात की गई तो उन्होंने कहा कि घटना की तहरीर मिली है आवश्यक जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

नवरात्र पर अग्रवाल नेत्रालय पर हुआ कन्याओं का निःशुल्क नेत्र परीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। नवरात्र के पावन पर्व पर डा. अग्रवाल नेत्रालय बड़ी सरौली खलीलाबाद पर कन्याओं का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाएं दी गईं। यह जानकारी डा. अग्रवाल नेत्रालय के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा. अभिनव अग्रवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी के नौ रूपों की पूजा होती है तथा कन्याओं में देवी के रूप का दर्शन होता है। इसी निमित्त उनके द्वारा अग्रवाल नेत्रालय पर निःशुल्क कैंप लगाकर कन्याओं के आंखों की जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार उन्हें दवाएं



भी दी जा रही हैं। यह कैंप डा.अग्रवाल नेत्रालय एवं निधि आप्टिकल्स के सौजन्य से आयोजित किया गया है। डा.अग्रवाल ने बताया कि कैंप में प्रीति, अनन्या, दिव्यम, इधांत एवं आतिया सहित दर्जनों बच्चों के आंखों की जांच की गई है। यह कैंप आगे भी लगाया जाएगा।

गरिमा बनी एक दिन के लिए प्रधानाचार्या

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। थाना कोल्हुई क्षेत्र के किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कक्षा 10 की छात्रा गरिमा को एक दिन के लिए प्रिंसिपल बनाया गया है। इस दौरान विद्यालय एक दिन के लिए प्रिंसिपल बनी छात्रा ने पूरे जिम्मेदारी के साथ



स्कूल व्यवस्था को चलाया है। इस दौरान प्रधानाचार्य घनश्याम यादव, प्रवन्धक प्रतिनिधि विकास उपाध्याय, राजू अग्रहरि, प्रभात यादव, अमरनाथ पटेल, सिद्धार्थ गौतम समेत विद्यालय के समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

जनता इंटर कालेज की प्रधानाचार्य बनी नूरसबा

पुरन्दरपुर। स्थानीय थाना पुरन्दरपुर अंतर्गत जनता इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार पाण्डेय द्वारा 12 बी में पढ़ रही छात्रा नूरसबा



को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधानाचार्य बनाया गया उक्त कार्यक्रम मिशन शक्ति के तहत किया गया उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी कार्यभार पूरे दिन छात्रा द्वारा संभाला गया इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी अध्यापक और सहयोगी स्टप द्वारा उक्त छात्रा को फूल गुलदस्ता देकर स्वागत कर जरूरी पेपरों पर शाइन भी करवाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अरुण कुमार पाण्डेय व समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे। पीपी

सुमन बनी प्रधानाचार्य

आनंदनगर। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कलेज मथुरा नगर आनंदनगर महाराजगंज में मिशन शक्ति के तहत कक्षा 11 की छात्रा सुमन विश्वकर्मा को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह ने मिशन शक्ति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के नोडल अधिकारी प्रवक्ता अजय कुमार , प्रवक्ता दीपक सिन्हा, संदीप कुमार सिंह, सहायक



अध्यापिका श्रीमती प्रेमा पांडेय ,रागिनी सिंह रमेश कुमार मौजूद रहे।

प्रधानाध्यापक बनी राशमणी

महराजगंज। कम्पोजिट विद्यालय बरवा खुर्द , घुघली में मिशन शक्ति 5.0 के तहत कक्षा 8 की छात्रा राशमणी को विद्यालय का



प्रधानाध्यापक बनाया गया। राशमणी ने पूरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक विमलेश गुप्ता, शिक्षक विश्व बंधु पटेल, सुधीर त्रिपाठी, विमल गुप्ता, अमित कुमार, अमित गौतम, शैलेश पटेल, श्याम बदन सहानी मौजूद रहे।

अच्छाई की प्रेरणा देती है रामलीला

आनंदनगर। एम पी. पब्लिक स्कूल में शनिवार को धूमधाम से दशहरा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक संतोष पाण्डेय एवं पत्नी अंजलि पाण्डेय के साथ प्रधानचार्य रयचन एंटोनी ने दीप प्रज्वलन कर भगवान श्री राम की पूजा आराधना की । उसके पश्चात विद्यालय के छात्रों के द्वारा रामलीला का कार्यक्रम प्रस्तुत किया । इस अवसर पर प्रबंधक संतोष पांडे ने कहा कि बुराई पर



अच्छाई के जीत का संदेश देता है । कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में नारायणी जायसवाल, लक्ष्मण - अनुष्का गुप्ता, सीता अनन्या चौधरी रावण - प्रसून पाण्डेय, मेघनाथ - नीलेश, हनुमान - स्वस्तिक, परशुराम- अंशुमान, जनक - कुशल, जामवंत- प्रिंस, मारीच- इंद्रामणि, विभीषण- आदित्य एवं अन्य राजागण- आर्य प्रकाश, हनी पाण्डेय, आदित्य, अक्षत, एवं सीता की सखियों में आर्य पांडेय,स्मृति शर्मा,यशी पांडेय,शिखा मौर्य,अक्षरा श्रीवास्तव रिमिषा गुप्ता,साधना यादव,मुस्कान, निवेदिता पांडेय, शालू त्रिपाठी,नंदनी यादव विंदवासिनी यादव आदि बच्चों ने शानदार अभिनय कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम आयोजक टीम में अजय शंकर त्रिपाठी, गिरिजेश मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, निरुपमा राय, माया मणि त्रिपाठी ने कार्यक्रम का सफल आयोजन अन्य सहयोगी टीम के नेतृत्व में जिसमे दिव्यम श्रीवास्तव, प्रवीण चंद, राकेश मणि, अंकुर मणि, विक्की विलियम, आदि लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

भाईचारा के साथ मनावें त्योहार

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। कोल्हुई थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए एएसपी महराजगंज ने कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार को भाईचारा के साथ मनाएं। जिससे शांति व्यवस्था कायम रहे। इस दौरान एसओ कोल्हुई गौरव कनौजिया, एसआई जनार्दन चौधरी, एसआई राजीव सिंह, संजय सिंह, हरीश मौर्य, परमानंद तिवारी अभिलाष, आदर्श, राजू यादव समेत भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

निधन पर जताया शोक

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। कोल्हुई बाजार निवासी शिक्षक के बेटे नरेंद्र सिंह उम्र 35 वर्ष का अचानक तबीयत खराब हो गया। बताया जा रहा है कि लोग उपचार के लिए ले जा रहे थे। जहां उनका निधन हो गया है। उनके निधन से पूरे कोल्हुई बाजार में शोक की लहर दौड़ गई है। ऐसे में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, डा0 अनिल सिंह, हृदय उपाध्याय, भाई उपेंद्र सिंह, मधुर सिंह, अरुण राय, अनिल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह, जितेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रमोद सिंह, बंटी उपाध्याय, विकास उपाध्याय, प्रेम शंकर सिंह, टिल्लू सिंह, राजकिशोर सिंह, धनंजय चौबे, उत्तम कसौधन आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

शत्रुओं पर विजय व रोग का नाश करती है मां कालरात्रि

कुदरहा (एसएनबी)। नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती है। मां दुर्गा के क्रोध की वजह से माता का वर्ण श्यामल हो गया और इसी श्यामल से मां कालरात्रि का प्राकट्य हुआ। शुंभ अशुंभ और रक्तबीज का संहार करने वाले इस स्वरूप को शुभंकरी भी कहा जाता है।

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। रविवार को शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि है। नवरात्रि में सातवें दिन महासप्तमी पड़ती है। इस दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने के लिए जानी जाती हैं, इसलिए इनका नाम कालरात्रि है। साथ ही ये देवी अपने भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करती हैं। इस कारण इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। मां दुर्गा की सातवीं स्वरूप मां कालरात्रि तीन नेत्रों वाली देवी हैं। मां कालरात्रि की पूजा-आराधना से भय और रोग का नाश होता है। साथ ही भूत प्रेत, अकाल मृत्यु, रोग, शोक आदि सभी प्रकार की परेशानियां भी समाप्त हो जाती हैं। नवरात्रि का सातवां दिन मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है। यह मां दुर्गा का रौद्ध रूप भी है जिसका वर्ण काला है इसलिए इन्हें मां काली या कालिका के नाम से भी जाना जाता है। माता का यह रूप अत्यंत भयंकर है, परंतु भक्तों के लिए अत्यंत शुभ फलदायी है। माना जाता है कि मां काली की पूजा करने से व्यक्ति का सभी प्रकार का भय खत्म होता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज नाम के राक्षसों ने तीनों लोकों में आतंक मचा रखा था। इन राक्षसों के हाहाकर से परेशान होकर सभी देवतागण शिवजी के पास गए और उनसे इस समस्या से बचने का कोई उपाय मांगने लगे। तब भगवान शिव ने माता



पार्वती से इन राक्षसों का वध करने के लिए कहा। तब माता पार्वती ने दुर्गा का रूप धारण कर शुंभ-निशुंभ का वध कर दिया। लेकिन जब रक्तबीज के वध की बारी आई तो उसके शरीर से निकले रक्त से लाखों की संख्या में रक्तबीज दैत्य उत्पन्न हो गए। क्योंकि रक्तबीज को यह वरदान मिला था कि यदि उनके रक्त की बूंद धरती पर गिरती है तो उसके जैसा एक और दानव उत्पन्न हो जाएगा। ऐसे में दुर्गा ने अपने तेज से देवी कालरात्रि को उत्पन्न किया। इसके बाद मां दुर्गा ने दैत्य रक्तबीज का वध किया और मां कालरात्रि ने उसके शरीर से निकलने वाले रक्त को जमीन पर गिरने से पहले ही अपने मुख में भर लिया। इस तरह रक्तबीज का अंत हुआ। नवरात्रि में सप्तमी की रात्रि सिद्धियों की रात कही जाती है। इस दिन देवी की पूजा से रोग का नाश होता है और शत्रुओं पर विजय मिलती है। ऐसे में ग्रह बाधा और भय दूर करने वाली माता की पूजा नवरात्रि के सातवें दिन जरूर करनी चाहिए।

अफवाह फैलाने वाले 16 गये जेल

महराजगंज।एसपी के निर्देश पर दो अभियोग दर्ज कर ड्रोन/चोर की अफवाह फैलाने के मामले में 16 लोगों को जेल भेजा गया है।

पोखरे में डूबकर मासूम बालक की मौत

कोल्हुई बाजार। कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोंधी निवासी चार वर्षीय बालक की शनिवार को सायं 5 बजे पोखरे डूब गया। जिसे ग्रामीणों ने पोखरे से निकाल कर सीएचसी लक्ष्मीपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अफवाह फैलाने पर तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई, कोर्ट ने सुनाई सजा

ठूठीबारी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर बड़का टोला में चोर-चोर की अफवाह फैलाने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, अफवाह फैलाने वालों की पहचान आकाश चौधरी, अजय चौधरी और विशाल चौधरी निवासी रामनगर के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों ग्राम रामनगर बड़का टोला में चोर होने की झूठी खबर फैलाकर ग्रामीणों को भड़काया गया था। मामले की जांच में अफवाह फैलाने में तीनों युवकों की संलिप्तता पाई गई, जिसके आधार पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। मामले की सुनवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट ने कठोर रुख अपनाया और आरोपियों को तीन दिन तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निचलौल कोर्ट में मौजूद रहने की सजा सुनाई है।

भक्ति के भाव में सराबोर हुए श्रद्धालु

निचलौल। स्थानीय नगर में स्थित चंडी माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक विनोद मिश्र व मनोज पाण्डेय के साथ क्षेत्र के उभरते हुए कलाकारों ने अपने मनमोहक भजनों के साथ मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई।देर रात चले श्रद्धा भक्ति के इस अद्भुत संगम में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। आदि शक्ति चंडी माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित भजन संध्या को संकटमोचन सेवक दल के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से ऐसा रंग जमाया की लोग देर रात तक मां की महिमा की बखान करते झुमते गाते मंदिर परिसर में जमे रहें।संकट मोचन सेवादल के प्रमुख विनोद मिश्र अपने ही अंदाज में अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने भजन आज हमारे मंदिर में मईया, तेरा किर्तन है और झुलेली मईया झुलेली भजन गाकर श्रद्धालुओं को थिरकने पर विवश कर दिया। तो वहीं मनोज गुप्ता ने अपने भोजपुरी भजन आवे के पड़ी ए मईया आवे के पड़ी जब अंगना में घीव दिया जरी गाकर लोगों के दिल में उतर गएघ।इसके बाद मंच पर आये प्रसिद्ध भजन गायक मनोज पाण्डेय ने अपनी सूरों से मां का ऐसा गुणगान किया की सभी भावविभोर हो गए। इस दौरान मंदिर के मुख्य ट्रस्टी पुनीत मिश्रा व अनूप सरावगी ने आमंत्रित कलाकारों को अंगवस्त्र भेंट कर उनको सम्मानित किया। इस दौरान संकट मोचन सेवा दल के राजीव पाण्डेय, जितेन्द्र पाण्डेय,अरविंद विश्वकर्मा, संजय मद्धेशिया, मनोज यादव, रामकुमार ओझा, सौरभ अग्रवाल, विकास केडिया, दीपक जायसवाल, ड गिरिश चन्द्र त्रिपाठी, ड टीके तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

ग्रामीण और पुलिस की मदद से बुझी झोपड़ी में लगी आग

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम ओबरी में शनिवार की शाम मवेशी पालन करने वाले एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। झोपड़ी से उठता धुआँ देखकर परिजन और ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण जुट गए । गनीमत रहा कि पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। ग्राम ओबरी निवासी उमेश चौधरी के घर के सामने ही एक झोपडी डालकर मवेशी पाले जाते हैं। शनिवार को मच्छरों से बचाव के लिए अलाव जलाया गया था। जिससे निकली चिंगारी से आग लग गया। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में मदद की। आग बुझने पर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

कार व बाइक में टक्कर एक घायल

बृजमनगंज। बृजमनगंज बहादुरी मार्ग पर सायं काल के समय एक अर्टिगा कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार हरेंद्र पासवान पुत्र लक्ष्मी शंकर निवासी बेलअ्ख दलदला जनपद सिद्धार्थनगर अपने मोटरसाइकिल से कस्बा बृजमनगंज से अपने घर जा रहे थे कि सोना बंदी के करीब अर्टिगा कार चालक रामनारायण पुत्र तामेश्वर निवासी रामनगर अड्डा बाजार थाना नौतनवा जनपद महाराजगंज गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उपरोक्तहरेंद्र के बाइक में टक्कर मार दिया जिससे हरेंद्र पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घायल युवक को इलाज हेतु रवाना कर वाहन को कब्जे में लिया गया विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत पुलिस ने एक को किया जिला बदर

बृजमनगंज । बृजमनगंज पुलिस ने शनिवार को शातिर अपराधी इसहाक पुत्र बैदुल्लाह निवासी बेलसढ टोला भुवही के विरुद्ध उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत कार्रवाई करते हुए गुंडा घोषित किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अभियुक्त इसहाक उपरोक्तको गुण्डा घोषित करते हुए 6 माह के लिए जनपद से जिला बदर किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार अभियुक्त इसहाक को पकड कर कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर में आमद कराया गया है।वह कोतवाली सिद्धार्थनगर में हर 15 दिन में अपनी उपस्थिति से अवगत करायेगा।

एक शोहदे को मिशन शक्ति टीम ने किया गिरफ्तार

बृजमनगंज। बृजमनगंज में शनिवार को थाना क्षेत्र की हरनाम पुर चौराहे पर स्कूल जा रही छात्राओं को एक शोहदे के द्वारा छींटाकसी करने पर उसके विरुद्ध लिखित तहरीर दी गयी। इस क्रम में बृजमनगंज पुलिस ने मोहम्मद आरिफ निवासी ग्राम मटिहनवा टोला बड़िहारी को रास्ते में चलते हुए छात्राओं पर छिंटाकसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

चोरों के गन्ने मे छिपे होने की अफवाह पर ग्रामीणों ने किया खेत की घेराबंदी

कटहरी। थाना क्षेत्र कोठीभार के ग्राम सभा गौरा निपनिया मे गन्ने के खेत मे चोरो के छिपे होने की अफवाह पर सनसनी फैल गयी और सैकड़ो ग्रामीण ने गन्ने के खेत को घेराबंदी कर खेत को खंगाल डाला लेकिन कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला।

विद्यालय में हाउस इंचार्ज व कैप्टेन का हुआ चयन

निचलौल। सेक्रेड हार्ट स्कूल मे सभी बच्चो के अलग अलग हाउस का विभाजन कर उन्हें अनुशासन की महत्ता को समझाया गया। छात्र छात्राओं को कुल चार हाउस मे बांटा गया। चारो हाउस का नाम कुल चार विश्वविद्यालय के नाम पर तक्षशिला, नालंदा, उदन्तपुरी, व विक्रमशीला रखी गई। जिसमें नए बच्चो का विभाजन किया। नालंदा हाउस (रेड) के इंचार्ज अरुण शुक्ला, प्रजिला मनु, तक्षशिला हाउस (येलो) के इंचार्ज सुमित भट्ट, विभा यादव, विक्रम शिला (ब्लू) शशिन्द्र त्रिपाठी, अदिति अग्रहरी, व उदन्त पूरी(ग्रीन) के इंचार्ज इरफान अंसारी, दीक्षा पटेल को चुना गया। चारो ग्रुप से छात्र व छात्राओं को कैप्टेन का चुनाव किया गया। जिसमे येलो हाउस के कैप्टेन, आयुष तिवारी व दीपाली यादव, ब्लु हाउस से एमडी परवेज, विजय लक्ष्मी, ग्रीन से गोलू यादव, अंचल भारती व रेड हाउस से सलमान अंसारी व अनामिका पाण्डेय को चुना गया।

छात्राओं ने किया भ्रमण, पुलिस कार्यप्रणाली की मिली जानकारी

निचलौल ।स्थानीय थाना परिसर में शनिवार मिशन शक्ति 5 के तहत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय निचलौल की छात्राओं को भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, पुलिस की कार्यप्रणाली तथा कानून व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अखिलेश कुमार सिंह, त्रिभुवन मौर्य, रीना गुप्ता, सुनीता रानी आदि भी मौजूद रहे।

करंट से किसान की मौत

कोल्हुई बाजार(एसएनबी) । कोल्हुई बाजार के फूलपुर टोला के रहने वाले नादिर विगत कई वर्षो से सब्जी की खेती करते हैं। वे सब्जी में पानी चला रहे थे। इस दौरान करेंट मार दिया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचकर उन्हें उपचार के लिए ले जा रहे थे। बताया जा रहा है कि चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। आज परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया है।

मामूली विवाद में मारपीट, तीन पर मुकदमा

कोल्हुई बाजार। उपनगर कोल्हुई के बृजमनगंज रोड पर प्राथमिक विद्यालय के पास मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में एक लोग घायल हुए हैं। सूचना पत्र पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए भेज दिया है। इस मामले में घायल पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध 115(2), 352, 351(3), बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

नाबालिग बालिका भगायी गयी, मुकदमा

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक गांव के टोले की रहने वाली नाबालिग बालिका अचानक घर से गायब हो गई है। नाबालिग बालिका के पिता ने काफी खोजबीन किया। बावजूद इसके बालिका का पता नहीं चल पाया है। इस मामले में नाबालिग बालिका के पिता ने स्थानीय थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया है। एसओ कोल्हुई गौरव कनौजिया ने बताया कि नाबालिग बालिका के पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है और बालिका की खोजबीन किया जा रहा है।

चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

महराजगंज (एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शनिवार को जनपद के थाना ग्राम पंचायत भुवना में महिला चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा,सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्हें नवरात्रि पर्व की शुभकामना प्रेषित की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा नवरात्रि के आरम्भ के साथ ही महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान 5.0 को शुरू किया है। इस मिशन का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त करना और उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि 1090 महिलाओं को समर्पित विशेष हेल्पलाइन नंबर है। महिलाएं किसी प्रकार के अपराध के विरुद्ध शिकायत या सहायता के लिए 1090 नंबर पर कल कर सकती हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को शासन द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित विभिन्न महिलापरक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से स्टाम्प ड्यूटी में छूट, घरौनी वितरण आदि के विषय में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में एनीमिया यानी खून की कमी का एक आम रोग है लेकिन यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। इसको दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत क स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से मंगलवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों तथा विद्यालय में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन सी तथा कैलशियम की गोलियां खिलाई जाएंगी। उन्होंने महिलाओं से स्वयं और घर की बालिकाओं को स्वास्थ्य केंद्रों और विद्यालयों में भेजने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने जनपद में ड्रोन को लेकर फैल रहे अफवाह को लेकर सचेत करते हुए कहा कि ड्रोन उड़ने जैसी अफवाहों लेकर भयभीत न हों। अफवाह फैलाने वालों को पुलिस चिन्हित कर रही है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1930, 1098 की जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन की शासन की नीति के विषय में जागरूक किया। कहा कि महिलाएं छोटे-से छोटे अपराध को रिपोर्ट करें ताकि आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे तत्व परिवार या पड़ोस में ही हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों को लेकर सरकार और प्रशासन विशेष रूप से संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र बना हुआ है। महिलाएं किसी सहायता के लिए इन केंद्रों पर भी किसी भी समय संपर्क कर सकती हैं। चौपाल में उपस्थित उपस्थित अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित योजनाओं का जानकारी दी। साथ ही सूचना विभाग के कलाकारों ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं की जानकारी लोकगीतों के माध्यम से दी। जिलाधिकारी ने चौपाल में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की और बच्चों का अन्नप्राशन किया।

डीएम व एसपी ने किया घुघली के बैकुंठी धाम का स्थलीय निरीक्षण

महराजगंज (एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने दशहरा पर्व के दृष्टिगत स्थापित दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन केलिए घुघली के बैकुंठी धाम का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दशहरा के दृष्टिगत थानाध्यक्ष घुघली से विसर्जन संबंधी तैयारियों की जानकारी ली। घाट की ओर जाने वाले रास्ते की सफाई तथा प्रकाश की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग आदि को लेकर भी आवश्यक दिशानिर्देश दिया। उन्होंने मूर्तियों का विसर्जन हाइड्रा मशीन के माध्यम से कराने केलिए निर्देशित किया। साथ ही पानी में सुरक्षित दूरी पर बैरिकेडिंग करवाने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आयोजकों से सम्पर्क कर मूर्ति विसर्जन के रूट, दिन और समय की जानकारी प्राप्त कर लें और उसी के अनुसार तैयारी कराएं। पुलिस अधीक्षक ने विसर्जन दिवसों पर पर्याप्त पुलिस बल कि उपलब्धता सुनिश्चित करने, आयोजकों को विसर्जन के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देशों से अवगत कराने और निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अब केएमसी में 200 छात्र कर सकेंगे एमबीबीएस की पढ़ाई

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद केकेएमसी मेडिकल कालेज में चिकित्सा शिक्षा को नए पंख लगने जा रहे हैं। अब दूसरे बैच में 200 छात्र एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त करेंगे। उक्त विषय की जानकारी देते हुए डीन प्रोफेसर डाक्टर संकल्प द्विवेदी ने बताया कि चेयरमैन के मार्गदर्शन में आज जनपद के लिए और एक नई जिम्मेदारी मिली है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा सत्र 2025-26 के लिए 150 की जगह पर 200 एमबीबीएस के छात्रों का प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान की गई है। इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए चेयरमैन विनय कुमार श्रीवास्तव ने सभी को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह उपलब्धि संस्था के हर उस व्यक्ति की है जिसने अपनी पूरी निष्ठा से कार्य किया है। साथ ही यह हमें और जिम्मेदार बने की ओर प्रेरित करता है । अब प्रत्येक वर्ष 200 चिकित्सक बनाने की जिम्मेदारी है । जनपद के प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह गर्व का विषय है और इस उपलब्धि के लिए सभी बधाई के पात्र हैं। जनपद में चिकित्सा शिक्षा को बेहतर और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किया है। ऐसे में मिल रही लगातार उपलब्धियां हमें और अधिक प्रेरित करेंगी। सभी ने इस उपलब्धि के चेयरमैन को बुके देकर स्वागत किया।



केक काटते चेयरमैन।

इस उपलब्धि के बाद कालेज परिसर के मंदिर में पहुंचकर चेयरमैन, डीन सहित सभी ने आरती और पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल के सभी शिक्षक एवं चिकित्सकों के साथ सभी अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर इस उपलब्धि को सेलिब्रेट किया तथा एक दूसरे को बधाई दी । सभी ने अपने विचार साझा किए और इस उपलब्धि तथा संस्था के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की । कार्यक्रम का संचालन डा. देव चंद्रा ने किया ।

संक्षिप्त खबरें

30 तक चलेगा विशेष अभियान

महराजगंज (एसएनबी)। पुलिस महानिरीक्षक एन्टी नारकोटिक्स टास्कफोर्स लखनऊ द्वारा थानो पर एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त माल का निस्तारण करने के लिए आदेशित किया गया है। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तथा अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थो के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के सम्बन्ध में16 से 30 सितम्बर तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर मालों का निस्तारण कराया जा रहा है। इस क्रम में शदिवार को जनपद के विभिन्न थानों में जब्त मादक पदार्थो के मालों के निस्तारण के क्रम में विनष्टीकरण केलिए बनायी गयी जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न थानों थाना बृजमनगंज, थाना चौक, थाना सोनौली के मुकदमाती मादक पदार्थ का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। इसमें कुल 86.300 किग्रा गांजा, चरस 3.800 किग्रा, हीरोइन 362 ग्राम व मार्फिन 472 ग्राम को मेसर्स ए0पी0 बायोमेडिकल बेस्ट सर्विसेज में इंसीनरेटर के माध्यम से नियमानुसार वीडियोंग्राफी/फोटोग्राफी कराते हुए नष्ट किया गया।

16 किमी नदी क्षेत्र की होगी नीलामी

महराजगंज (एसएनबी)। मत्स्य पालक सहकारी समितियां के मत्स्य कारोबार को बढ़ावा देने के लिए जनपद सीमा में स्थित छोटी गंडक नदी के 16 किलोमीटर लंबाई क्षेत्र का नीलामी प्रस्तावित है। यह आगामी दिनों में संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों छोटी गंडक नदी के आठ -आठ किलोमीटर लंबाई क्षेत्र की नीलामी के लिए नीलामी आयोजित की गई थी लेकिन मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के भाग न लेने के कारण नीलामी नहीं हो सकती थी। ऐसे में छोटी गंडक नदी के दोनों पार्ट का नीलामी होना है ताकि नीलामी लेने वाली मत्स्य सहकारी समितियों के लोगों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मत्स्य शिकार माही कार्य किया जा सके।

योजनाओं व रणनीतियों पर हुई चर्चा

महराजगंज(एसएनबी)। सोहगीबरवां वेजिटेबल्स फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की द्वितीय वार्षिक आम बैठक हुई। बैठक में एग्रीलिव रिसर्च फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर जैनेंद्र गुप्ता , प्रोजेक्ट कोअर्डिनेटर सुश्री निली मेहता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, कृषि विभाग (सदर) के एडीओप्रेम नारायण पासवान तथा बैंक शाखा प्रबंधक जयमंजन मल्ल अतिथि रहे। बैठक का संचालन राकेश रोशन एवंशरद द्विवेदी नेसंयुक्त रुप से किया। बैठक में एफपीओ की भविष्य की योजनाओं, सरकारी योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों और बैंकिंग सहयोग पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सदस्यों को शेयर प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान प्रमोद पासवान, रघुवर चौरसिया, सवरजीत, रघुनाथ, मुन्धीलाल, रीना देवी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री किर्ती सिंह तथा लेखाकार बृजेश वर्मा शामिल रहे।

अध्यक्ष का निधन पर शोक

सिन्दुरिया । महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, गणित विषय के अध्येता प्रो. उदय प्रताप सिंह (यूपी सिंह) का शनिवार की सुबह निधन हो गया। 92 वर्षीय प्रो. सिंह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अध्यापन काल से ही उनका पूरा जीवन गोरक्षपीठ और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को समर्पित रहा। प्रोफेसर सिंह के जीवनचरित पर प्रकाश डालते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट डा. रामपाल यादव, दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कालेज चौक बाजार के प्रधानाचार्य डा. हरिन्द्र यादव तथा दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सपना सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित चौक बाजार की शिक्षण संस्थाओं में प्रो. सिंह का अनेक बार आगमन ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता रहा। उनके मार्गदर्शन और निर्देशन में संस्था पुष्पित और पल्लवित होती रही है। प्रोफेसर सिंह का निधन विद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रार्थना सभा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्व र से कामना की गयी।



अज्ञात चोरों ने दो गांवों में की चोरी

सिन्दुरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बसंतपुर खुर्द एवं बरवा कला में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गयी। ग्राम सभा बसंतपुर खुर्द निवासी बसंतपुर खुर्द निवासी कोलाहल मौर्य के घर में शुक्रवार को अज्ञात चोर घुस कर रखे सोने चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर आसानी से फरार हो गये। कोलाहल मौर्य बीती रात बरामदे में बैठे थे, और घर की महिलाएं बाहर टहलने के लिए निकली हुई थीं। इसी बीच छत के रास्ते चोर घर के अंदर दाखिल हो कर घर में रखे हुए सोने-चांदी के जेवर और अन्य कीमती वस्तुएं चुरा ले गए। टहलकर महिलाएं वापस घर आई और सारा सामान बिखरा हुआ देख शोर मचाने लगी जिससे आस पास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर सिन्दुरिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच में जुट गयी। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी चिउटहा के ग्रामसभा बरवा कला में बीती रात अज्ञात चोरो ने बरामदे में बच्चों के साथ सो रही महिला सुमन के गर्दन पर चाकू रखकर महिला से कमरे का चाभी लेकर घर के अंदर अलमारी और बक्से को खंगाला सोने का मंगलसूत्र, झुमका,नाथिया, टीका, कान की बाली और नगदी पांच हजार रुपये लेकर फरार हो गये। सुमन ने चिउटहा पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में सिन्दुरिया थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

थाना समाधान दिवस : डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

महराजगंज(एसएनबी)। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्माव पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा थाना कोठीभार में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना । मौके पर जिलाधिकारी व एसपी के समक्ष कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 1 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया । साथ ही अन्य प्राप्त प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 24 प्रार्थना पत्र पाप्त हुई। इनमेंसे5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया ।



जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए। इससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पडे तथा प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सके । जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जमीन सम्बन्धित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जानेके लिए निर्देशित किया। इसी क्रम मेंअपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनेथाना कोल्हुई में जनसुनवाईकी । प्राप्त प्रकरणों में कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अवशेष मामलों के शीघ्र एवं विधिक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को आदेशित किया ।

अस्पताल संचालकों ने कथित नेता-पत्रकार पर दर्ज कराया रंगदारी मांगने का केस

महराजगंज(एसएनबी)। जनपद मेंएक कथित भाजपा नेता /पत्रकार राजकुमार द्वारा अधिकारियोंकेनाम पर वसूली करनेका वीडियोंवायरल होनेकेबाद अस्पताल संचालकोंनेउनकेविरुद्ध धमकी , रंगदारी जैसी गंभीर धाराओंमेंमुकदमा सदर कोतवाली मेंपंजीकृत करवाया है। कोतवाली पुलिस मामलेकी जांच मेंजुट गयी है। वायरल वीडियोका पुष्टी राष्ट्रीय सहारा नहीं करता है। पुलिस को दिए गयेतहरीर में कोतवाली थानाक्षेत्र केशास्त्रीनगर निवासी छोटेलाल कुशवाहा नेलिखा हैकि वेरामचन्द्र मौर्य, सिकंदर व रामचरन मिल कर महराजगंज में महराजगंज में आयुष्मान अस्पताल संचालित करते हैं। उनका आरोप हैकि भिटौली थाना क्षेत्र केजडार निवासी राजकुमार कोतवाली थाना क्षेत्र केपिपरदेउरा मेंमकान बनवा केरहतेहै। वह आयेदिन हम लोगोंकोब्लैकमेल करतेहैऔर 50 हजार से1लाख रुपयेतक रंगदारी मांगतेहै। इसकेआलावा अस्पताल बंद करने की धमकी देकर वह प्रतिदिन 1500 से 2000 रुपये तक वसूलते है। साथ ही विरोध करनेपर धमकी भी देतेहैकि उनकेउपर दस मुकदमा हैएक और होजायेगा लेकिन कोईफर्कनहीं पडेगा और तुम लोगोंकोमिटा दूंगा । वेहम लोगोंकोकभी भी जान सेमार सकतेहैऔर हमेशा गाली-गलौज कर जान से मरवाने की धमकी देता है। इस संबंध मेंप्रभारी निरीक्षक कोतवाली निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि तथाकथित भाजपा नेता राजकुमार केविरुद्ध जबर वसूली व धकमी देनेकेमामलेमें बीएनएस 308(2),352,351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

15-49 वर्ष की सभी महिलाओं को खिलाई जाएगी आयरन और विटामिन सी की दवा

महराजगंज (एसएनबी)। मिशन शक्ति 5-0 के तहत एनीमिया मुक्त महराजगंज के लिए 15-49 वर्ष की सभी महिलाओं को आयरन और विटामिन सी की दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर 30 सितम्बर को अभियान चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सीएचओ, एएनएम, स्टॉफ नर्स, आशा संगिनी और आशा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान उक्त आयु वर्ग की सभी महिलाओं को आयरन और विटामिन सी की दवा खिलाई जाएगी। दवा सभी कार्यालयों में तैनात महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को भी खिलाया जाएगा। उन सभी महिलाओं को एक माह के लिए आयरन और फोलिक एसिड की गोली भी दी जाएगी। सीएमओ ने कहा कि एनीमिया मुक्त महराजगंज के लिए शासन, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सतत प्रयत्नशील है। इसके तहत उक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए तैयारी और दवाओं की व्यवस्था कर ली गयी है। साथ ही सभी महिलाओं को एनीमिया के लक्षण और बचाव के उपाय के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। संतुलित आहार लें, जिसमें आयरन, विटामिन बी-12 और फोलेट से भरपूर चीजें शामिल हो जैसे पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी,चुकंदर, सूखे मेवे, फलिया, दाल, खजूर, संतरा, नीबू, टमाटर,अमरूद का सेवन करें। नियमित स्वास्थ्य जांच और व्यायाम करें। लगातार थकान और कमजोरी। त्वचा का पीला पड़ना। सांस लेने में तकलीफ । चक्कर आना, सिरदर्द । ठंडे हाथ पैर, दिल की धड़कन । भूख में कमी आना तथा जीभ में बदलाव महिलाओं में एनीमिया के लक्षण हैं।



भ्रूणहत्या और लिंग भेदभाव समाज के लिए कलंक

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद के उपनगर भिटौली बजार स्थित सूर्य नारायण सिंह कन्या इंटर कालेज में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक प्रेरणादायक नाटक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को लिंग जांच और गर्भपात जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अभियान के माध्यम जागरूक करना था। नाटक के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि बेटियां किसी भी दृष्टिकोण से बेटों से कम नहीं हैं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। कालेज की प्रधानाचार्य मनीषा पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए भ्रूण हत्या और लिंग भेदभाव को समाज के लिए एक गंभीर कलंक बताया।



उन्होंने कहा कि ऐसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ हर बालिका को मुखर होकर आवाज उठानी चाहिए और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि बेटियां समाज की रीढ़ हैं और उन्हें समान अवसर व सम्मान मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में महिला कल्याण बाल विभाग की रत्ना त्रिपाठी ने हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक पहल न केवल छात्राओं में जागरूकता बढ़ाती हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती सिद्ध होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नाटक जैसे माध्यम लोगों को सोचने और अपने ष्टिकोण को बदलने के लिए प्रेरित करते हैं।नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या और लिंग भेदभाव के खिलाफ सशक्त संदेश दिया गया, जिससे छात्राओं को अपने अधिकारों को पहचानने और समाज में अपनी आवाज बुलंद करने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा पाण्डेय, शिक्षिकाएं मधुमिता सिंह, राधा गुप्ता, पूनम वर्मा, शशिलता पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

स्पीड ब्रेकर को ठीक नहीं कराया गया तो होगा आंदोलन

पनियरा। नगर पंचायत पनियरा में एनएच मार्ग 328 दुर्गा मंदिर चौराहे पर मानकविहीन बने स्पीड ब्रेकर को ठीक कराने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मण्डल के अध्यक्ष दिलीप कसौधन ने जिलाधिकारी से 1 अगस्त 2025 को मिल कर समस्या से अवगत कराया था। जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था लेकिन मामला जस का तस बना रहा तो एक बार पुनः 19 अगस्त 2025 को जिलाधिकारी से मिल कर मामले से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा दोनों बार दिए गए पत्रक को सम्बंधित विभाग को मार्क करके भेज दिया था लेकिन विभागीय लापरवाही से अब तक ब्रेकर को ठीक नहीं किया जा सका। शुक्रवार जारी विज्ञप्ति में अखिल भारती उद्योग व्यापर मण्डल के अध्यक्ष ने कहा कि उक्त ब्रेकर इतना खराब है कि जब कोई बड़ा व लोडेड वाहन वहां से गुजरता है तो आसपास के मकान हिल जा रहे हैं इतना ही नही मकानों में दरार तक पड़ गयी है। दुर्गा मंदिर चौराहे पर बनी मन्दिर में मां दुर्गा की प्रतिमा में भी दरार पड़ गयी। नवरात्रि के त्योहार को देखते हुए प्रतिमा को ठीक कराया गया। अब समस्या से क्षेत्रीय लोगों मे आक्रोश व्याप्त है । मामले का निस्तारण यथाशीघ्र नहीं कराया गया तो क्षेत्रीय जनता व दुकानदारों के सहयोग से व्यापर मण्डल आंदोलन करने को बाध्य होगा ।

बी पैक्स सदस्यता महाअभियान को गति देने को लेकर हुई बैठक

महराजगंज (एसएनबी)। कलेक्ट्रेट सभागार में सभापति उत्तर प्रदेश को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊजितेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बी पैक्स सदस्यता महाअभियान 2025 को गति देने के लिए शनिवार कोबैठक की गयी। इसमें सभी बी पैक्स सचिव, सभी सहकारिता, एंडी सी ओसहकारिता, सभी शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक प्रतिभाग किये। बैठक में जनपद से सदस्य बने 10 कृषक बंधुओ को कृषक पंजिका प्रदान किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न होने तक कुल 73 बी पैक्स सदस्य बनाये गए। खरीफ अभियान के दौरान उर्वरक वितरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बी पैक्स पकड़ी नौनिया के सचिव रामविवेक गुप्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सभापति श्री बहादुर सिंह ने सभी सचिवों को लक्ष्य के अनुरूप अधिकतम सदस्य बनाये जाने का आह्वान किया। साथ ही सभी कृषक बंधुओ से भी बढ़ चढ़ कर सदस्यता अभियान में सहभागिता करते हुए सदस्य बनने पर जोर दिया ताकि सहकारिता विभाग की सभी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सकेऔर आगामी रबी अभियान में समितियों से उर्वरक प्राप्त करने में भी सहूलियतें प्राप्त हो सकें।



शांति सुरक्षा को लेकर फ्लैग मार्च

नौतनवां। भारत - नेपाल के सरहदी क्षेत्रों शारदीय नवरात्र व अन्य त्योहारों को लेकर जिस तरह की अभूतपूर्व किलेबंदी व सुरक्षा के प्रबंध किए गये हैं, शायद इससे पूर्व इस तरह की व्यवस्था नहीं देखी व सुनी गई। इसके चलते पूरा क्षेत्र और उसका कोना-कोना सुरक्षाबलों की निगरानी में नजर आ रहा। इसके साथ ही प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के फ्लैग मार्च से लगातार रूबरू है। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की माने तो ऐसा उच्चधिकारियों के निर्देश पर किया जा रहा। उल्लेखनीय है कि नेपाल से सटा उक्त सरहदी क्षेत्र अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इसको लेकर शासन व प्रशासन की सतर्क निगरानी क्षेत्र में रहा करती है। इधर करीब 3 सप्ताह पूर्व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में घटी घटनाओं को लेकर उसका कोई नकारात्मक असर भारतीय क्षेत्र में न पड़े, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है। यहां तक कि इसके लिए पुलिस एसएसबी के अलावा पीएसी के अतिरिक्त जवानों को भी तैनात किया गया है। फ्लैग मार्च के जरिए आम नागरिकों को इस बात का संदेश भी दिया जा रहा कि किसी भी असामान्य स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षाबल पूरी तरह तैयार है। स्थानीय नगर व सोनौली में उप जिलाधिकारी नवीन प्रसाद व पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम की अगुवाई में सुरक्षाबलों को संयुक्त मार्च आयोजित किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद हेलमेट और शरीर सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर जब सुरक्षाबलों के जवान अधिकारियों की अगुवाई में सड़कों पर उतरे, तो नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसे सुरक्षा के लिए जरूरी बताया।

जागरूकता शिविर आयोजित

महराजगंज (एसएनबी)। स्थानीय डाक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार- प्रसार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सब इन्स्पेक्टर ज्योति राय ने कहा कि मिशन शक्ति एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा संरक्षाऔर आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। जागरूकता बढ़कर एक सुरक्षित वातावरण स्थापित करके और कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से यह मिशन महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने और एक समावेशी एवं सशक्त समाज बनाने का प्रयास करता है । प्रमुख हेल्पलाइन नंबर 181 महिला हेल्पलाइन सेवा ,112 पुलिस सेवा ,1090 महिला सहायता, 108 एंबुलेंस ,1930 साइबर हेल्पलाइन,101 अगि शमन सेवा,1098 चाइल्ड लाइन,1076 मुख्य मंत्री हेल्प लाइन के बारे में विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की।

निशुल्क जांच व इलाज ही सरकार का उद्देश्य : बजरंगी

आनंदनगर, एसएनबी । फरेंदा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी में शुक्रवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत अधीक्षक डाक्टर एमपी सोनकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य कैंप एवं रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया ।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गरीब आम जनमानस को समय रहते मुक्त इलाज मुक्त जांच एवं मुफ्त दवाइयां लोगों को मिल सका इसके लिए सरकार पूरे उत्तर प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रही है । अतिथियों का आभार ज्ञापन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डक्टर अंग्रेज सिंह द्वारा किया गया। कैम्प के माध्यम से 640 मरीज का पंजीकरण किया गयास जिसमें सभी प्रकार के मरीज अपना पंजीकरण कराए थे जिसमें ब्लड जांच बीपी जांच शुगर जांच टीवी की जांच, के अलावा आरबीएसके और आरकेएस के कार्यक्रम के भी स्टल कैम्प के माध्यम से लगाए गए थे । उसके उपरांत आईटीसी वार्ड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें रक्तदानियों को पूर्व विधायक जी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया स वही रक्तदान की जब बात आई तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के काउंसलर विनोद गुप्ता को जनपद में सर्वाधिक रक्तदान करने पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने काउंसलर विनोद गुप्ता को माला पहनकर सम्मानित किया।



अन्नप्राशन करते पूर्व विधायक।

इस मौके पर डीआर आरबी राम, डक्टर शाश्वत सेन गुप्ता, ड विशाल चतुर्वेदी, डक्टर याकूब अली, ड वाचस्पति पांडे, डक्टर प्रज्ञा सिंह,चीप फार्मासिस्ट प्रमोद पांडे, फार्मासिस्ट गजेंद्र उपाध्याय, बीपीएम शकुंतला कश्यप, सीपीएम बबीता शर्मा, देवेंद्र यादव, काउंसलर विनोद गुप्ता, केशव शुक्ला अर्जुन सिंह अजय गुप्ता, स्टाफ नर्स नफीसा खातून,देश दीपक पांडेय,सहित आदि लोग मौजूद रहे।

सीएम योगी को जान से मारने की धमकी पर जताया विरोध

डुमरियागंज (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में डुमरियागंज क्षेत्र में भाजपा, हिंदू युवा वाहिनी और अन्य हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। महाराष्ट्र के बीड में एक सभा के दौरान मंच से तासिम अहमद नामक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस घटना के विरोध में शनिवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा, हियुवा व अन्य संगठनों के कार्यकर्ता डुमरियागंज भाजपा कार्यालय पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने श्जो योगी से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगाश जैसे नारे लगाते हुए उग्र विरोध दर्ज कराया। विरोध प्रदर्शन के बाद सभी लोग डुमरियागंज थाने पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपी तासिम अहमद सहित उसके सहयोगियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने तहरीर में बताया कि वायरल वीडियो में तासिम अहमद ने न केवल मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी, बल्कि समाज में धार्मिक वैमनस्य फैलाने वाला भाषण भी दिया, जो एक पूर्व नियोजित आपराधिक षडयंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने इसे न केवल मुख्यमंत्री की सुरक्षा, हिंदू समाज की आस्था और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा आघात बताया। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि आरोपी तासिम अहमद और सभा में मौजूद उसके सहयोगियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस विरोध प्रदर्शन में लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विरोध के ज्ञापन देते भाजपाई। फोटो : एसएनबी

भक्तों की मुरादे पूरी करती है मधवापुर की समय माता

उसका बाजार(एसएनबी)। नवरात्र शक्ति आराधना का महापर्व है। इन दिनों में आदिशक्ति की पूजा, उपासना की हिंदू धर्म में सदियों पुरानी परंपरा चली आ रही है। उसका नौगढ़ मार्ग से थोड़ी दूर पर स्थित प्राचीन समय माता मंदिर मधवापुर बासंतिक नवरात्र के इन दिनों में लोक आस्था का केंद्र है।



पूरे साल यहां पर दर्शन, पूजा, मुंडन, जनेऊ आदि का कार्यक्रम चलता है परंतु नवरात्र के इन दिनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यहां जुट रही है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में यहां पड़ोसी देश नेपाल के थारू रहते थे इन्हीं लोगो ने सबसे पहले यहां पूजा पाठ शुरू किया था। कालांतर में लोगो की आस्था और श्रद्धा बढ़ती गई। हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण संस्कार मुंडन, जनेऊ आदि के साथ लड़की दिखाई, सत्यनारायण कथा, अखंड हरिकीर्तन, रामचरित मानस का पाठ आदि होने लगा। विशेषकर नवरात्र में यहां स्थानीय श्रद्धालु के साथ पड़ोसी देश नेपाल के भी भक्त दर्शन के लिए आते है। यहां पूरे साल मधवापुर, पकड़ी, परसा सुकुरुल्लाह, परसा महापात्र, महुलानी, चौरई, चोरखर, तकियवा, तिघरा, मरवटिया माफी, छितरापार, सुकरौली आदि के श्रद्धालु सुबह शाम पूजा पाठ करते है। मंदिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तमधर द्विवेदी ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन और पवित्र भाव से माँ के दरबार में आते है उनकी मुरादे जरूर पूरा होती है। नवरात्र के इन दिनो लोककल्याण हेतु विशेष अनुष्ठान चल रहा है।

संक्षिप्त खबरें

धंसा पुल टूटी रेलिंग दहशत में राहगीर

भवानीगंज (एसएनबी)। बेवा-भड़रिया मार्ग के भड़रिया चौराहे के समीप नहर पर बनी पुलिया का एक तरफ का हिस्सा टूट कर धंस गया है जिससे राहगीरों में भय का माहौल है। आपको बताते चलें कि भड़रिया चौराहे के समीप स्थित उक्त पुलिया का एक तरफ का हिस्सा टूट कर धंस जाने आवागमन में लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग से भारी संख्या में भारी वाहनों का भी आवागमन होता है जिससे उक्त स्थान से गुजरते समय वाहन चालक सहमे रहते हैं। इस सम्बंध में नहर विभाग से सम्बंधित लोगों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया यह काम जल्द शुरू होने वाला है।



बीआरसी उसका में एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न

उसका बाजार(एसएनबी)। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र उसका बाजार में चल रहे एफएलएन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता) प्रशिक्षण के अंतिम बैच का समापन शनिवार को हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा के निर्देशन में एक से 27 सितंबर तक कुल चार बैचों में लगभग 378 शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया। बीआरसी भवन में आयोजित इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम बैच में दो कक्षों में कुल 78 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में शिवपाल सिंह, सीताराम गुप्ता, शब्बीर अहमद, अमृता सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, रंजना वर्मा, वेद प्रकाश मौर्या, नवनीत दुबे, तकनीकी सहायक अरविंद श्रीवास्तव, अफसाना खातून आदि रहे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

उसका बाजार(एसएनबी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डक्टर एसके पटेल की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान को लेकर बैठक हुआ। ।पिएचसी अधीक्षक डक्टर एसके पटेल ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकत्री को जरूरी दिशा निर्देश दिया।इस संचारी रोग नियंत्रण बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी तिका पाण्डेय, अधिकारी अखिलेश कुमार, अल्का वर्मा, राहुल कुमार, जामवंत कुमार, प्रहलाद पाण्डेय,अनिल निगम, मनोज पटेल सहित प्रधानगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

बानगंगा(एसएनबी)। ब्लाक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ में बुनियादी भाषा एवं संख्यानात्मक ज्ञान(एफएलएन)तथा एनसीईआरटी पाठ पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के चौथा चरण का शनिवार से हुआ शुभारंभ। प्रशिक्षक प्रवीण कुमार यादव, सतेन्द्र कुमार ने प्रतिभागी शिक्षकों को कक्षा एक, दो व तीन के भाषा एवं गणित के पाठ्यक्रम और कक्षा चार व पांच के 42 दिवसीय शिक्षक योजना पर भी चर्चा किया गया।प्रशिक्षण में जावेद अख्तर, अनिल कुमार मिश्रा, विजय कुमार,रीता देवी ,सरिता देवी, महेंद्र श्रीवास्तव, शबनम खान, मैनुद्दीन, सरोज श्रीवास्तव,अजय गिरी,हबीबुल्लाह, रमाकान्त यादव, परमात्मा, दिनेश चंद्र ओझा, हौसला देवी, अनु चौधरी,राम अवतार गुप्ता, बृजेश चंद्र, रजनीश कुमार, रेखा पाण्डेय, रेनू त्रिपाठी, ललिता देवी, सुनीता, राजेन्द्र कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहें।

पल्टादेवी मंदिर परिसर की हुई साफ सफाई

बानगंगा(एसएनबी)।शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आदि शक्ति मां पल्टादेवी मंदिर परिसर की साफ सफाई का कार्य खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ चंद्र भूषण तिवारी व डा. पवन मिश्रा ने ब्लाक शोहरतगढ़ के सफाई कर्मचारियों को लेकर शनिवार को आदि शक्ति पीठ मां पल्टादेवी मंदिर परिसर की झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और अपने आस- पास सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया।इस दौरान बीडीओ चन्द्र भूषण तिवारी,डा0पवन मिश्रा, मंदिर के पुजारी महन्त घंश्याम गिरीं(बब्लू बाबा),सेक्रेटरी अजय भारतीया, रोजगार सेवक विजय दूवे व 120 सफाई कर्मचारी मौजूद रहें। इस सफाई के लिए मंदिर के महन्त घंश्याम गिरीं ने सबका आभार व्यक्त किया।

भीषण गर्मी में लो वोल्टेज जूझ रहे ग्रामीण

बिस्कोहर(एसएनबी) । स्थानीय नगर पंचायत के गोविंदपुर वार्ड के मोहल्ला माधोपुर के लोग इस भीषण गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। इस वार्ड में करीब 70 घरों के साथ नगर के तरफ से लगाई गई स्ट्रीट लाइटों मे बिजली की आपूर्ति मोहल्ले के तिराहा पर लगे पच्चीस के वी के ट्रांसफार्मर से किया जा रहा है। मोहल्ला निवासी जैसम यादव, मुनीराम , हरीराम, राजेंद्र, पिंकू श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, मुराली शर्मा, स्वामीनाथ प्रजापति आदि का कहना है कि करीब दो वर्ष पूर्व मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर खराब हो गया था ।शिकायत के बाद दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया है । जबसे यह ट्रांसफार्मर लगा है तभी से हम सब लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं।

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

बढ़या (एसएसबी) ।पुलिस व प्रशासन अलर्ट है ।जिसके क्रम में पुलिस तथा पीएसी के जवानों ने ग्राम सभा भगवतपुर ,बढ़या,बेलवा, मिठऊवा, गोनरा मोड़,गौरडीह आदि विभिन्न प्रमुख चौराहों पर फ्लैग मार्च कर लोगो को सुरक्षा का अहसास कराया। पी एसी प्लाटून कमांडर अशोक कुमार व थानाध्यक्ष मिश्रौलिया बृजेश सिंह ने कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारा के साथ सभी लोग मिलजुलकर मनाएं। इस फ्लैग मार्च में हल्का प्रभारी राम दरस यादव, महेंद्र कुमार,धर्मराज,श्याम चंद्र रत्ना, चंद्रेश कुमार सहित अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

अयोजित हुआ जागरूकता अभियान

भनवापुर (एसएनबी)। जागरुकता अभियान मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। कुशल पर्यवेक्षण में आज रामदेव थानाध्यक्ष व महिला आरक्षी इन्द्रा तिवारी मय मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर के द्वारा बिस्कोहर जूनियर स्कूल बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर के विद्यार्थियो को थाना स्थानीय पर बुलाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के अभियान के क्रम मे जागरुक कर सहायता नम्बरों की विस्तार से जानकारी दी गयी।

संक्षिप्त खबरें

किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

उसका बाजार(एसएनबी)।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार अंतर्गत कार्यरत आरबीएसके टीम बी उसका बाजार द्वारा किसान इंटर कलेज उसका बाजार के प्रांगण में किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रंगोली पेंटिंग मेहंदी समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को पुरस्त किया गया।किसान इंटर कलेज उसका ब्बाजार के प्रांगण में आयोजित किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में आरबीएसके टीम बी के चिकित्सक डक्टर मुमताज अहमद खान डक्टर सरिता कुमारी ने बताया कि किशोर किशोरियों को जागरूक करने हेतु इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। आरबीएसके के जिले से आये डीइआईसी मैनेजर अनंत प्रकाश व डक्टर विजय कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रतियोगिता में भाग ले रही छात्राओं से मुलाकात किया और उन्हें विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक भी किया कार्यक्रम में उत्प्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सीएचसी उसका के अधीक्षक डक्टर एस के पटेल डीइआईसी मैनेजर अनंत प्रकाश व विजय कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय गुप्ता ने शील्ड सर्टिफिकेट व उपहार देकर पुरस्त किया। पुरस्त होकर बच्चों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर टीम के फार्मासिस्ट वेद प्रकाश समेत विद्यालय के छात्र छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रहे
फोटो रू- सर्टिफिकेट प्राप्त करती बालिकाएं।

सदस्यता महाअभियान के लिए कार्यशाला आयोजित

बर्डपुर (एसएनबी)। विकास खंड बर्डपुर के सभागार में एम पैक्स सदस्यता महाअभियान की कार्यशाला आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह और मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान रहे।मुख्य अतिथि कन्हैया पासवान ने कहा कि सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए लिए शुरू है से काम कर रही है इस अवसर पर चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि सदस्यता महाअभियान में जिले में 25हजार नए सदस्य को जोड़ना है जिससे सहकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके।मंच का संचालन ए डी ओ सहकारिता अम्बरीष यादव ने किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय,नितेश पाण्डेय,प्रमुख प्रतिनिधि चंद्रमोहन चौधरी,अकरम,दीपेंद्र चौधरी, ए आर को अपरेटिव प्रकाश बहादुर चौधरी,डी सी एफ बैंक के सचिव बीरेंद्र यादव सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

बच्चों को किया गया जागरूक

भनवापुर (एसएनबी)। नपं बिस्कोहर के वार्ड नं 09 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता के विषय में एवं कूड़ा पृथक करण की जानकारी दी गयी। सूखे कूड़े को नीले डस्टबिन में और गीले कूड़े हरे डस्टबिन में रखने के बारे में सभी को जानकारी दें। बारिश के बाद एक स्थान पर पानी जमा हो जाने से मच्छरों का प्रकोप व उससे होने वाले रोगों के बारे में बताया गया। स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी अनूप पाण्डेय ने कहा कि हम स्वच्छता का खास ध्यान रखें। अच्छी तरह से हाथ धोने के बाद ही खाना खाएं। इस अवसर पर सुपरवाइजर मोनू श्रीवास्तव, मनीष मोहित, सोहित आलोक प्रिया सोनिया अनामिका मुस्कान श्याम सुन्दर,अंगद पासवान, चंदे, बीरबल, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

बयारा में गंदगी का अंबार

डुमरियागंज (एसएनबी)। विकास खण्ड डुमरियागंज के ग्राम बयारा के टोला बभनपुरवा में पिछले तीन वर्षो से गन्दगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। ग्रामवासियों ने बताया कि यह गी का अंबार उसी मार्ग से मात्र 70 मीटर की दूरी पर है, जिसका उपयोग धार्मिक मूर्तियों के विसर्जन के लिए किया जाता है। गन्दगी के कारण पूरा वातावरण दूषित हो गया है और वायु प्रदूषण से बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मूर्ति स्थापना एवं विसर्जन जैसे धार्मिक आयोजनों के लिए स्वच्छ वातावरण आवश्यक है, लेकिन इस गी के चलते श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से सफाई की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके और धार्मिक आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो सकें। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी, डुमरियागंज ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

छात्रा विंध्यवासिनी, रूचि व चांदनी बनी एक दिन के लिए प्रधानाचार्य

औराताल (एसएनबी)। राष्ट्रीय इंटर कलेज तुरकौलिया में विंध्यवासिनी त्रिपाठी को प्रधानाचार्य बनाया गया। प्रधानाचार्य पद पर बैठी विंध्यवासिनी त्रिपाठी ने पूरे स्कूल का भ्रमण किया। अध्यापकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मीटिंग ली पढ़ाई अध्ययन अध्यापन को लेकर दिशा निर्देश दिए तथा विद्यालय में फैली गदगी को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को फटकार भी लगी। इस अवसर पर रामरूप, उमेश कुमार, अरुण वर्मा, रविंद्र नाथ, प्रदीप नायक, दीनानाथ सिंह, भूपेंद्र त्रिपाठीआदि उपस्थित रहे। **खुनुवा प्रतिनिधि के अनुसार** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत सरफराज मेमोरियल इन्टर कलेज बभनी बाजार की होनहार छात्रा रूचि दूबे को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया। वहीं एक दिन की बनी सरफराज मेमोरियल इन्टर कलेज बभनी बाजार की होनहार छात्रा रूचि दूबे ने विद्यालय के समस्त स्टाफ से परिचय प्राप्त किया । इस अवसर पर विद्यालय के अतहर अली खान एवं गंगा सागर पाण्डेय, मोहित चौरसिया, रामनाथ वर्मा, कमलेश गुप्ता, राम सरन यादव, मुरली यादव, खुशी श्रीवास्तव आदि अध्यापक की उपस्थिति रही। **सोहास बाजार प्रतिनिधि के अनुसार** सदर विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पटनी जंगल में स्थित श्री दुर्गा जी चौधरी पटेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कलेज पटनी जंगल में शनिवार को एक दिन के लिए एक छात्रा को प्रधानाचार्या बनाया गया। प्रधानाचार्य डा. शेषनारायण पाण्डेय ने बताया कि कक्षा बारह की छात्रा को 1 दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया है।प्रधानाचार्य बनने के बाद प्रशासनिक कार्यों का निर्वाहन बखूबी निभाया। **बांसी कार्यालय के अनुसार** महामना मालवीय इण्टर कलेज बरगदवा की हाई स्कूल की होनहार छात्रा मधु को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य का पद दिया गया। प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार शर्मा ने एक दिन की प्रधानाचार्य मधु को अपनी तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित की। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। चेतिया प्रतिनिधि के अनुसार चेतिया क्षेत्र स्थित जनता इंटर कलेज असिधवां में कालेज की होनहार छात्रा अन्नपूर्णा को कालेज स्टाफ़ की ओर से एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया।





पीएम के नेतृत्व में भारत विकसित आत्म निर्भर राष्ट्र की श्रेणी में : कन्हैया

बानगंगा(एसएनबी)।भारतीय जनता पार्टी शोहरतगढ़ मण्डल के तत्वावधान में आत्म निर्भर भारत अभियान कार्यशाला आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के सभागार में मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । संचालन मण्डल महामंत्री रामविनोद यादव ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना देश विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है।आज भारत का लोहा पूरी दुनिया मान रहीं हैं।और उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भर भारत एक मजबूत और विकसित भारत की नींव है।मुख्यवक्ता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि आत्म निर्भर भारत अभियान का उद्देश्य भारत के उद्योगों में सुधार लाकर युवाओं के लिए रोजगार सृजन करना है ।



कार्यक्रम का समापन करते हुए डा. पवन मिश्र ने कहा कि हमारा देश विकसित की तरह अग्रसर है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि पीएम और सीएम के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास हो रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, लालजी त्रिपाठी, शिवशक्ति शर्मा,श्याम जायसवाल, ष्ण पाल चौधरी, अभिषेक चौधरी, नीलेश चौधरी, अरविन्द चौधरी, जितेन्द्र गिरि, रेखा अग्रहरि, राम कुमार त्रिपाठी, पंकज कुमार गौड़, श्रीराम चौहान, अमेरिका चौधरी, नरेंद्र पाण्डेय, विरेन्द्र चौधरी, बासुदेव शर्मा, राम सुभग पटेल, चन्द्रकेश यादव, राम कुमार शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

आत्म निर्भर भारत को लेकर बैठक

भारतभारी (एसएनबी)। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत भारतभारी स्थित भाजपा कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को जन-जन तक पहुंचाना तथा क्षेत्रीय स्तर पर विकास और स्वावलंबन की योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना है।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री मधुसूदन अग्रहरि शामिल हुए, जिन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान की आवश्यकता और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल आर्थिक मजबूती का संकल्प नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का एक सशक्त प्रयास है। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा और युवाओं के कौशल विकास जैसे विषयों पर उन्होंने विशेष जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अवधेश चौधरी ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें और लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर पंचायत भारतभारी के चेयरमैन चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी भी उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर विकास और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर संसाधनों का बेहतर उपयोग जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत प्रशासन भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में सक्रिय सहयोग करेगा। इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद रहे।

चार घंटे के अन्दर बरामद हुए गायब बच्चे

डिंडई (एसएनबी) । शिवनगर डिंडई पुलिस ने शुक्रवार की शाम मिली गुमशुदगी की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार घंटे के अंदर ही गायब बच्चों को बरामद कर परिजन को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शाम लगभग 8 बजे क्षेत्र के मसैचा गांव से बच्चों की माँ शशि तिवारी द्वारा डायल 112 पर तीन छोटे बच्चों के गायब होने की सूचना बच्चों की माँ द्वारा प्राप्त हुई । पुलिस टीम ने बच्चों प्रतिमा तिवारी, आयुष तिवारी तथा आर्यन तिवारी पुत्रगण शिवानन्द तिवारी को थाना क्षेत्र के कोटिया गड़ोरी गांव के पास से पिता के साथ बरामद कर लिया। कोटिया गड़ोरी निवासी शिवानन्द तिवारी की ससुराल थाना क्षेत्र के ही मसैचा गांव में है। वर्तमान में शशि तिवारी बच्चों के साथ अपने मायका मसैचा में थी, जहां से शिवानन्द बिना किसी सूचना बच्चों को लेकर शुक्रवार शाम को निकल गए थे। बच्चों को न देख शशि तिवारी ने डायल, 112 पर सूचना दिया। बच्चों को सकुशल पाकर शशि तिवारी के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने पुलिस की तारीफ करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मार्ग जर्जर होने से छात्र-छात्राओं को परेशानी

गोल्हौरा (एसएनबी)। बांसी तहसील व ब्लाक क्षेत्र के तलपुरवा इंटर कालेज तक जाने वाला सम्पर्क मार्ग बीते कई वर्षों से जर्जर हालत में है। जिससे आवागमन करने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे आये दिन गिरकर चोटिल होते रहते हैं।

बीटीआईबी (बांसी-तलपुरवा-इटवा-बिस्कोहर) मार्ग के तलपुरवा शून्य किमी से श्री राधा कृष्ण इंटर मीडिएड कालेज जिसकी दूरी लगभग 2 किमी है, सम्पर्क मार्ग दशक पूर्व पिच बनाया गया था। जो बीते कई वर्षों से जर्जर हालात में है। सड़क का तारकोल कौन कहे गिट्टियां तक उखड़ चुकी हैं। रास्ता पगडंडी से भी बद्तर हो चुका है। जिसपर लगभग दो हजार कालेज के बच्चे आवागमन करने को विवश हैं। आये दिन साइकिल आदि साान से बच्चे गिरकर चोटिल भी होते रहते हैं। यह सम्पर्क मार्ग कालेज के अलावा बरदहा नानकार, बभनी, बनकटा, महुआ आदि गांवों को भी जोड़ता है। तमाम अभिभावकों व शिक्षकों तथा बच्चों ने समस्या की ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण की मांग किया है।

मिशन शक्ति योजनान्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोटन(एसएनबी)।मिशन शक्ति योजनान्तर्गत शनिवार को कल्पनाथ सिंह कन्या इंटर कलेज के प्रांगण में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें तमाम लोग मौजूद रहे।

संचालन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज की अगुवाई में मुख्य अतिथि विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर,विद्यालय के प्रबंधक अंकित सिंह, उनकी पत्नी, प्राचार्य नंद कुमार श्रीवास्तव, शिक्षकगण, अभिभावक, और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोजेमुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक विश्वजीत सौरयान ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता में कल्पनाथ सिंह कन्या इंटर कलेज के प्रबंधक अंकित सिंह, उनकी पत्नी, और प्राचार्य श्री नंद कुमार श्रीवास्तव का प्रबंधन में विशेष योगदान रहा। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज और उनकी टीम का नेतृत्व इस कार्यक्रम की नींव रहा। मुख्य अतिथि विश्वजीत सौरयान और क्षेत्राधिकारी सदर की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी गरिमामय बनाया।

आज का दिन और पंचांग — पं. कृष्ण गोपाल मिश्र

रविवार, 28 सितम्बर, 2025

	मं.7	के.शु.5	
चं.8	सू.बु.6		4
9		वृ.3	
10	श.12		2
	रा.11	1	

दैनिक सूर्योदय : दिल्ली-प्रातः 06:12, काशी-प्रातः 05:48, कानपुर-प्रातः 05:59, पटना-प्रातः 05:40, देहरादून-प्रातः 06:09, गोरखपुर-प्रातः 05:47, लखनऊ-प्रातः 05:57 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-सायं 06:10, काशी-सायं 05:47, कानपुर-सायं 05.58, पटना-सायं 05.39 देहरादून-सायं 06.06, गोरखपुर-सायं 05.46, लखनऊ-सायं 05:56 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्ली-पूर्वा. 11:57, काशी-पूर्वा. 11:24, कानपुर-पूर्वा. 11.38, पटना-पूर्वा. 11.16, देहरादून-पूर्वा. 11.59, गोरखपुर-पूर्वा. 11.26, लखनऊ-पूर्वा. 11:36। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-रात्रि 10:01, काशी-सायं 09:47, कानपुर-सायं 09:55, पटना-सायं 09:37, देहरादून-सायं 09:52 गोरखपुर-सायं 09:41, लखनऊ-सायं 09:51 बजे। राहुकालम 4:30 बजे से 6:00 बजे तक। राष्ट्रीय अश्विन 06, शक् संवत् 1947। अश्विन शुक्ल षष्ठी, संवत् 2082, सौर (कन्या) अश्विन मास की 12, प्रविष्टें। हिजरी रवि उस्सानी 05, हिजरी 1447 (मुस्लिम)। शरद ऋतु। अश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी अप. 02:28 बजे तक, तदन्तर सप्तमी तिथि शुरु। ज्येष्ठा नक्षत्र अर्द्धरात्रियात्तर 03:55 बजे तक, तदन्तर मूल नक्षत्र शुरु। आयुष्मान योग अर्द्धरात्रियोत्तर 00:32 बजे तक, तदन्तर सौभाग्य योग शुरु। चन्द्रमा वृश्चिक राशि का पूर्ण भोगकर अर्द्धरात्रियोत्तर 03:55 बजे धनु राशि में प्रवेश करेगा।

मेष मन प्रगतिशील विचारों से प्रभावित होगा। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच रंग लायेगी। रविवार एवं सोमवार को आकस्मिक किसी सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होगा। बुधवार एवं शनिवार को किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से चिंता होगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता तो बढ़ेगी परन्तु अपयश व लान्छन से बचें। आपका गंभीर स्वभाव रिश्तों में भावनात्मक आदान-प्रदान में कमी लाता है। अतः इस स्वभाव को सुधारें।

वृषभ कुछ नई शंकाएं पुराने संबंधों में कटुता पैदा करेंगी। पुरानी सभी समस्याओं पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता से निजी जरूरतों के प्रति समयाभाव आड़े आएगा। चिंताओं से भरे समय में कुछ अच्छे आसार भी नजर आएंगे। रविवार एवं मंगलवार को शासन-सत्ता में पकड़ मजबूत होगी। शुक्रवार एवं शनिवार को किसी महत्वपूर्ण उदेश्य से की गई यात्रा में कठिनाइयां संभव। खराब व चापलूस प्रकृति के लोगों से आपकी निकटता आपके लिए हानिकर हो सकती है। आवेश में कोई निर्णय मत लेवें।

मिथुन सामाजिक व मांगलिक कार्यों में केंद्रित होंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल होगा। किसी नये व्यवसाय के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। सोमवार एवं मंगलवार को महत्वाकांक्षाएं सकारात्मकता हेतु उद्वेलित करेंगी। आवेश में किये कार्य से कष्ट संभव। परिवार में किसी की अस्वस्थता से चिंतित होंगे। मित्र के भेष में गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें। बुधवार एवं शनिवार को नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। रचनात्मक कार्यो से लोकप्रिय होंगे। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। जीविका क्षेत्र में परिश्रम का लाभ मिलेगा और कार्यकुालता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे। मन नये कार्यो पर केंद्रित होगा। राजकीय कर्मचारियों को नौकरी में कुछ परिवर्तित स्थितियां सुखद लगेंगी। सोमवार एवं बुधवार को स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। बढ़ती जिम्मेदारियों की पूर्ति के लिए समुचित साधन व्यवस्था हेतु चिंतित होंगे। शुक्रवार एवं शनिवार को प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

सिंह नौकरी में अनवरत् श्रम से मन खिन्न होगा। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु नई योजनाओं पर केंद्रित होगा। रविवार एवं सोमवार को अच्छी अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। राजनीतिज्ञों की सक्रियता बढ़ेगी। शिक्षार्थियों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। भौतिक सुख में वृद्धि होगी। बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को कुशल व्यवहार से संबंधों में प्रगाढ़ता लाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थिति से मन प्रसन्न होगा। सामाजिकता के निर्वहन संबंधी व्यस्तता रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में प्रतिभा में निखार आयेगा।

कन्या विषम स्थिति में संयम से काम लें। आकस्मिक किसी सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। राजकीय कर्मचारियों के स्थान परिवर्तन का योग है। कुछ आर्थिक कठिनाइयां परेशान करेंगी। महत्वपूर्ण कार्यो की पूर्ति में अर्थाभाव अवरोधक बनेगा। किसी नये व्यवसाय में पूंजी निवेश से पूर्व अनुभवी लोगों से सलाह लें। राजकीय कर्मचारियों के लिए व्यस्तता का समय रहेगा। विद्यार्थियों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। कर्जदारों से कुछ कहासुनी संभव। बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को नकारात्मक चिंताओं से घिरा मन ईवर की शरण में केंद्रित होगा।

तुला पुरानी समस्याएं हल होंगी। कार्यक्षेत्र में विरोधियों की सक्रियता से सावधान रहें। यह समय जीवन में बड़े परिवर्तन का है। अविवाहितों के विवाह तय होने के समय है। शिक्षा में प्रयत्न तीव्र होगा। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा। शिक्षार्थियों का मन अनवरत् परिश्रम के लिए केंद्रित होगा। कुछ अनूठी अभिलाषाएं मन पर प्रभावी होंगी। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। अपने मन को किसी रचनात्मक व अच्छे कार्य में लगायें।

वृश्चिक आय के नये साधन सुलभ होंगे। बचकाना स्वभाव पर नियंत्रण रखें, अन्यथा कार्यक्षेत्र छवि कुप्रभावित हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा का योग है। आर्थिक क्षेत्र में बड़े परिवर्तन का समय है। प्रयासरत् क्षेत्रों में मनोवान्छित सफलता मिलेगी। कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित होंगे। सोमवार एवं मंगलवार को आय-व्यय में संतुलन बनायें। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को उच्चस्तरीय लोगों से निकटता का लाभ प्राप्त होगा।

धनु आर्थिक क्षेत्र में नई योजनाओं के क्रियान्वित होने से प्रगति संभव। उच्चस्तरीय लोगों से निकटता प्रगति की ओर अग्रसर करेगी। रविवार एवं सोमवार को किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु चिंतित होंगे। राजनीतिज्ञों की सक्रियता बढ़ेगी। रोजगार में बड़े परिवर्तन का समय है। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिश्रम के लिए मन केंद्रित होगा। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को क्रियाशीलता द्वारा प्रगति होगी। उत्साह पूर्वक नई योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्नशील होंगे। उच्चस्तरीय लोगों से निकटता बढ़ेगी।

मकर कमजोर मनोबलवण नकारात्मक चिंताएं रहेंगी। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यय का योग है। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। सोमवार एवं मंगलवार को परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे। शुक्रवार एवं शनिवार को संवेदनील स्थिति में बचकाना स्वभाव से कार्यक्षेत्र में छवि कुप्रभावित हो सकती है। अतः इसे सुधारें। नौकरी में किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद होगा।

कुंभ राजनीतिज्ञों के लिए अनुकूल वातावरण रहेगा। परिश्रम द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं को सार्थक करेंगे। बढ़ती जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। सोमवार एवं मंगलवार को प्रयासरत् क्षेत्रों में कुछ अवरोध संभव। कार्यक्षेत्र में अत्याधिक श्रमवश आलस्य संभव। बुधवार एवं शुक्रवार को कार्यकुालता से लोकप्रिय होंगे। अभिभावकों के सहयोग से उत्साह में वृद्धि होगी।

मीन इस सप्ताह किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता हेतु परिश्रम तीव्र होगा। आकस्मिक कोई लंबी दूरी की यात्रा संभव। कुछ आर्थिक कठिनाइयां परेशान करेंगी। रविवार एवं सोमवार को बीती बातों को भूलना ही श्रेष्ठकर होगा, क्योंकि इससे संबंध मधुर बनेंगे। हीन भाव को लेकर संबंधों मं कटुता न पैदा करें। शिक्षा में कुछ चिंताएं रहेंगी। शुक्रवार एवं शनिवार को शासन सत्ता के लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।



हेडगेवार नगर वार्ड में दुर्गा प्रतिमा, विवेकानंद नगर में स्थापित प्रतिमा, बुद्ध नगर में स्थापित माँ की मूर्ति, विधायक श्याम धनी राही ने माँ का दर्शन किया, खुनियॉव व सोहास बाजार में स्थापित दुर्गा प्रतिमा। फोटो : एसएनबी

पांडालों में स्थापित मां दुर्गा का दर्शन को श्रद्धालुओं की जुटने लगी भीड़

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आस्था व उत्साह का माहौल

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर दुर्गा पंडालों और देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी है। जैसे ही माँ दुर्गा के पट खुले हैं, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है और पांडालों में स्थापित मां दुर्गा का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर सिद्धार्थ नगर में आस्था और उत्साह का माहौल बना हुआ है,शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के पंडालों में माँ जगदम्बा भवानी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पट खुलते ही सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की कतारें लग रही हैं।चारों ओर श्जय माता दीश और देवी मैया के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।पंडालों की रंग-बिरंगी रोशनी और भव्य सजावट भक्तों को आकर्षित कर रही है, जिससे इलाके की रौनक और बढ़ गई है।जिले के गालापुर देवी मंदिर (गालापुर वटवासिनी महाकाली मंदिर) और पलटा देवी मंदिर जैसे प्रसिद्ध देवी स्थानों पर हर साल नवरात्रि में विशेष भीड़ उमड़ती है, जहाँ दूर-दराज से भक्त दर्शन के लिए पहुँचते हैं।प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने और पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

विकास के मामले में देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश : अनिल राजभर

सरकार सड़क, एयर कनेक्टिविटी के अलावा जल मार्ग के विकल्प पर भी तेजी से कार्य कर रही है

प्रभारी मंत्री ने जीएसटी अधिकारियों के साथ बैठक कर जीएसटी के नए नियमों का पालन कराने का दिया निर्देश

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने आजादी के पहली बार उत्तर प्रदेश ने विकास के मामले में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, एयर कनेक्टिवीटी के अलावा जल मार्ग के विकल्प पर भी तेजी से कार्य कर रही है। कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,पश्चिम बंगाल और केरला को विकास के मामले में उत्तर प्रदेश ने पीछे छोड़ दिया है।सर्वाधिक एक्सप्रेस वाला प्रदेश बन गया है उत्तर प्रदेश। जीएसटी के क्षेत्र में जो रिफार्म मोदी जी ने किया है,जीएसटी के क्षेत्र में बहुत बड़ा सुधार किया है।जबसे देश में जीएसटी का प्राविधान हुआ है,तबसे लेकर अब तक जीएसटी काउंसिल की लगभग 37 बैठक हुआ है,और उस बैठक में निर्विवाद फैसला हुआ है।सबके सहमति के आधार पर मोदी सरकार ने जीएसटी में यह बड़ा सुधार किया है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जीएसटी सुधार जरूरी है। हम जनता के बीच में जा रहे है,व्यापारी के बीच में जाकर जीएसटी के बारे में जानकारी दे रहे है।प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान,पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर जीएसटी बचत उत्सव के अवसर पर कैबिनेट मंत्री धजिले प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व पार्टी पदाधिकारियों के साथ व्यापारियों, दुकानदारों से संपर्क कर संवाद किया। प्रभारी मंत्री ने कहा सभी व्यापारी भाइयों ने जीएसटी में ऐतिहासिक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। हम लोगो ने उनसे स्वदेशी सामान अधिक से अधिक रखने का आग्रह किया और जीएसटी बचत का लाभ अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुचाने का आग्रह भी किया । जनसंपर्क के दौरान प्रभारी मंत्री ने घटी जीएसटी-मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार, का नारा लगाया।डाक बंगले पर प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने जीएसटी अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी को जीएसटी के नए नियमों का पालन सुचारू रूप से पालन कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गण बृज बिहारी मिश्र, रामकुमार कुंवर, लाल बाबा,जिला महामंत्री विपिन सिंह,विजयकांत चतुर्वेदी,जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य,घनश्याम मिश्र,तेजू विश्वकर्मा,जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय,जिला मंत्री अजय उपाध्याय,फतेबहादुर सिंह,हेमंत जायसवाल,साधना चौधरी,नगर अध्यक्ष महेश वर्मा,महामंत्री गगन श्रीवास्तव,संतोष शुक्ला,सौरभ आदि लोग उपस्थित रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते जिले के व व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी के बारे में जानकारी देते प्रभारी मंत्री।

निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से एड्स एवं टीबी जागरूकता को लेकर श्रीराम बिलास इंस्टीट्यूट अफ नर्सिग एंड मेडिकल साइंसेज, सोनखर, बांसी सिद्धार्थ नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एड्स की जानकारी को लेकर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई, जिसमें बीएससी नर्सिग की छात्रा राखी शर्मा पहले, सीमा विश्वकर्मा दूसरे और खुशी रौनियार तीसरे स्थान पर रहीं। एएनएम से बंदना और जीएनएम से काजल पासवान को भी पुरस्त किया गया। संस्था की प्रबंधक डा. अनिता द्विवेदी ने कहा कि एड्स को लेकर हमें खुद भी जागरूक रहना होगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा। प्रिंसिपल अनुराधा तुमटी ने एचआइवी के कारण और बचाव पर चर्चा की। जिला क्षय रोग अधिकारी और प्रधानाचार्य ने निबन्ध लेखन विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



समेकित शिक्षा के लिए मास्टर ट्रेनर्स हुए प्रशिक्षित

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। समेकित शिक्षा अंतर्गत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षित हुए। यही मास्टर ट्रेनर्स सभी बीआरसी पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समेकित शिक्षा के प्रति प्रशिक्षित करेंगे। पीएम श्री विद्यालय अशोकनगर बांसी में शनिवार को संपन्न तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिला समन्वयक करूणापति त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक विकास खंड से दो-दो विशेष शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक अवनीश कुमार त्रिपाठी और गणेश गौड़ ने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में स्क्रीनिंग और उपचार से बच्चों की पढ़ने-लिखने और गणितीय संक्रियाओं को समझने की क्षमता में तेजी से सुधार होता है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की नियमित स्क्रीनिंग और पहचान से भविष्य में एक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा सकेंगे।



शौच के बहाने घर से निकली विवाहिता लापता

बेंवा (एसएनबी)। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बेंवा हुसैन गांव से एक विवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने की खबर सामने आई है। विवाहिता के शौच के बहाने घर से निकलने के बाद वापस न लौटने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पति ने स्थानीय पुलिस थाने में गुमशुी की तहरीर दी है।जानकारी के अनुसार बेंवा हुसैन निवासी राजेश मिश्रा ने डुमरियागंज थाना प्रभारी निरीक्षक को एक लिखित तहरीर देकर अपनी पत्नी रानी मिश्रा (21) के लापता होने की सूचना दी। तहरीर में राजेश मिश्रा ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे उनकी पत्नी रानी मिश्रा घर से शौच जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन उसके बाद से वह घर नहीं लौटीं।लापता रानी मिश्रा के पति राजेश मिश्रा और अन्य परिजनों ने सबसे पहले अपने स्तर पर उसकी गहनता से खोजबीन की। उन्होंने सभी संभावित स्थानों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहाँ रानी मिश्रा का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं भी कोई सुराग नहीं मिल सका।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराते हुए राजेश मिश्रा ने यह भी बताया कि लापता रानी मिश्रा के दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं, जिनके कारण परिवार की चिंता और भी बढ़ गई है। बच्चों को अपनी मां की तलाश है और पूरा परिवार सदमे में है।

शताब्दी वर्ष पर आयोजित पथ संचलन की तैयारियाँ तेज

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कलेज, तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित होने वाले सात प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली गई है। प्रथम कार्यक्रम के रूप में नगर एवं खंड स्तर पर मंडलशः पूर्ण गणेश पथ संचलन व एकत्रीकरण का आयोजन 2 से 15 अक्टूबर तक संपन्न होगा।

इस अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक राजीव नयन ने केशव बस्ती के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष हमारे लिए केवल उत्सव का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की सकारात्मक ऊर्जा पहुँचाने का अवसर है। पथ संचलन केवल अनुशासन और एकता का प्रतीक नहीं, बल्कि यह समाज में विश्वास, सुरक्षा और सहयोग का संदेश भी देता है। हमें इस आयोजन को भव्य एवं अनुकरणीय बनाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने आगे कहा किसंघ का शताब्दी वर्ष हमारे लिए एक महान उत्सव वर्ष है। यह वर्ष हमें अपने मूल्यों, परंपराओं और राष्ट्रनिष्ठ जीवन दृष्टि को समाज के प्रत्येक कोने तक पहुँचाने का अवसर प्रदान करता है। शताब्दी वर्ष का प्रत्येक कार्यक्रम समाज में जागरूकता, संगठन और सहयोग की भावना को और प्रगाढ़ करने का माध्यम बनेगा।

बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य ड. राजेश कुमार श्रीवास्तव, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उमा सिंह समेत बड़ी संख्या में केशव बस्ती के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विभाग विचारक ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष में अपनी स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित करें। यह केवल संघ का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक सजग नागरिक का पर्व है। प्रत्येक स्वयंसेवक को चाहिए कि वह इस वर्ष के प्रत्येक आयोजन को अपने जीवन का हिस्सा बनाए और संगठन के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे।

लम्पी स्किन डिजीज से बचाव को पशुओं का कराएं निःशुल्क टीकाकरण

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) से गोवंशों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। जिलाधिकारी ने पशुपालकों से अपील की है कि वे समय से अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि यह बीमारी कैप्रि पक्स वायरस से होती है, जो खून चूसने वाले मच्छर, मक्खी, किलनी और जूं जैसे परजीवियों द्वारा फैलती है।डीएम ने स्पष्ट किया कि यह एक नन-जूनोटिक बीमारी है, यानी यह इंसानों में नहीं फैलती, बल्कि केवल पशुओं को प्रभावित करती है। संक्रमित पशुओं के सीधे संपर्क में आने से भी यह स्वस्थ पशुओं में फैल सकती है। दूषित पानी, चारा, दूध उत्पादन में कमी, थन व नाक से स्राव निकलना, चारा खाने में अरुचि और गर्भपात जैसे लक्षण इस बीमारी की पहचान हैं।

अनावश्यक रूप से किसी को परेशान न किया जाय: डीएम

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर ने सिद्धार्थनगर थाना समाधान दिवस में मामलों की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि मामलों के निस्तारण में लापरवाही कत्तई ने बरते।

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर द्वारा सुना गया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित पाए गए। समस्त राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाय। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि आज और कल मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जाध्पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। इस दौरान तहसीलदार नौगढ़, थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भनवापुर (एसएनबी)। त्रिलोकपुर थाना परिसर में आज चतुर्थ शनिवार को समाधान दिवस की बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता रवि कुमार यादव तहसीलदार डुमरियागंज ने किया। जिसमें तहसीलदार ने सभी कानूनगो व लेखपाल को अवगत कराया कि आप लोग अपने अपने हल्का का मामला देखकर ही उचित निर्णय दे और दोनों पक्षों को संतुष्ट करके कार्य करे। दो मामले आए मौके पर एक का निस्तारण हुआ।थानाध्यक्ष रामदेव ने बड़े निगरानी के साथ देखा। जो कुछ पूर्व लंबित मामले पड़े थे उसको विशेष रूप से देखकर एक मामले के लिए टीम गठित किया गया। दो राजस्व विभाग के मामले आए और पुलिस विभाग के मामले देखने को नही मिला। कुछ नाली निर्माण कार्य को लेकर कुछ गांव संबधी आए। इस मौके बिजोरा चौकी चंद्रशेखर पांडे ,बिस्कोहर चौकी वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव, उप निरीक्षक शिवाकांत राय, शिवनारायण सिंह ,रामायण प्रसाद ,कमलेश यादव, गणेश कुमार ,त्रिभुवन प्रसाद, तालीमुद्दीन खान, विशेश्वर प्रसाद, हेड कांस्टेबल एतेहेशान अहमद, वेद प्रकाश यादव, जुनेद अहमद, महिला कांस्टेबल इन्दिरा तिवारी, राजस्व निरीक्षक अब्बू शामा, मोहम्मद फारूक, हल्का लेखपाल पन्नालाल यादव, अवधेश प्रताप, माता प्रसाद, रामकुमार तिवारी, देवी लाल गिरी, प्रभाकांत मोरिया, सौरभ तिवारीआदि लोग उपस्थित रहे। क्षेत्र के किसान परमात्मा चौधरी अपनी समस्या लेकर भी पहुंचे थे।



मामले की सुनवाई करते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

नेपाली बस से साढ़े 14 करोड़ का थाईलैंड उत्पादित गांजा बरामद

बढ़नी / खुनुवा (एसएनबी)। सिद्धार्थनगर जिले का खुनुवा बार्डर पर एक बार फिर सुर्खियों में है।नेपाल के राजधानी काठमांडू से दिल्ली जा रही एक नेपाली बस से भारतीय कस्टम ने 14.376 किलोग्राम थाईलैंड उत्पादित गांजा बरामद किया है,जिसके साथ 2 तस्कर भी पकड़े गए है। बरामद माल की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब साढ़े 14 करोड़ आंकी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस सायं काठमांडू से दिल्ली जा रही नेपाली बस (नं. लु2ख 6998) जब नेपाल के चेकपोस्टों से होकर भारतीय सीमा खुनुवा (कस्टम चेक पोस्ट) पर पहुंची तो अधिकारियों ने गाड़ी की चेकिंग की।चेकिंग के दौरान ही बस में सवार 2 यात्रियों की सीट के पास रखे गीजर मशीन पर संदेह होने पर उसकी बारीकी से पड़ताल की तो उसमें छुपाया गया गांजा बरामद हुआ।उक्त बरामी पर कस्टम ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया।

बकौल कस्टम अधीक्षक अनिल सिंह पूछताछ में उक्त दोनों युवकों ने बताया कि वो काफी समय से थाईलैंड में नौकरी कर रहे थे।वहीं से 22 सितंबर को नेपाल के काठमांडू आए और अब दिल्ली जा रहे थे।दिल्ली से अपने घर केरल जाने की बात बताई है।कस्टम सूत्रों से पता चला कि थाईलैंड निर्मित 2 इलेक्ट्रिक गीजर में उसके पार्ट्स निकाल कर,पार्ट्स के वजन के बराबर पालीथीन के छोटे छोटे 142 पैकेट्स में मादक पदार्थ छुपाकर लाया गया था।थाईलैंड उत्पादित गांजा के बरामद होने पर एनसीबी,लखनऊकी टीम तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने दबोचे गए दोनों अभियुक्तों से गहन पूछताछ की। कस्टम के एडिशनल कमिश्नर, गोरखपुर जितेंद्र सिंह ने बताया है कि केरल बेस्ड दोनो अभियुक्तों पर अपराध संख्या 43/25 में धारा 8/20/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीत कर न्यायालय भेज दिया है,जहां से दोनों को सिद्धार्थनगर जेल भेज दिया गया हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान एहतेशाम पुत्र मोइनुद्दीन (26वर्ष) निवासी कुट्टी,अझुवाल अप्पम, थचान कोड कोझी पोक्कोटूर, वल्लूउडमवरम, केरल तथा मो. राशिद पुत्र नौशाद (24 साल) निवासी परक्कल हाउस कोटार्क कोथ, परमवल्ली कोझीकोड जिला मल्लपुरम (केरल) के रूप में हुई है।

इसी क्रम में नेपाल के बारा जिले की अमलेखगंज क्षेत्रीय पुलिस द्वारा बीरगंज की ओर आ रहे एक मिनी ट्रक के छत में बनाए गए गुप्त खाने में छिपाकर रखा गया करीब 237 किग्रा गांजा जीतपुर सिमरा से बरामद किया गया है। पुलिस ने उक्त संबंध में एक अभियुक्त को भी हिरासत में लेकर छानबीन कर रही है।

विगत दिवस मकवानपुर से बीरगंज की तरफ आ रहे एक मिनी ट्रक (बा1ख 9569) को संदेह होने पर इप्रका अमलेखगंज की पुलिस ने तलाशी हेतु रोका।तलाशी के दौरान मिनी ट्रक के छत की सीलिंग मे ं कैविटी बनाकर उसमें त्रिपाल से ं छुपाकर रखा गया 28 संदिग्ध पैकेट्स बरामद हुआ है।उक्त के साथ पकड़े गए रमेश रुम्बा (38 वर्ष), निवासी कैलाश गांवपालिका 10, मकवानपुर ने उसके गांजा होने की जानकारी दी है। अमलेखगंज पुलिस के मुताबिक 28 पैकेटों में 236 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।ड्राइवर रमेश को हिरासत में लेकर जरूरी छानबीन की जा रही है।आशंका व्यक्त की जा रही है कि उक्त गांजा तस्करी के जरिए भारतीय क्षेत्र में भेजा जाना था।



सार्थक होगा यह समझौताः कुलपति

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। सिविवि में कुलपति प्रो. कविता शाह के सक्रिय नेतृत्व से जिले के सर्वागीण विकास और युवाओं के उत्थान के उद्देश्य से उद्यमिता विकास पर एक ऐतिहासिक गोलमेज बैठक का आयोजान किया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जो जिले को नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है।

अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो. शाह ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन से विवि के शिक्षक और छात्र जनपद की प्रगति के ब्रांड एम्बेसडर बनकर शिक्षा, शोध और कौशल विकास के माध्यम से जिले की आकांक्षाओं को नई उड़ान प्रदान करेंगे।

जिलाधिकारी ने कुलपति प्रो. शाह के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह समझौता आकांक्षी जनपद से विकसित जनपद तक की यात्रा को गति देगा। जनपद में एक जनपद एक उद्पाद के रुप में दर्जा प्राप्त कालानमक चावल के वैश्विक पहचान बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जारहा है जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से बीज गुणवत्ता परीक्षण केंद्र एवं वेयरहाउस को स्थापित करना है। उन्होंने आगे कहा कि जिले में अच्छे काला नमक चावल के लिए लो-टेम्परेचर मिलिंग तकनीक को विकसित करने एवं सिंचाई व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना भी और उन्होंने आगे बताया कि इस समझौता ज्ञापन के तहत विश्वविद्यालय की ओर से मैनपावर सहायता से निश्चित ही इन सभी क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएँ खुलेंगी। कार्यक्रम के संयोजक एवं उद्यमिता विकास समिति के निदेशक प्रो. सौरभ ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय को नई गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर विवि के परीक्षा नियंत्रक सह कुलसचिव दीना नाथ यादव, सीडीओ बलराम सिंह, कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजमिहिल, उपायुक्त उदय पासवान, उपषि निदेशक राजेश कुमार, जीआईडीए उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री रामाशंकर शुक्ला ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रो नीता यादव, अधिष्ठाता प्रो प्रति राय, प्रो सत्येंद्र दुबे, डा. सुनीता त्रिपाठी, डा. लक्ष्मण सिंह, डा. विशाल गुप्ता डा. आशुतोष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. शिवम शुक्ला ने किया।



आस्था का दिखा अद्भुत संगमः गालापुर महाकाली मंदिर में सवा तीन लाख दीपों का हुआ दीपोत्सव

नवरात्रि पंचमी पर उमड़ा भक्तों का सैलाब, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

डुमरियागंज(एसएनबी)। शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि पर गालापुर महाकाली मंदिर परिसर एक दिव्य और ऐतिहासिक दीपोत्सव का साक्षी बना। धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में सवा तीन लाख से अधिक स्वदेशी मिट्टी के दीपों से मंदिर परिसर को चमत्कारी आभा से आलोकित किया गया। यह आयोजन जनपद में नवरात्रि के अवसर पर इतनी विशाल संख्या में दीप प्रज्वलित करने वाला पहला धार्मिक स्थल बन गया है।

आयोजन का शुभारंभ धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक और पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने माता महाकाली की आरती करके किया। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार रविकुमार यादव, मंदिर व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा, विनोद बाबा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य जन मौजूद रहे। विगत वर्षो से हो रहे दीपोत्सव कार्यक्रम में इस वर्ष लगभग सवा तीन लाख दीप प्रज्वलित किए गए। इसमें धर्म रक्षा मंच की ओर से जलाए गए सवा लाख दीपों के अलावा, श्रद्धालुओं ने भी दो लाख से अधिक दीपक जलाकर दीपदान किया। यह विशाल संख्या जन-आस्था और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है। 2100 दीप गाय के गोबर से बने थे, और महिलाओं ने स्वयं कच्चे मिट्टी से 5100 दीपक बनाकर जलाए थे। मंदिर परिसर को रंगोलियों और धार्मिक प्रतीकों,जैसे स्वास्तिक, ओम, चरण पादुका, और जय माता दी से खूबसूरती से सजाया गया था।कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के असीमित जनसैलाब को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, और चिकित्सकों की टीम हाई अलर्ट पर थी। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निशुल्क मेडिकल कैंप भी लगाया गया।पूर्व विधायक ने इस दीपोत्सव की आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का मजबूत प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि भक्तों ने जाति-पांत से ऊपर उठकर एक साथ दीपदान कर समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया है। विधायक श्यामधनी राही ने इस आयोजन को अंधकार पर प्रकाश की विजय बताया।एडीएम राजेश कुमार ने इस आयोजन को अद्भुत और अविस्मरणीय करार देते हुए आयोजक समिति और सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। मंदिर व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष दीपोत्सव में बीते वर्षो की तुलना में कहीं अधिक उत्साह देखने को मिला। देर रात तक भक्तजन मां महाकाली का पूजन और दीपदान करते रहे।इस दौरान लवकुश ओझा, डा दशरथ चौधरी, हरिशंकर सिंह, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, राजन अग्रहरि, शत्रुहन सोनी, बब्बू पाठक, रघुनंदन पाण्डेय, अजय अग्रहरि, प्रेम पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय, हरीश पाण्डेय, डम्पू पाण्डेय, अभिषेक युवराज हरी सिंह, पप्पू सिंह, बब्बू सिंह, संजीव सिंह आदि सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



गालापुर स्थित मां वट वासनी मंदिर पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में पूजन अर्चन करते पूर्व विधायक, सवा तीन लाख दीपों से जगमगाया मंदिर व कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

हमेशा सतर्क रहने वाले हमारे विदेश नीति प्रतिष्ठान में संतोष का भाव था कि ट्रंप सेवा और फार्मा क्षेत्र को निशाना नहीं बनाएंगे जिनमें भारत मजबूत स्थिति में है। लेकिन एच1बी टैक्स के बाद ब्रांडेड जेनरिक दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ की संभावना के मद्देनजर लगता है कि मोदी जी के मित्र अभी और भी 'खेल' करने वाले हैं।
एम.के. वेणु, पत्रकार@mkvenu1

विकास




भारत डोगरा

ग्राम स्वास्थ्य सेवाएं समग्र बनें

ग्राम स्वास्थ्य सेवाओं को सब तक सामुदायिक सहयोग से पहुंचाने का उद्देश्य सदा हमारी प्राथमिकता रहा है, पर ये सेवाएं कितने समग्र रूप में आगे जा सकेंगी, यह बहस का मुद्दा बनता रहा है। पहले सभी स्वास्थ्य समस्याओं के समग्र रूप में समाधान पर अधिक जोर दिया गया पर अनेक विकासशील देशों ने जब इसे व्यावहारिक रूप देने का प्रयास किया तो वित्तीय संसाधनों की उपलब्धि के कारण उन्हें लगा कि कुछ प्राथमिकताओं को चुनकर उन्हें अधिक महत्त्व देना होगा।

इस स्थिति में ऐसे रोगों या स्वास्थ्य समस्याओं को चुना गया जिनमें कमी लाकर अधिक जीवन बचाए जा सकते थे। ऐसी प्राथमिकताओं का औचित्य समझाते हुए भी अनेक स्वास्थ्यविद् ने स्वास्थ्य और विशेषकर ग्रामीण स्वास्थ्य संबंधी एक समग्र सोच विकसित करने की जरूरत पर ध्यान दिलाना जारी रखा क्योंकि सही अर्थों में और टिकाऊ तौर पर स्वास्थ्य सुधार इस समग्र सोच से ही संभव है। ऐसी समग्र सोच में जहां सभी स्वास्थ्य समस्याओं का समावेश होता है, वहां स्वास्थ्य को नजदीकी तौर पर स्वच्छता और पोषण से जोड़ कर भी देखा जाता है। स्थानीय स्थितियों के अनुसार बेहतर पोषण के सुझाव देना तो अपेक्षाकृत सरल कार्य है, पर कठिनाई वहां आती है, जहां स्थानीय समुदायों के अनेक परिवारों (जैसे भूमिहीन और सबसे निर्धन परिवारों) में उस पोषण को प्राप्त करने की आर्थिक क्षमता ही नहीं होती है। इस स्थिति में अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों ने न्यायसंगत व्यापक मांग भी उठाई हैं। फिलहाल, इतना प्रयास तो वे कर ही सकते हैं कि इन परिवारों के आजीविका सुधार के कुछ व्यापक प्रयासों से जुड़ें। इसमें भी अधिक सुगम प्रवृत्ति यह पाई जाती है कि सब्जी का छोटा सा बगीचा लगा कर या मुर्गी पालन से पोषण को कुछ बेहतर कर लिया जाए। इससे कुछ सुधार तो अवश्य होता है पर यदि अन्य प्रतिकूल स्थितियां से आजीविका बिगड़ रही है, तो फिर कुल मिला कर स्थिति विकट ही बनी रहती है।

अतः स्वास्थ्य कार्यक्रम में समग्रता पर जोर देने की आवश्यकता है। कुछ विद्वान मानते हैं कि आजीविका सुधार के प्रति भी समग्र दृष्टिकोण ही अपनाया जाए। दूसरी ओर, कुछ अन्य व्यक्ति कहते हैं कि इस तरह तो जिम्मेदारी और कार्य बहुत बढ़ जाएंगे। यहां एक समाधान यह हो सकता है कि यदि स्वास्थ्य कार्यक्रम बहुत सी आजीविका जिम्मेदारियों को संभाल न भी सकें तो कम से कम इस बारे में स्पष्ट सोच अवश्य बना लें कि आजीविका सुधार की किस दिशा में जाना है, और किन गलतियों से बचना है।



भारतीय ग्रामीण स्थिति को देखें तो प्रायः अनेक स्थानों पर छोटे किसानों और भूमिहीनों से न्याय, प्राकृतिक खेती, जल और मिट्टी संरक्षण, गांववासियों में बढ़ते सहयोग, वनों की रक्षा और स्थानीय प्रजाति के वृक्षों में वृद्धि, जैव-विविधता और परंपरागत बीजों की रक्षा, रचनात्मक रोजगार सृजन और गांव समुदाय की बढ़ती आत्मनिर्भरता का मॉडल अनुकूल और प्रेरक है। यह सोच बहुत कुछ स्वतंत्रता आंदोलन और विशेषकर महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज की सोच के अनुकूल है। इस सोच पर आगे बढ़ने में कोई महंगा खर्च नहीं है अपितु किसानों के खर्च और कर्ज कम होंगे। इसके अतिरिक्त यह सोच पर्यावरण की रक्षा और टिकाऊ विकास के लिए भी बहुत अनुकूल है। इन दिनों जलवायु बदलाव के खतरे को कम करने और उसका सामना करने की क्षमता को बढ़ाने (मिटीगेशन और एडॉप्टेशन) की अधिक चर्चा है और इसके लिए धन और बजट भी उपलब्ध है। यह सोच इस दृष्टि से भी बहुत अनुकूल है और इसे अपना कर जलवायु बदलाव के खतरे को कम करने और इसका सामना करने की क्षमता बढ़ाने की दिशा में भी बढ़ा जा सकता है।

समाज-सुधार के अनेक महत्त्वपूर्ण पक्ष हैं। इनमें स्वास्थ्य की दृष्टि से सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि निरंतरता से शराब, तंबाकू, गुटके, ड्रग्स, गांजा आदि के विरुद्ध जन-अभियान चला कर इनका उपयोग कम से कम किया जाए। इसके लिए सभी गांवों में महिलाओं के नेतृव में नशा-विरोधी समिति बनानी चाहिए और इसका कार्य निरंतरता से चलना चाहिए। इसके अतिरिक्त समग्र स्वास्थ्य के लिए समाज-सुधार के अनेक अन्य पक्ष भी महत्त्वपूर्ण हैं जैसे गांववासियों का आपसी सहयोग बढ़ना, महिलाओं की समानता और ग्रामीण कार्यों में अधिक जिम्मेदारी, बाल विवाह को रोकना, शिक्षा-विशेषकर लड़कियों की शिक्षा में सुधार, जुए और अन्य कुरीतियों पर रोक। ये विभिन्न समाज-सुधार अपने आप में बहुत सार्थक हैं पर साथ ही समग्र स्वास्थ्य प्राप्त करने के उद्देश्य में भी इनका महत्त्वपूर्ण योगदान है। इसके अतिरिक्त यदि गांव में अहिंसा और अमन-शांति की सोच को प्रतिष्ठित और मजबूत किया जाए तो इससे भी समग्र स्वास्थ्य प्राप्ति में मूल्यवान योगदान मिल सकता है, और विशेषकर बढ़ते मानसिक तनाव और इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में बहुत कमी आ सकती है। हालांकि अमन-शांति पर अधिक चर्चा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में होती है, पर हकीकत तो यह है कि दैनिक जीवन में जो हिंसा है या हिंसक सोच है, वह अनेकानेक समस्याओं और दुख-दर्द के मूल में है। वैसे तो विभिन्न गांवों की स्थितियों में बहुत भिन्नता हो सकती है, पर अनेक गांवों में इनमें से अनेक स्थितियां महत्त्वपूर्ण स्तर पर मौजूद हैं-महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध हिंसा, बहुत समय से चल रहे झगड़े और मुकदमेबाजी, जाति और धर्म आधारित भेदभाव और हिंसा, भूमि-विवाद, तरह-तरह का शोषण और उससे जुड़ी हिंसा, गुटबाजी और लठैतबाजी, हथियारों की बढ़ती उपस्थिति और अपराधी गतिविधियों की वृद्धि, संसाधनों की नियोजित लूट और इसके लिए हिंसा का उपयोग।

ये सभी प्रवृत्तियां जहां अपने आप में हानिकारक हैं, इनके कारण मानसिक तनाव, अवसाद और निराशा, बुनियादी जरूरतें से वंचित होना, भूख और कुपोषण, नशे का प्रचलन आदि समस्याएं बढ़ जाती हैं। दूसरी ओर, यदि दैनिक जीवन में न्याय आधारित अमन-शांति और अहिंसा स्थापित करने और आधिपत्य की प्रवृत्ति को दूर करने के प्रयास किए जाएं तो समग्र स्वास्थ्य के उद्देश्य को प्राप्त करने में बहुत सहायता मिल सकती है। घरेलू हिंसा को न्यूनतम कर पाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। समग्र स्वास्थ्य की यह व्यापक सोच ग्रामीण संदर्भ में विशेष तौर पर महत्त्वपूर्ण है। एक उदाहरण है, इस सोच को अपनाते हुए न केवल पोषण की मात्रा बढ़ाई जा सकती है अपितु यह भी सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्राकृतिक खेती से प्राप्त विभिन्न खाद्यों की स्वास्थ्य की दृष्टि से गुणवत्ता कहीं बेहतर होगी। दूसरी ओर, इस समग्र सोच के अनेक पक्ष ऐसे हैं, जो ग्रामीण या शहरी या किसी भी क्षेत्र के समग्र स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। पहली नजर में लग सकता है कि इस तरह की सोच अपनी व्यापकता के कारण बहुत सी जिम्मेदारियों को बढ़ा सकती है, पर इस समग्रता में इतनी रचनात्मकता है, और इसके उद्देश्य इतने खूबसूरत हैं कि इस राह पर चलने में कोई बोझ प्रतीत नहीं होगा अपितु साथ चलते हुए निरंतर प्रेरणादायक माहौल में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

स्वास्थ्य कार्यक्रम में समग्रता पर जोर देने की आवश्यकता है। कुछ विद्वान मानते हैं कि आजीविका सुधार के प्रति भी समग्र दृष्टिकोण ही अपनाया जाए। कुछ अन्य व्यक्ति कहते हैं कि इस तरह तो जिम्मेदारी और कार्य बहुत बढ़ जाएंगे। यहां एक समाधान यह हो सकता है कि यदि स्वास्थ्य कार्यक्रम बहुत सी आजीविका जिम्मेदारियों को संभाल न भी सकें तो कम से कम स्पष्ट सोच अवश्य बना लें कि आजीविका सुधार की किस दिशा में जाना है, और किन गलतियों से बचना है। भारतीय ग्रामीण स्थिति को देखें तो छोटे किसानों और भूमिहीनों के न्याय, प्राकृतिक खेती, जल और मिट्टी संरक्षण, गांववासियों में बढ़ते सहयोग, वन संरक्षण और स्थानीय प्रजाति के वृक्षों में वृद्धि, जैव-विविधता और परंपरागत बीजों की रक्षा, और गांव समुदाय की आत्मनिर्भरता का मॉडल अनुकूल और प्रेरक है

मीडिया और 'फ्री स्पीच' का मिथ

मीडिया



सुधीश पचौरी

वांचुक की अपनी पहली 'फेम' और फिल्म द्वारा बढ़ाई गई 'फेम' ही शायद उनकी ताकत रही लेकिन जैसे ही उनके आह्वान के फलस्वरूप कानून व्यवस्था बिगड़ी, लेह की पुलिस ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया। अब एक ओर है वांचुक की 'सत्ता', उसके पीछे विपक्ष की सत्ता, दूसरी ओर है सरकार की सत्ता! एक सच हारा। एक सच जीता

यों 'मीडिया' में हर बंदा 'सच' बोलता है लेकिन बंदे का 'सच' क्या सच होता है, यह सवाल सारी बहसों के बाद भी अनुत्तरित ही रह जाता है। जब मामला मीडिया में नहीं निपटता, तो सच के लिए आप अदालत जाते हैं। अदालत जब एक को सही, दूसरे को गलत साबित करती है तो अदालत पर ही उगलियां उठाई जाने लगती हैं...न पुलिस सही, न जांच सही, न अदालत सही...तब सही तो कौन?

फिर भी कहा जाता रहता है कि जनतंत्र बचाना है, संविधान बचाना है...एक ओर मैं जनतंत्र व संविधान बचाना चाहता हूं दूसरी ओर मैं इन पर विश्वास नहीं करता...अगर मेरे पक्ष में फैसला नहीं आता तो मैं उसे तुरत 'गलत' करार दे देता हूं। ऐसे में 'जनतंत्र व संविधान' बचे तो कैसे? इस तरह अपने 'सच' का फैसला या तो मेरा मन करता है, मेरे मन के पीछे खड़ी मेरी ताकत करती है...इस तरह से हर सच उसके पीछे खड़ी ताकत से बनता है। यह ताकत जनता के वोट से आती है, जिसे मैं बहला-फुसला कर खरीद सकता हूं, जनता को धोखा देकर ले सकता हूं और इस तरह अपनी ताकत से 'अपना सच' बना सकता हूं, जो उसे न माने उसे झूठा कह सकता हूं...इस तरह हर एक की ताकत ही 'उसका सच' है। इस तरह सच की सारी लड़ाई अपनी ताकत को बटोरने की लड़ाई है।

इस मानी में जनतंत्र का दिया 'सच' और संविधान प्रदत्त 'स्पीच' या अभिव्यक्ति की आजादी एक 'मैनेजेबल मिथक' भर है। कथित 'अभिव्यक्ति' यानी 'बोलने' की आजादी भी 'सच' के 'मैनेजमेंट' का खेल है। 'प्योर सच' अपने आप में कुछ नहीं। 'सत्य' के विमर्श यही बताते हैं कि इस दुनिया में कुछ भी अपने आप नहीं बनता, बल्कि 'बनाया' जाता है। इसलिए सच भी बनाया जाता है, और एक बार अपना 'सच' बन गया तो फिर बाकी का सब 'झूठ' बना दिया जाता है। इन दिनों हम ऐसे ही अनंत सचों और झूठों के बीच झूलते रहते हैं। नेपाल में 'जैंजी पीढ़ी' ने एक 'पूर्व सत्ता' के 'सच' को नकार कर 'नई सत्ता' और 'नई आजादी' बनाई। कल को कोई इसे भी हटाकर नई लाएगा और अपना सच और अपनी आजादी बनाएगा। यों हम में से सब 'सचपरस्त' हैं और अभिव्यक्ति की अजादी के पक्षधर हैं, लेकिन जैसे ही किसी का सच, किसी की अभिव्यक्ति हमें तंग करती लगती है वैसे ही हम उसको निपटाने के चक्कर में लग जाते हैं। इस तरह हर 'सच' और उसे कहने की 'आजादी' के पीछे भी एक तंत्र (नेटवर्क) काम करता है। अगर वो न हो तो कोई किसी की न माने...आज न कोई पक्का 'जनतंत्रवादी' है न पूरा 'आजादीवादी' है। न कोई सच पूरा सच होता है, न कोई 'स्पीच' मात्र 'स्पीच होती। हर स्पीच या अभिव्यक्ति,'अभिव्यक्ति' के 'ओनर' यानी 'स्वामी' से जुड़ी होती है। वह भी किसी 'स्वामी' के 'मीडिया' से जुड़ी होती है, जिसमें वह प्रसारित होती है। वह विज्ञापकों से जुड़ी होती है, जो मीडिया को चलाते हैं। वह उन कानूनों से जुड़ी होती है, जो मीडिया को सच का ठेकेदार सिद्ध करते हैं। ये सब मिल कर बोलने के अधिकार की सीमा 'तय' करते हैं। यह 'सीमा' सत्ता के 'मूड' से तय होती है कि एक वक्त में सत्ता क्या पंसद करती है क्या नहीं?

इसे एक ताजा उदाहरण से समझा जा सकता है। यह है 'लेह' के कथित 'एक्टिविस्ट' सोनम वांगचुक की वे 'स्पीचें' जो उन्होंने दीं जिनमें बांग्लादेश और नेपाल की जैंजी की तरह यहां की जैंजी का आह्वान किया गया...जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ी, हिंसा हुई। लेह के प्रशासन व पुलिस ने कार्रवाई की। इस सबके लिए वांगचुक को गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया...बाद की खबरें बताती रहीं कि वांगचुक के एनजीओ को विदेशों से धन मिलता था। पैसे का कोई का पक्का हिसाब-किताब नहीं दिखा...फिर भी कई बहसों में कई लोग वांगचुक को पर्यावरण एक्टिविस्ट मानते रहे, गैर-राजनीतिक मानते रहे...एक विश्लेषक ने बताया कि वांगचुक लद्दाख के प्रतिभाशाली एक्टिविस्ट हैं, जो आमिर खान की फिल्म 'थ्री इडियट्स' में आए एक चरित्र के जरिए 'फेमस' हुए...फिल्म में उनको 'लाइन से हटकर सोचने वाले' एक कमाल के शख्स की तरह दिखाया गया है।

उनकी अपनी पहली 'फेम' और फिल्म द्वारा बढ़ाई गई 'फेम' ही शायद उनकी ताकत रही, लेकिन जैसे ही उनके आह्वान के फलस्वरूप कानून-व्यवस्था बिगड़ी, लेह की पुलिस ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया। अब एक ओर है वांगचुक की 'सत्ता', उसके पीछे विपक्ष की सत्ता, दूसरी ओर है सरकार की सत्ता! एक सच हारा। एक सच जीता।

संवाद से समाधान तक

लेह हिंसा



ललित गर्ग

लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले। उनकी यह भी मांग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने उनके असंतोष को और गहरा किया है। लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिंताजनक हैं। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भाजपा के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आम तौर पर शांत रहने वाले प्रदेश में यह बड़ी घटना है।

दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। एक ओर यह घटना जनता के असंतोष और बेचैनी को उजागर करती है, वहीं यह संकेत भी देती है कि लंबे समय से किए जा रहे वादे और आश्वासन क्यों अधूरे रह गए और क्यों स्थानीय लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं?

सरकार ने अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनाया था। तब वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लोगों ने सोचा था कि अब उनकी पहचान, संस्कृति, स्थानीय अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे। लेकिन इसके विपरीत उनकी आशंकाएं बढ़ीं। उन्हें लगा कि संघ शासित प्रदेश के रूप में दिल्ली से संचालित प्रशासन स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने में असफल हो रहा है। इसी कारण 6 साल बाद लोगों का भरोसा डगमगाने लगा। इसी के चलते सोनम को अहिंसक आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा जो कतिपय कारणों से हिंसक हो गया।

हालांकि, हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन त्याग कर आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की हिंसा से शांतिपूर्ण आंदोलन का संदेश विफल हो गया। युवा गलत रास्ते पर जाएंगे तो इससे हमारे वास्तविक उद्देश्य गुम हो जाएंगे। वाकई, लद्दाख के संयमी समाज को संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को इसे समझना चाहिए। हिंसा से समस्या जटिल हो जाएगी। लद्दाख की जो भौगोलिक स्थिति है, उसे देखते हुए वहां के लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। लद्दाख का केंद्रशासित प्रदेश बनना नये सूरज का उदय होना है। इस क्षेत्र को कश्मीर घाटी के वर्चस्व से मुक्ति मिली थी।

लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले। उनकी यह भी मांग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने उनके असंतोष को और गहरा किया है। लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। युवा बेरोजगारी भी बड़ा मुद्दा रही है। स्थानीय युवा अब कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिए विशेष अभियान भी नहीं चला जिससे प्रदेश में खासा रोष रहा है।

लद्दाख की जनता में असुरक्षा की भावना इसलिए भी है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी भूमि और संसाधनों पर बाहरी दखल बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासनिक संस्थाएं जैसे हिल डवलपमेंट काउंसिल्स कमजोर कर दी गई हैं, और महत्त्वपूर्ण फैसले केंद्र के हाथ में केंद्रित हो गए हैं। इससे यह भावना गहराती है कि स्थानीय समाज की आवाज को दबाया जा रहा है। लद्दाख की जनता चाहती है कि उनके अधिकारों को संवैधानिक गारंटी मिले, उनके संसाधनों की सुरक्षा हो और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि सरकार ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें समयबद्ध और स्पष्ट तरीके से लागू कर दिया जाता तो शायद स्थिति यहां तक न पहुंचती।

(लेख में व्यक्त विचार निजी हैं)

आधुनिक जीवनशैली में हृदय विकार का खतरा चरम पर

हृदय दिवस



डॉ. प्रितम भी. गेडाम

हृदय रोग विश्व भर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या हैं। हमारे देश में तो ये चरम पर हैं। एक-दो दशक पहले तक यह समस्या अमीर बुजुर्गों के हिस्से आने वाली मानी जाती थी, परंतु देश में अब इस बीमारी ने अत्यधिक तेजी से पैर पसारे हैं। बच्चे और जवान भी इसके शिकार हो रहे हैं। इस साल 2025 के लिए विश्व हृदय दिवस की थीम है 'एक भी धड़कन न चूकें।' यह थीम हमारे हृदय स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए एक सशक्त अनुस्मारक है, जो हृदय रोग की प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सक्रिय रहने और जांच में देरी न करने, स्वस्थ आदतों और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर देता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु के प्रमुख कारण हैं। 2022 में अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यावहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता है। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्त्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सके।

दिल्ली में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2020-23 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो बेहद ही गंभीर विषय है। अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गई हैं। दरअसल, आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर है। सरकार ने देश में व्यापक पैमाने पर फैले प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता पर ठोस कदम उठाने चाहिए। संतुलित आहार लेना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फलों और सब्जियों, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिजों का संतुलन बनाए रखें। जीवनशैली में रोजाना 30 मिनट व्यायाम को शामिल करके शुरुआत करें। कोई भी शारीरिक गतिविधि, हेल्दी हॉबी अच्छे हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण हैं, जरूरी है कि हम अपनी शारीरिक गतिविधियां बढ़ाएं और स्वस्थ वजन बनाए रखें। नमक, चीनी और वसा का सेवन हमेशा कम हों। हर रात 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। तंबाकू, शराब या अन्य कोई भी नशा हो तो तुरंत छोड़ें। तनाव कम करने वाली गतिविधियां रोजमर्रा के क्रम में शामिल करें। जीवन में आने वाली समस्याएं समझदारी और विवेक से हल करें, तनाव न लें। अपने व्यस्त समय से रोजाना खुद के लिए थोड़ा सा वक्त निकाल कर हंसी-खुशी के पल जिएं, कभी-कभी अपना बचपना भी जिएं। जीवन के हर पल खुशी के साथ जिएं। कहना यह कि जीवन में घटित होने वाली घटनाओं को लेकर ज्यादा गंभीर होने की जरूरत नहीं हैं। चिंता को सहजता से झटका देकर आगे बढ़ना जरूरी है।

हर मोर्चे पर करना होगा कांग्रेस को काम

बिहार चुनाव



डॉ. सी.पी. राय

कांग्रेस के नेता और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जोरशोर से दो बार प्रेस कांफ्रेंस कर वोटचोरी के मुद्दे को उठाया जो दरअसल, अभी तक वोट की हेराफेरी या गलत तरीके से वोट जुड़वाना और कटवाना सिद्ध करता हुआ दिखलाई पड़ा है।

पर सवाल है कि क्या केवल वोटचोरी का मुद्दा ही इंडिया गठबंधन को सत्ता दिला पाएगा। वोटचोरी और बिहार को गरमाने के लिए उन्होंने कई दिन बिहार में यात्रा भी निकाली। लगता है कि राहुल गांधी कहीं न कहीं वोटचोरी और चुनाव की हेराफेरी तथा उसमें चुनाव आयोग की मिलीभगत को मुद्दा बनाने में कामयाब होते दिख रहे हैं, और यह तब स्पष्ट हुआ जब बिहार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक सभा को संबोधित कर रहे थे और गलती से उन्होंने जनता से पूछ लिया कि राहुल किस मुद्दे को लेकर यात्रा कर रहे थे तो सारी जनता ने चिल्ला कर कहा कि 'वोटचोरी' और जवाब ने अमित शाह को थोड़ा विचलित कर दिया था।

राहुल गांधी द्वारा दिए गए तथ्यों के अनुसार और आरोपों के अनुसार कर्नाटक की सीआईडी, जो वोटचोरी की जांच कर रही है, ने चुनाव आयोग को 18 चिट्ठियां लिख कर कुछ चीजें मांगी परंतु आयोग ने वो उपलब्ध नहीं करवाईं। आरोप यह भी लगाया गया कि खुद कर्नाटक के चुनाव आयोग ने भी तमाम जरूरी जानकारी भारत निर्वाचन आयोग से मांगी पर उन्हें वो जानकारियां भी उपलब्ध नहीं करवाई गईं। सवाल यह भी है कि जब जानकारियां चुनाव आयोग से मांगी जा रही हैं, और आरोप भी चुनाव आयोग पर ही लग रहा है तो भाजपा इन सवालों का जवाब क्यों देने लगती है?

पिछली प्रेस कांफ्रेंस के बाद राहुल के ट्वीट, जिसमें उन्होंने देश के नौजवानों, छात्रों और जेन जी का आह्वान कर दिया कि आगे आएं और चुनाव की शुचिता की लड़ाई लड़ते हुए भारत के लोकतंत्र और संविधान को बचाएं, ने देश में एक नये विवाद को जन्म दे दिया और भाजपा की तरफ से आरोप लगने लगा कि राहुल देश में अव्यवस्था पैदा करना चाहते हैं। भारत को नेपाल बनाना चाहते हैं। बांग्लादेश और हाल में नेपाल की घटना ने सबको सचेत कर दिया है। तभी शायद अमित शाह ने एक मीटिंग में कह दिया कि 1974-2013 तक के आंदोलनों का अध्ययन किया जाए कि ये आंदोलन कैसे हुए, इनके पीछे कौन-सी शक्तियां थीं तथा फिर ऐसा आंदोलन बढ़ता है, तो उससे कैसे निपटा जाए। उनके इस वाक्य से लगता है कि नेपाल की घटना ने सचमुच गहरे असर किया है। अभी तक राहुल की राजनीति का तरीका दिखा है कि एक समय में वो किसी एक मुद्दे पर बोलना शुरू करते हैं, तो लंबे समय तक उसी पर ही बोलते रहते हैं।

राहुल के पास बोलने और मुद्दा बनाने के लिए तमाम मुद्दे हैं। तमाम वो चीजें या योजनाएं भी हैं, जो कांग्रेस सरकारों ने शुरू की थीं, और वर्तमान सरकार ने उनका नाम बदल कर नये कलेवर में पेश कर श्रेय लेने की कोशिश की है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी के पास संसद में अपनी बात कहने तथा सरकार की नाकामियों का भंडाफोड़ करने का खासा अवसर रहता है लेकिन अपने पहले भाषण का लाभ उठाकर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की बजाय पूरा समय वो शिव और अभय मुद्रा पर प्रवचन देते रहे। विरोधी से भी काफी कुछ सीखा जा सकता है । गुजरात के चुनाव में प्रधानमंत्री होने के बावजूद पचासों सभाएं और रोडशो करके मोदी पूरी ताकत झोंक देते हैं जीतने के लिए क्योंकि जानते हैं कि गुजरात हार गए तो उनके नेतृत्व को चुनौती मिलने लगेगी। क्या राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के लिए उसी तरह जूझ रहे हैं? इसी तरह छोटे चुनाव, उपचुनाव और यहां तक कि हैदराबाद नगर निगम के चुनाव में भाजपा ने अमित शाह और योगी आदित्यनाथ को उतार दिया था, छात्र संघों के चुनाव में भी भाजपा के बड़े लोग अपरोक्ष रूप से शामिल होते हैं क्योंकि मानते हैं कि हर चुनाव पूरे देश और प्रदेशों में मजबूत होने की बुनियाद बनता है जबकि कांग्रेस के बड़े नेता इन सबसे दूर ही रहते हैं।

क्या राहुल भी अपनी सरकारों के कामों को अपने हर भाषण और प्रेस कांफ्रेंस में गिना रहे हैं? सवाल उठता है कि क्या राहुल सरकार को सभी तरह डिस्क्रेडिट करते हुए अपनी भविष्य की योजनाएं और जनता के लिए अपने इतिहास की बुनियाद पर भविष्य के सपने दिखा पा रहे हैं। ये सब बड़े सवाल हैं उनके सामने। वोटचोरी का मुद्दा सरकार पर प्रश्न चिन्ह तो खड़ा कर देगा पर यदि चुनाव आयोग अपनी चाल पर ही अगर कायम रहा तो जीत कैसे होगी? उसका सिर्फ एक तरीका है जनता सरकार के खिलाफ फैसलाकुन राह पकड़ ले और कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन को भारी मात्रा में वोट कर दे। यह तभी संभव है कि यदि कोई गड़बड़ हो भी रही है तो उसकी एक सीमा है और एक तरफ भारी मतदान उसे भोथरा कर सकता है। इसके लिए जरूरी है कि राहुल विशुद्ध राजनीतिक टीम बनाएं, मुद्दे तथा आलोचना और वादे तय करें। सिर्फ एक मुद्दे पर सीमित रहने की बजाय समग्रता से जनता को जागरूक करें। सरकार के खिलाफ उसमें चेतना पैदा करें वरना कोई भी जीत दूर की कौड़ी साबित होगी।

(लेख में विचार निजी हैं)

राहुल के पास बोलने और मुद्दा बनाने के लिए तमाम मुद्दे हैं। तमाम वो चीजें या योजनाएं भी हैं, जो कांग्रेस सरकारों ने शुरू की थीं, और वर्तमान सरकार ने उनका नाम बदल कर नये कलेवर में पेश कर श्रेय लेने की कोशिश की है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी के पास संसद में अपनी बात कहने तथा सरकार की नाकामियों का भंडाफोड़ करने का खासा अवसर रहता है लेकिन अपने पहले भाषण का लाभ उठा कर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की बजाय पूरा समय वो शिव और अभय मुद्रा पर प्रवचन देते रहे। विरोधी से भी काफी कुछ सीखा जा सकता है। गुजरात के चुनाव में प्रधानमंत्री होने के बावजूद पचासों सभाएं और रोडशो करके मोदी पूरी ताकत झोंक देते हैं जीतने के लिए

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता कर्तव्य समर्पण
सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जिया कादरी द्वारा राष्ट्रीय सहारा काम्पलेक्स, पार्क रोड, गोरखपुर में मुद्रित तथा प्रकाशित।
। वरिष्ठ स्थानीय संपादक -पीयूष बंका। स्थानीय संपादक-दीप्त भानु डे *।
गोरखपुर कार्यालय- पी.बी.एक्स- 0551-2202362, 63, 64, फैक्स- 0551-2202365
वर्ष-26 , अंक 242
आर.एन.आई.सं.यू.पी.ए.आई.एन./2000/1707
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

ब्रिटिश द्वारा अपने रिकार्डों में जातियों का दस्तावेजीकण करने से पहले जाति दरअसल, वर्ण व्यवस्था से तय होती थी। ब्राह्मण बनना चाहें तो ब्राह्मण और यदि शूद्र बनना चाहें, आपकी मर्जी। यह सरासर झूठ है।
देवदत्त, धर्म मर्मज्ञ @devduttmyth

विमर्श



अखिलेश आर्यन्दू

आर्थिक के साथ सांस्कृतिक संतुलन साधना भी जरूरी

भारत आर्थिक रूप से दुनिया की बड़ी पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 की तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसी गति से देश विकास करता रहा तो 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। 2023 में भारत जापान को पीछे छोड़ कर अर्थव्यवस्था की सूची में चौथे स्थान पर आया था।

अर्थशास्त्रियों के अनुसार आर्थिक शक्ति बनने से भारत अपनी सांस्कृतिक संपदा-कला, संगीत, नृत्य, वास्तुकला और हस्तशिल्प का अब पहले से बेहतर उपयोग करने लगा है, जिससे धीरे-धीरे वैश्विक स्तर पर इसकी पहचान बनने लगी है। भारतीय विरासत सदियों पुरानी है। इसको संरक्षित कर देश अपनी विरासत की बहुत बड़ी पूंजी को संरक्षित कर रहा है। यह आर्थिक संपन्नता की वजह से हुआ है। लेकिन अभी बहुत कुछ संरक्षित करने की जरूरत है। कुछ अर्थशास्त्रियों और स्वदेशी के पैरोकारों का मानना है कि भारत का आर्थिक शक्ति के रूप में उभरना अत्यंत गर्व की बात है, लेकिन यह एकांगी है। इससे यह दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत तो बन जाएगा, लेकिन संपूर्ण शक्ति और संतुलन वाला नहीं यानी हर क्षेत्र का बादशाह बनने के लिए इसे संपूर्णता में विकास करना होगा। मतलब आर्थिक शक्ति के साथ शैक्षिक, सामाजिक, स्वास्थ्य-क्षेत्र और सांस्कृतिक, नैतिक (सद्गुणों से भरे लोग) रूप से श्रेष्ठ बनकर भारत को संपूर्ण महाशक्ति वाले देश का निर्माण हर हाल में करना ही होगा। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि शैक्षिक, सामाजिक जिसमें, स्वास्थ्य भी शामिल है और सांस्कृतिक, तीनों में संतुलन होना जरूरी है। इसके लिए तीनों में जरूरत के मुताबिक आर्थिक निवेश बड़े पैमाने पर होना सबसे जरूरी है। दूसरी बात, कौशल विकास, नवाचार, अद्यमशीलता और एक मजबूत ज्ञान-विज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण संतुलित तरीके से होना जरूरी है। इससे रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होंगे और समाज में सरकार के प्रति विश्वसनीयता बढ़ेगी, और गैर-बराबरी कम होगी। अर्थशास्त्र के जानकारों के मुताबिक शिक्षा, नैतिकता, समाजसेवा और संस्कृति के विविध स्वरूपों में भी सरकार को रोजगार के नये अवसरों की तलाश करने और बेरोजगारी के दंश को कम करने के लिए नये सिरे से शोध, अध्ययन और ईमानदार सर्वेक्षण कराने की जरूरत है। ये काम जटिल तो हैं, लेकिन देश सेवा के लिए संकल्पित लोगों को इस कार्य के लिए तैयार कर प्रशिक्षित किया जा सकता है।



सच है कि देश ने पिछले ग्यारह सालों में खूब तरक्की है, लेकिन यह भी सच है गैर-बराबरी का सेंसेक्स भी खूब बढ़ा है। आंकड़े बताते हैं कि जिन लोगों के पास पैसा आ रहा है लेकिन वह उनके नैतिक विकास, सांस्कृतिक अभिरुचि और समाजसेवा का हिस्सा नहीं बन पा रहा है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में शैक्षिक गुणवत्ता बड़ा सवाल है। आर्थिक असमानता, ग्रामीण-शहरी विभाजन और शिक्षा में गुणवत्ता में कमी जैसी बाधाएं पहले से कम नहीं हुई हैं, जो समावेशी विकास को सीमित करने की जिम्मेदार हैं। आम तौर पर सरकारें मानती हैं कि आर्थिक संपन्नता से विश्व का नेतृत्व किया जा सकता है, लेकिन यह अर्धसत्य है। दुनिया के सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक ताकत के रूप में पहचाने जाने वाले अमेरिका, रूस, चीन, जर्मनी, जापान और फ्रांस में आर्थिक विकास तो खूब हुए हैं, लेकिन नैतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक (मानव मूल्यों का पालन) विकास का स्तर वैसा नहीं है। महज रूस व जापान को ही इन मामलों में बेहतर कहा जा सकता है वरना हिंसा, उत्पात, झगड़े-फसाद, जिनमें सांप्रदायिक झगड़े भी शामिल हैं, खूब होते हैं। सामाजिक सौहार्द का बेहतर माहौल वैसा नहीं है जैसा विकसित देश में होना चाहिए। सच है कि आर्थिक शक्ति बनने के बाद शिक्षा, कृषि, उद्योग, पर्यटन, व्यापार, नवाचार, हस्तशिल्प, उद्योग और विभिन्न सेवाओं में बेहतरी आई है। लेकिन यह भी सच है कि अभी भी ऐसी अनेक समस्याएं, मुद्दे, संकट और खामियां हैं जिन्हें हल करना बड़ी चुनौती है। मिसाल के तौर पर लाखों छात्र महंगी शिक्षा के बाद डिग्री हासिल कर तो कर रहे हैं, लेकिन उनमें धैर्य व संतोष, कौशल का सही इस्तेमाल और चारित्रिक उच्चता की कमी है, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों पर कमजोर माना जाता है। लाखों छात्र जिनके पास डिग्री तो है लेकिन उनकी काबिलियत गुणवत्तापूर्ण और उच्च नैतिक व शैक्षिक मानक के अनुरूप नहीं है। देश के ऐसे सैकड़ों जिले हैं जहां गैर-बराबरी बहुत ज्यादा है। गरीबी इस तरह की कि लोगों को नमक रोटी या बासी भात माड़ खाना पड़ रहा है। अध्ययन के मुताबिक मध्य प्रदेश के अलीपुर जिले में 71 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा में जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा के आदिवासी क्षेत्रों में गरीबी ज्यादा है। लोगों को भोजन के अभाव में खाली पेट सोना पड़ जाता है। इन प्रदेशों में शिक्षा का प्रतिशत भी दूसरे राज्यों से बहुत कम है। आम तौर पर माना जाता है कि चरित्र में गिरावट के लिए गरीबी सबसे बड़ी वजह है, लेकिन यह सच नहीं हैं। सर्वेक्षण बताते हैं कि चरित्र-जिसमें कर्त्तव्य पालन, नैतिकता, सुण, मूल्य और आदर्श शामिल हैं गरीब लोगों में अधिक देखा गया। इससे भी यह बात ठीक लगती है कि भ्रष्टाचार, रेप, हिंसा, झंगड़े-फसाद और विश्वासघात के मामले में समाज का पढ़ा-लिखा व्यक्ति अधिक जिम्मेदार है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पढ़ाई-लिखाई का उन्हें फायदा नहीं हुआ। महज पैसा या संपत्ति कभी सद्गुण, नैतिकता, आदर्श और मर्यादा पालन के लिए जरूरी कर्त्तव्य की प्रेरणा की वजह नहीं रहे हैं। इसलिए भारत का अधिकांश शिक्षित व्यक्ति विदेशी भाषा, संस्कृति, शिक्षा, कला और कार्य की जगह प्रथम वरीयता में विदेशी वस्तुओं, कलाओं, भाषाओं और संस्कृतियों को पसंद करता है। यह वर्ग देश से संबंधित सामाजिक, सांस्कृतिक, कौशल विकास (विविध कलाएं) और उच्च चरित्र-निर्माण को बढ़ावा देने में कोई रुचि नहीं रखता है। इसे लगता है कि इससे उसे कोई फायदा होने वाला नहीं है।


सवाल यह है कि केंद्र या राज्य सरकारें इसके लिए क्या करें? क्या यह कार्य नीतियों, योजनाओं और कानून का हंटर चलाकर किया-कराया जा सकता है? नहीं किया जा सकता। यह कार्य परिवार और िक्षा संस्थानों से शुरू करना पड़ेगा, जहां से व्यक्ति को सभी तरह के कर्त्तव्यों, स्वभाषा, संस्कृति, कला, आदर्श, मर्यादा पालन और स्वनैतिकता का हिस्सा बनाने के संस्कार गहराई से मिलें। ■

> सच है कि देश ने पिछले ग्यारह सालों में खूब तरक्की है, लेकिन यह भी सच है गैर-बराबरी का सेंसेक्स भी खूब बढ़ा है। आंकड़े बताते हैं कि जिन लोगों के पास पैसा आ रहा है लेकिन वह उनके नैतिक विकास, सांस्कृतिक अभिरुचि और समाजसेवा का हिस्सा नहीं बन पा रहा है। अध्ययन बताते हैं कि आर्थिक असमानता, ग्रामीण-शहरी विभाजन और शिक्षा में गुणवत्ता में कमी जैसी बाधाएं कम नहीं हुई हैं। आम तौर पर सरकारें मानती हैं कि आर्थिक संपन्नता से विश्व का नेतृत्व किया जा सकता है, लेकिन कहना होगा कि यह अर्धसत्य है

पुस्तक समीक्षा | रणधीर तेजा चौधरी

नित्यता में झांकती कविताएं

लेखिका एवं कवयित्री सरला माहेश्वरी का नया कविता संग्रह 'ओ शरद के चांद!' सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर से हाल में प्रकाशित हुआ है। यह उनका तेरहवां कविता संग्रह है। कविताओं के अलावा पूर्व सांसद सरला माहेश्वरी ने नाटक, नारी विषयक, आर्थिक विषयों और अन्य विविध मुद्दों पर भी पुस्तकें लिखी हैं। इस प्रकार उनकी 31 से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें अनुवाद और संपादन का काम भी शामिल है। 'ओ शरद के चांद!' उनकी कविताओं का तेरहवां संकलन है। सरला माहेश्वरी का अनुभव संसार खासा विस्तृत है। एक सांसद के रूप में वे जनसरोकारों और सामाजिक संघर्षों से जुड़ी रही हैं, और डंके की चोट पर कहती हैं कि उनके लिए कविता सामाजिक-राजनीतिक जीवन का ही विस्तार हैं। संभवतः यही कारण है कि वे हर रोज स्वयं को कविता लिखने के लिए सन्नद्ध पाती हैं।



वह कहती हैं कि एक तरह से कविता उनका स्वभाव ही बन गई है। हालांकि विचार, आवेग या भाषा के खेल के रूप में भी कविता परिभाषित की जाती रही है, लेकिन सरला के लिए कविता एक ग्रंथि की मानिंद है, जो किसी बाहरी का अनुसरण नहीं करती, बल्कि स्वभाव से उत्पन्न होती है। कविता की इस ग्रंथी के विश्लेषण के क्रम में ही कविता का स्वरूप विकसित होता है, उसी से वह अपनी पहचान पाती है। बेशक, यह पहचान उसके विशिष्ट बिंदुओं-शैली, भाषा, विषय और भाव-से ही अभिव्यक्त होती है। कवयित्री कविता की संरचना में संरचनात्मक चौखटों और बोधगम्यता के आग्रहों के परे जा पहुंचती हैं। कविता को इस प्रकार उसकी नित्यता में देखने के लिए नित्य अभ्यासरत रहती हैं। और यह अभ्यास ही कवि का सहज स्वभाव होता है, जो एक प्रकार से असंभव की तलाश है। कहना न होगा कि यह असंभव ही कविता का यथार्थ होता है-वह सत्य जो ज्ञान से आभासित सत्य में दरार के अंदर व्यक्त होता है। यह 'दरार' उन अंतरालों को उजागर करती है, जहां अर्थ और संवेदना के स्तर पर द्वंद्व मौजूद रहता है।

कहा जाता है कि कविता के लिए उस यथार्थ का भला क्या मायने जो कोई विमर्श न पैदा करे! इसलिए कवयित्री का मानना है कि केवल सौंदर्यात्मक आनंद या भावनात्मक संप्रेषण कविता के विषय नहीं हो सकते। लेकिन वह इससे भी इंकार नहीं करतीं कि कविता की संरचना के सभी विशिष्ट बिंदुओं की अपनी प्राकृतिक संवेदनशीलता होती है। इससे ही कविता के भाव, विचार और भाषा की नैसर्गिकता पैदा होती है।

ऐसे में कह सकते हैं कि जब तक संरचना संबंधी मूलगामी धारणाओं यथा मान्य धारणाओं, उनकी परंपरागत समझ, शैलियों और पाठकीय अपेक्षाओं आदि की बुनियाद को तोड़ा या पुनर्परिभाषित नहीं किया जाता, तब तक कविता की कोई वास्तविक नई पहचान विकसित नहीं हो सकती है। कविता की नई पहचान तभी संभव है, जब वह पहले से स्थापित ऐसी सभी अंतर-बाह्य सीमाओं को लांघ कर जीवन के नवीन अर्थों और अभिव्यक्तियों से संवेदित होती है। इसलिए कविता का आत्मसंघर्ष तमाम सामाजिक संघर्षों का ही अभिन्न हिस्सा है। कविता का यही आत्मसंघर्ष 'ओ शरद के चांद!' में बयां हुआ है। यकीनन पठनीय पुस्तक है। अंतर-बाह्य सीमाओं को तोड़कर जीवन को नये अर्थों में तलाशती और अभिव्यक्तियों के जरिए झकझोरती कविताओं का संग्रहनीय कविता संकलन है-'ओ शरद के चांद!

पुस्तक : ओ शरद के चांद! (कविता संग्रह)
कवयित्री : सरला माहेश्वरी
प्रकाशक : सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर
मूल्य : 300/रु.
■

स्वर साम्राज्ञी के बिना अधूरा है संगीत

लता मंगेशकर स्वर की ऐसी शाश्वत परिकल्पना हैं, जिनके बिना भारतीय फिल्म संगीत की कल्पना भी अपूर्ण लगेगी। 28 सितम्बर, 1929 को इंदौर में जन्मी यह आवाज सरगम सीख कर गुनगुनाने वाली सामान्य आवाज नहीं थी, बल्कि एक युग का सांस्कृतिक दस्तावेज बन गई। कितनी आवाजें, कितने समय और कितने अनुभव इस एक नाम में समा गए, गिनना कठिन है। उनके जीवन के वे छोटे-छोटे अनछुए पहलू, जिनसे उनकी मानवता, अनुशासनशीलता और संगीत के प्रति समर्पण झलकता है, अक्सर कम ही उजागर हुए हैं। लता मंगेशकर का परिवार शास्त्रीय और रंगमंचीय परंपरा से जुड़ा था। पिता पं. दीनानाथ मंगेशकर स्वयं प्रसिद्ध गायक और मराठी थिएटर के कलाकार थे, घर में संगीत को गंभीरता से लिया जाता था और फिल्मी संगीत को प्रथम दृष्टि में उतना मान नहीं दिया जाता था, जितना शास्त्रीय रागों को। शुरुआती उम्र में परिवार पर आए आर्थिक संकट, पिता की तबीयत और उनके थिएटर-फिल्म व्यवसाय की गिरावट ने लता को जल्दी बड़ी जिम्मेदारियों के सामने ला खड़ा किया, इतना जल्दी कि उन्होंने अभिनय और रिकॉर्डिंग, दोनों के जरिए परिवार चलाने का भार उठाया। परंतु अभिनय के समय मेकअप, रोशनी, निर्देशों की अधीनता इत्यादि की जो असहजता उन्होंने अनुभव की, उसने उन्हें संगीत के प्रति और दृढ़ कर दिया।

लता मंगेशकर जयंती



यूं तो लता जी की फिल्मी शुरुआत मराठी नाटकों और फिल्मों से हुई पर हिन्दी फिल्मों में उनका आगमन और वहां आरंभिक सफलताएं ही उनके करियर की दिशा तय करने वाले मोर्चे बने। यह वह दौर था, जब उनकी आवाज ने महल, पाकीजा, मुगल-ए-आजम, श्री 420 जैसी फिल्मों में नये-नये आयाम दिए। लता की गरिमा और सादगी का बड़ा रहस्य उनकी परवरिश और व्यक्तिगत वास्तविकताओं में छिपा रहा। औपचारिक शिक्षा के अभाव के बावजूद उनके अंदर आत्म-शिक्षा का अद्भुत गुण था। घर की नौकरानी ने मराठी अक्षर सिखाए और स्थानीय पुरोहित ने संस्कृत में मार्गदर्शन दिया, इस तरह की सीख ने उन्हें जिज्ञासु और आत्मनिर्भर बनाया। सिने-जगत की चमक-दमक के बावजूद उनका निजी जीवन बेहद स्वाभाविक रहा, कुत्तों का प्रेम, फोटोग्राफी में रुचि और क्रिकेट के प्रति दीवानगी, ये सभी गुण दर्शाते हैं कि वह छोटी-छोटी खुशियों में जीवन ढूंढती थीं। रिकॉर्डिंग शेड्यूल से ब्रेक लेकर टेस्ट मैच भी देखा करती थीं और गर्व से बताती थीं कि उनके पास सर डॉन ब्रैडमैन का ऑटोग्राफ है। जीवन की इन नगण्य-सी किंतु दिलचस्प चीजों ने उनकी सार्वजनिक छवि को मानवीय स्पर्श दिया।

लता मंगेशकर के संगीत-जीवन की तकनीकी सूक्ष्मता और उनकी गायकी की पद्धति पर भी कम ही लोग गहराई से रोशनी डालते हैं। उन्होंने स्वयं कई बार कहा कि उनकी शैली कठोर अनुशासन (रियाज, धैर्य, और रिकॉर्डिंग के समय शुद्धता) पर आधारित थी। स्टूडियो में बैठने का उनका एक नियम था, कम समय में सर्वोत्तम देने का रवैया, जिसका मतलब था बार-बार अभ्यास और कभी-कभी देर रात तक रिटेक्स ताकि माइक्रोफोन पर उनका हर स्वर शुद्ध और भावपूर्ण रहे। यह पेशेवर अनुशासन ही था, जिसने उन्हें संवेदनशील और भरोसेमंद गायिका बनाए रखा। उन्होंने जवान महिला के रूप में उस दौर के पुरुष प्रधान संगीत उद्योग में अपनी आर्थिक और व्यावसायिक स्थिति के लिए आवाज उठाना भी सीखा।

उनकी गायिकी के पीछे एक और अनछुआ पहलू उनका सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय रस था। लता मंगेशकर केवल भारतीय शास्त्रीय या फिल्मी धुनों की शौकीन नहीं थीं, वेस्टर्न क्लासिक्स और वैश्विक संगीत के बड़े नामों मोजार्ट, बीथोवन, नैट किंग कोल को सुनने और समझने की इच्छा भी रखती थीं। पं. रविशंकर के स्टूडियो में उनकी अनौपचारिक मौजूदगी और जॉर्ज हैरिसन से मुलाकातें दर्शाती हैं कि वे संगीत को सीमाओं से परे समझती थीं। 1979 में रॉयल अल्बर्ट हॉल में व्रेन ऑर्केस्ट्रा के साथ उनके लाइव कंसर्ट ने न केवल भारतीय श्रोताओं को गर्व का क्षण दिया, बल्कि दर्शाया कि उनकी कला अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्षम और प्रभावशाली थी।

उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का एक और आयाम है, जाग्रतिक मान्यता और राष्ट्रवादी भावनाओं के साथ जुड़ाव। चीन-भारत युद्ध के बाद शहीद सैनिकों को समर्पित गीत 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की प्रस्तुति ने देश भर में अनूठी संवेदना पैदा की। उस गीत की गूंज ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भी भावुक कर दिया था। वह घटना भारतीय सांस्कृतिक स्मृति में स्थायी रूप से बसे स्मरणों में से एक है। इस तरह के क्षण अकेले गायकी की तकनीक का प्रदर्शन नहीं थे बल्कि मानवीय संवेदनाओं और एक कलाकार के राष्ट्रीय दायित्व की परिणति थे। लता मंगेशकर की आवाज ने दशकों तक न केवल हिन्दी, बल्कि मराठी, बंगाली और कई अन्य भारतीय भाषाओं के संगीत को रूप दिया। इस बहुभाषीता और व्यापकता ने भारतीय उपमहाद्वीप के संगीत मानचित्र को व्यापक रूप से प्रभावित किया। उनका निजी जीवन अपेक्षाकृत एकांतप्रिय रहा। उन्होंने न कभी विवाह किया, न ही पारंपरिक घरेलू सीमाओं में स्वयं को बांधा पर यह जरूरी नहीं कि यह अकेलापन हो, यह उनकी कला के लिए समर्पण का विकल्प था।

'मैं हमेशा मानती रही हूं कि खुशी को दुनिया के साथ बांटना चाहिए जबकि दुख को अकेले सोचना चाहिए', जैसी पंक्तियां उनकी सादगी और सहनशीलता की निशानी हैं। लता जी समय-समय पर समाज की भावनाओं का दर्पण, व्यक्तिगत अनुशासन का प्रतीक और भारतीय संस्कृति की अंतरराष्ट्रीय व्याख्या बनकर उभरीं। उनके गाने करोड़ों भारतीयों की जिंदगियों में भावनाओं के साथ जुड़ गए। यह केवल प्रसिद्धि नहीं, स्थायी सांस्कृतिक विरासत है। आज जब हम उनकी जयंती मनाते हैं, तो एक महान गायिका को याद नहीं कर रहे, बल्कि उस मानवीय आवाज को याद कर रहे हैं, जिसने एक राष्ट्र की संवेदनाओं को स्वर दिया और संगीत को जीवन के भीतर वैसे ही जमाया, जैसा शायद बहुत कम कर पाए।

■ *प्रस्तुति : श्वेता गोयल*

राग रंग | आलोक पराड़कर

तान के कप्तान का स्मरण

कई बार समय बीतने पर उद्भट विद्वानों का योगदान समाज उस प्रकार याद नहीं रख पाता जिस प्रकार रखा जाना चाहिए। ऐसे में इतिहास के पन्नों को पलटकर उन महान प्रतिभाओं के कृतित्व की याद दिलाने की जरूरत भी होती है। यह कृतज्ञता भी है ऐसे कलाकारों के प्रति जो नींव के पत्थरों की तरह आज के हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की इमारत में लगे हैं। मुंबई की 'द व्यास एकेडमी ऑफ इंडियन म्यूजिक' द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 25 सितम्बर की शाम गायनाचार्य पं. नारायणराव व्यास का स्मरण किया गया। पं. नारायणराव व्यास का जन्म करीब 123 वर्ष पहले हुआ था और उनके निधन को भी करीब 41 वर्ष हो चुके हैं। गायनाचार्य किस प्रकार अपने समय में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का व्यापक प्रचार प्रसार कर रहे थे, नये प्रयोगों के लिए सराहे गए और किस प्रकार कलाकारों की सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रति हमेशा सचेत रहे, यह जानना आज के संगीतप्रेमियों के लिए कम जरूरी और रोचक नहीं है।



समारोह में पं. नारायण राव व्यास को याद करते हुए बताया गया कि उन्होंने महज नौ वर्ष की उम्र में ही प्रख्यात संगीत विद्वान पं. विष्णु दिगंबर पलुस्कर से संगीत शिक्षा का आरंभ किया, हालांकि उसके पूर्व से ही उनके गायन का आरंभ हो चुका था। करीब दस वर्षों तक संगीत शिक्षा लेने के बाद वे जल्द ही अपनी प्रतिभा और प्रयोगों के कारण संगीतप्रेमियों में लोकप्रिय हो गए। उन्हें तान के कप्तान जैसी उपाधि से विभूषित किया गया, एचएमवी ने ध्वनि मुद्रिकाओं की बिक्री के रिकार्ड के लिए कई बार स्वर्ण पदक प्रदान किए जिनके साढ़े तीन मिनट के गायन में ग्वालियर घराने की अष्टांग गायकी के साथ रागदारी की प्रस्तुति चमत्कृत करने वाली और गागर में सागर भरने जैसी थी। बाल गंधर्व से प्रभावित होकर फिरत और फिरकी की तानों के उनके प्रयोग खूब पसंद किया। उन्होंने मुंबई में व्यास संगीत विद्यालय की स्थापना की। अपने बड़े भाई पं. शंकर राव व्यास की बंदिशों को खूब गाया लेकिन पलुस्कर जी को दिए गए वचन के कारण फिल्मों और नाटकों में जाने से परहेज किया।

समारोह के अतिथियों-संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष संध्या पुरेचा और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी के अतिरिक्त कई प्रमुख कलाकार एवं संगीत विद्वान उपस्थित थे जिनमें वरिष्ठ गायिका शन्नो खुराना एवं कृष्णा बिष्ट, ग्वालियर स्थित राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति स्वतंत्र शर्मा, दिल्ली स्थित गांधर्व महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शास्त्रीय गायक मधुप मुल, संगीतशास्त्री पंकज माला शर्मा शामिल हैं। समारोह में उन पर स्मृति ग्रंथ 'ओम नारायणाय नमः' का लोकार्पण हुआ जिसे दिल्ली विश्वविद्यालय की संगीत विभाग की पूर्व प्रमुख सुनीरा कासलीवाल व्यास ने संपादित किया है जो उनके पुत्र वरिष्ठ शास्त्रीय गायक एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पं. विद्याधर व्यास की पत्नी भी हैं। पं. विद्याधर व्यास से लंबी बातचीत स्मृति ग्रंथ का एक स्वतंत्र भाग है जबकि अन्य हिस्सों में कई प्रमुख कलाकारों, संगीत विद्वानों, उनसे जुड़े लोगों की बातचीत एवं लेख शामिल किए गए हैं। पं. नारायणराव व्यास की ध्वनि मुद्रिकाएं काफी लोकप्रिय रही है, उनकी विस्तृत सूची तथा उन पर विद्याधर व्यास का लेख तथा कई छायाचित्रों का संकलन पुस्तक को पूर्णता देता है। हालांकि भाषा और वर्तनी की कतिपय अशुद्धियां भी इसमें अभी रह गई हैं।

समारोह में पं. नारायणराव व्यास पर उनके पुत्र की दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति उल्लेखनीय रही। उनकी जीवन यात्रा और संगीत पर इस 50 मिनट के प्रस्तुतिकरण में उनकी प्रमुख ध्वनि मुद्रिकाओं के अंशों को सुनना यादगार रहा। संगीत नाटक अकादमी की ओर से अब इसे विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दिखाया जाएगा। सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि वह परतंत्रता का दौर था, कलाकार राज्याश्रय से दूर हो चुके थे, प्रतिभा के दमखम पर ही उनकी पहचान बनी थी। समारोह का समापन पं. विद्याधर व्यास एवं उनकी शिष्य मंडली के गायन से हुआ जिसमें विनीत गोस्वामी, आनंद विद्याधर ओक, ऋचा वर्मा, सानिका गोरेगांवकर, गतिकृष्ण नायक शामिल थे। इस अवसर पर खास तौर पर 'भवानी' राग की प्रस्तुति की गई जो 'दुर्गा' राग पर आधारित होते हुए भी केवल चार स्वरों का राग है। राग के लिए कम से कम पांच स्वरों की अनिवार्यता को चुनौती देते हुए इसका निर्माण पं. शंकर राव व्यास ने किया था और इसे पं. नारायण राव व्यास ने गाकर लोकप्रिय किया। समारोह का संचालन साधना श्रीवास्तव ने किया। ■

कैनवस | जय त्रिपाठी

सार्वभौमिक चित्र भाषा

भारत में विदेशी कलाकार प्राचीन समय में भी आते थे। यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता ने दुनिया भर के कलाकारों को आकर्षित किया। उनमें से एक हंगेरियाई चित्रकार एलिजाबेथ सैस ब्रूनर और एलिजाबेथ ब्रूनर मां-बेटी भी रहीं। 1920 के दशक में आध्यात्मिकता की खोज में उन्होंने भारत, जापान और श्रीलंका की यात्रा की। एलिजाबेथ के जीवन का निर्णायक मोड़ रवींद्रनाथ टैगोर का स्वप्न दर्शन था, जिसने उन्हें भारत की ओर पांव रखने के लिए प्रेरित किया था, जिसे उन्होंने आध्यात्मिक मातृभूमि के रूप में देखा। फरवरी, 1930 में मां-बेटी बंबई पहुंचीं और देश की सांस्कृतिक विरासत ने उन्हें भारत का ही बना दिया। अब तो भारत ही उनका घर बन गया जहां एक कलाकार के रूप में स्वयं को स्थापित किया।



कलाकार प्रायः अपनी उन भावनाओं की रचना करता है, जो उसे किसी न किसी रूप में प्रभावित करती हैं। इस कलाकार ने भी मूर्तन अथवा अमूर्तन रूप में मानवीय संवेदनाओं को अपनी कला से व्यक्त करने की चेष्टा की। अतः वास्तविक सामाजिक यथार्थ दर्शाते उनके चित्र मानव अस्तित्व की पीड़ा भी दर्शाते हैं। कलकत्ता, शांतिनिकेतन और बाद में नैनीताल जैसे हिमालयी क्षेत्रों में प्रवास के दौरान शांतिनिकेतन में टैगोर की कला ने उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति में आध्यात्मिकता और जीवन की एकता के विश्वास को और सुदृढ़ किया। ब्रूनर की कला पश्चिमी तकनीक और पूर्वी आध्यात्मिकता के संश्लेषण के लिए विशिष्ट है। उन्होंने तेल, टेम्परा और जलरंगों के साथ काम किया, और अक्सर ऐसी चमकदार सतहें बनाईं जो आंतरिक प्रकाश की अनुभूति कराती हैं। मानवीय और पारलौकिकता के सार्वभौमिक प्रतीक रूप में उनके आध्यात्मिक चित्रों में ब्रह्मांडीय बिम्ब और अमूर्त आकृतियों ने ध्यान और रहस्यमय अनुभवों को दृश्य रूप दिया। उनके हिमालय, पुष्पित वृक्ष, नदियां और मंदिर केवल दृश्य के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक के स्वरूप के साथ उनकी बाद की रचनाओं में भी प्रतिध्वनित हुए।

भारत में आरंभ के वर्ष उनके लिए आर्थिक कठिनाई वाले और एक नये देश में खुद को स्थापित करने की चुनौती वाले रहे। किंतु वह अपनी इस कलात्मक यात्रा में भारतीय सभ्यता, आध्यात्मिक संस्कृति और जीवन शैली की ओर आकर्षित एवं प्रेरित रहीं, जिसने उन्हें दृढ़ बनाया। हंगरी के नाग्यकनिज्सा में एक रचनात्मक परिवार में जन्मी एलिजाबेथ ब्रूनर छोटी उम्र से ही कलात्मक थीं। यूरोपीय आधुनिकतावाद, प्रतीकवाद और अभिव्यंजनावाद ने ब्रूनर पर गहरी छाप छोड़ी। फिर भी, अपने कई समकालीनों के विपरीत, जो औद्योगिक आधुनिकता की ओर मुड़े, वह रहस्यवाद और प्रतीकवाद की आंतरिक दुनिया की ओर आकर्षित हुईं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, 1941 में ब्रिटिश अधिकारियों ने उन्हें नैनीताल में नजरबंद कर दिया। फिर उन्होंने वहीं बसने का फैसला किया। भारत और हंगरी के संग्रहालयों और संग्रहों में संरक्षित एलिजाबेथ ब्रूनर की कृतियां पूर्व और पश्चिम के बीच एक सेतु का प्रतिनिधित्व भी करती हैं। देश की वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुजाता चौहान से उनकी गहरी अंतरगता रही है, कलाप्रेमी सुजाता बताती हैं कि कई बार हमारी भोर उनके घर के बीच पक्षियों की चहचहाट से होती थी। उन पक्षियों के झुंड सुबह-सुबह उनके लहलहाते बगीचे में उस संत महिला के दर्शन के लिए उत्सुकता दिखते थे। वे दिन याद करते हुए सुजाता भावुक हो जाती हैं और कहती हैं कि वे दिन किसी आध्यात्मिक शुद्धि अनुष्ठान से कम नहीं रहे। वह यह भी कहती हैं कि एलिजाबेथ की कहानी मैरी और जोसेफ के जिक्र के बिना अधूरी रहेगी, जिन्होंने नई दिल्ली के सरकारी फ्लैट में बिताए उनके जीवन के अंतिम वर्षों में उनकी प्यार से देखभाल की। उनकी प्रशंसकों में से एक इंदिरा गांधी भी थीं। वर्ष 1985 में पद्मश्री से सम्मानित एलिजाबेथ ब्रूनर ने ऐसे समय में सार्वभौमिकता और शांति की एक दृश्य भाषा का निर्माण किया जब दुनिया युद्ध, राष्ट्रवाद और भौतिकवाद में विभाजित रही। वह एक चित्रकार ही नहीं, बल्कि ऐसी कला साधक और तीर्थयात्री थीं, जिनका कैनवस ही उनका प्रार्थना स्थल बन गया। ■

X

उत्तर प्रदेश बीमारू था नहीं इसे परिवारवाद, जातिवाद और बीमारू मानसिकता वालों ने बीमारू बना दिया गया था। परिणाम क्या था दंगे होते थे, दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफिया के सामने सत्ता सैल्यूट करती थी।

——— योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी युवक को भेजा जेल

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। थाना कोल्हुई बाजार क्षेत्र में एक युवक द्वारा सोसल मीडिया पर एक युवक द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किया गया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर आज जेल भेजा है।

ग्राम कवलपुर के उकड़हिया थाना बृजमनगंज निवासी जुनैद द्वारा सोशल मीडिया पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किया गया था। इस मामले में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बताया जा रहा है कि वायरल करने वाला युवक दिल्ली में था। पुलिस ने जांच पड़ताल में युवक का शिनाख्त किया है। आज पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई ने बताया कि सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के मामले में ग्राम कवलपुर टोला उकड़हिया थाना बृजमनगंज निवासी जुनैद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

त्योहारों को लेकर एक्टिव मोड में रहें अधिकारी : मंडलायुक्त

पडरौना (एसएनबी)। मिशन शक्ति अभियान के पाँचवें चरण के अंतर्गत जनपद स्तरीय आिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित रही बैठक में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने कहा कि मिशन शक्ति अंतर्गत महिला कल्याण से संबंधित कार्यवाही जिलाािकारी के संज्ञान में लाते हुए पोर्टल पर पर भी अपडेट किये जाने तथा छेड़खानी संबंधित मामलों में कड़ी कार्यवाही किये जाने के साथ ही अभियोजन के सहयोग से पास्को एक्ट के तहत चिन्हित अपराधियों को सजा दिलाए जाने के अलावा त्यौहार के दृष्टिगत एक्टिव मोड में रहते हुए जनपद में मंदिर,मस्जिद का मामला संज्ञान में आये तो डीएम, एसपी को संज्ञान में लाकर ही किसी प्रकार की कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।


बैठक में जरूरी हिदायतें देते कमिश्नर एवं डीआईजी व मौजूद अन्य अधिकारी।

डीआईजी डा. एस चन्नप्पा ने कहा कि नवरात्रि में हजारों की संख्या में मूर्ति स्थापित की जाती है, जिसमें महिलाओं का आवागमन आिक रहता है। ऐसे मार्गो को एक बार अवश्य देखले। मूर्ति विसर्जन स्थल का भी निरीक्षण समय रहते कर लिए जाने एवं व्यवस्थाओं की जानकारी सहित अन्य कोई मामला संज्ञान में आये है तो तत्काल वरिष्ठ आिकारियों को अवगत कराने के बाद निस्तारण करा लिये जाने तथा अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाािकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 अंतर्गत कार्ययोजना अनुसार सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी कार्यवाहियां की जा रही है। तत्पश्चात प्रत्येक दिन कार्यक्रम के मायम से प्रचार प्रसार एवं विभिन्न कार्यक्रमों कंपाइल करते हुए पोर्टल पर अपडेट भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सामूहिक विवाह कार्यक्रम भी कराए जा रहे है।

इसी क्रम में हक की बात, ग्राम न्यायालय, बाल श्रम मिशन कार्यक्रम, स्वास्थय केंद्रों के मायम से अन्य प्लान भी कराए जाने हैं। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार नेकहा की सभी थानों में महिलाओं से संबंधित अलग टेबल लगाए गए हैं । इस अवसर पर सक्सेज स्टोरी के संबंध में सभी महिला पुलिस कर्मियों से पुछ ताछ भी की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त सीओ सहित मिशन शक्ति के सभी नोडल आिकारी उपस्थित रहे।

कुशीनगर एयरपोर्ट से उड़ान की मांग को लेकर

सड़क पर उतरेगी जनता : ब्रह्माशंकर

कसया (एसएनबी)। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान को लेकर केंद्रीय मंत्री मौन हैं। यदि कुशीनगर एयरपोर्ट से शीघ्र उड़ान नहीं शुरू किया गया तो उड़ान की मांग को लेकर सड़कों पर कुशीनगर की जनता उतरेगी।



शनिवार को पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी ने एक बयान जारी कर कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा केवल स्वागत स्थल और लैंडिंग करने वाले नेताओं को बाथरूम में जाकर कपड़े बदलने के लिए रह गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उड़ान शुरू नहीं करना था तो जनता का अरबों रुपया खर्च करने की जरूरत क्या थी। कहा कि हवाई अड्डा से उड़ान को लेकर भाजपा के बड़े नेताओं का कोई ध्यान नहीं है। बीते शुक्रवार को हवाई अड्डे पर देश के केंद्रीय गृह मंत्री का आगमन हुआ था लेकिन इन नेताओं ने इस बाबत गृह मंत्री को नहीं बताया। कहा कि यह दुर्भाग्य है कि जिस हवाई अड्डे का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री ने किया और उड़ान जल्द शुरू होने की खबर भी दी गई लेकिन आज तक उड़ान नहीं हुआ। बीच बीच में बार बार टेक्निकल समस्या सुनकर जनता के कान भर गए हैं। सपा सरकार में कुशीनगर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने किए स्वीकृति मिली और धन भी आवंटित हुआ। लेकिन यह सरकार एयरपोर्ट बन जाने के पांच वर्ष बाद भी उड़ान नहीं करा पाई। एयरपोर्ट को जनता के हित में चालू कराने के लिए बहुत ही गंभीरता से विचार करना चाहिए।

एमएमएमयूटी के कुलपति को शिक्षकों ने किया सम्मानित

गोरखपुर (एसएनबी)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के विश्वविद्यालय के चौथे कुलपति के रूप में कार्यकाल के दो वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में शनिवार को विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने उनका सम्मान समारोह आयोजित किया।


एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो.जेपी सैनी का सम्मान करते शिक्षक।

- शानदार दो वर्ष पूरे होने पर मनाया गया जश्न
- उपलब्धियों को किया गया याद
- राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनेगा विश्वविद्यालयः प्रो. जेपी सैनी

इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्ष, सहित विभिन्न शिक्षकों ने गुलदस्ता भेंट कर कुलपति महोदय का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान अपने स्वागत वक्तव्य में प्रो. बी के पांडेय ने कहा कि प्रो. जे पी सैनी की दूरदर्शी सोच के कारण ही यह संस्थान इंजीनियरिंग कॉलेज से विश्वविद्यालय में उच्चीकृत हुआ और आज उनके नेतृत्व में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। समारोह को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता संकाय मामले प्रो. वी के गिरि ने कहा कि कुलपति जी ने जो सबसे बड़ा काम किया वह है इस संस्थान के छात्रावासों का पुनरुद्धार। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन के कारण पूरे विश्वविद्यालय परिवार की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. जे पी सैनी ने कहा कि आप सब जो सम्मान मुझे दे रहे हैं उससे मैं अभिभूत हूं। पर पिछले दो वर्षो में विश्वविद्यालय की जो भी उपलब्धियां हैं वह मूलतः मेरी अकेले की न होकर इस विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की हैं।

उन्होंने कहा कि जब इस इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा था, तो उस समय मेरे मन में यह योजना थी कि इस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर के अनुसन्धान केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, और मुझे यह मौका मिला। उन्होंने कहा कि एम एम एम यू टी में राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनने की क्षमता और संभावना है।

आदि शक्ति प्रदर्शनी में दिखी मां दुर्गा की विविध छवियां

गोरखपुर (एसएनबी)। आदि शक्ति चित्रकला प्रदर्शनी में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को कलात्मक अभिव्यक्ति शक्ति,भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम इस प्रदर्शनी में देखने को मिला। कलाकारों ने अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से देवी दुर्गा के नौ रूपों को सजीव किया। प्रदर्शनी में गोरखपुर सहित, लखनऊ महराजगंज, कुशीनगर के करीब 30 युवा व वरिष्ठ कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी लगी है। उनके चित्रों में केवल रंग ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, शक्ति और संस्कृति का गहरा भाव परिलक्षित हुआ। दुर्गा के वैष्णवी स्वरूप से लेकर चामुंडा रूप तक, हर चित्र दर्शकों को देवी के विभिन्न आयामों से जोड़ता नजर आया।

- पुरवाई कला व श्रीचित्रगुप्त महिला समिति के तत्वावधाम में प्रदर्शनी का शुभारंभ
- गोरखपुर, लखनऊ, कुशीनगर, महराजगंज के 30 कलाकार कर रहे प्रतिभाग

यह दृश्य शनिवार को बक्शीपुर स्थित मंदिर के सभागार में दिखा। जहां पुरवाई कला एवं श्रीचित्रगुप्त मंदिर सभा की महिला समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन गोविवि की कुलपति प्रो. पूनम टंडन, विशिष्ट अतिथि प्रो.शिवशरण दास, दूरदर्शन केंद्र के कार्यक्रम प्रमुख मोहन यादव, प्रो.निशा जायसवाल एवं राजेश चंद्रा एवं संस्थाध्यक्ष ममता श्रीवास्तव ने मां की आरती एवं दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी के कैटलाग का लोकार्पण अवलोकन किया। इसके पूर्व संस्थाध्यक्ष ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संयोजक अनिता श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया।



मुख्य अतिथि पूनम टंडन ने कहा कि 'आज की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को जिस खूबसूरती से कला के माध्यम से व्यक्त कर रही है, वह अत्यंत सराहनीय है।'

प्रो.शिव शरण दास ने कहा, 'इस तरह की प्रदर्शनी न केवल कला को मंच देती हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनती हैं।' मोहन यादव ने कहा कि प्रदर्शनी में मां के विभिन्न रूपों का एक साथ दर्शन हुआ। मन आह्लादित है। ऐसे आयोजन जिसमें युवाओं के साथ ही वरिष्ठ कलाकार भी शामिल हैं। प्रो.निशा ने कहा कि संस्था हर बार अपने आयोजन में कुछ नया करती है। उन्होंने दो कलातियों का विशेष रूप से उल्लेख किया। गोबर एवं ग्रह-नक्षत्रों के बीच देवी देवताओं के चित्र हर किसी को मोह रहा है। राजेश चंद्रा ने कहा कि मंदिर प्रांगण में मां में विभिन्न रूपों में प्रदर्शित चित्र हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इसी क्रम में समिति की महिला सदस्यों ने मां के रूपों का गीतों के माध्यम से गुणगान किया। संचालन महामंत्री प्रेम नाथ ने, आभार ज्ञापन हृदया त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर राकेश, शबनम, वैशाली, रीता, अतुल, उमेश, अंकिता, प्रवीण, धर्मराज, विष्णु आदि मौजूद रहे।

पूर्व कुलपति प्रो.यूपी सिंह का निधन, सीएम योगी ने जताया शोक

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह (प्रो. यूपी सिंह) का शनिवार सुबह निधन हो गया। 92 वर्षीय प्रो. सिंह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे। उनके निधन से शिक्षा जगत, गोरक्षपीठ और परिषद की संस्थाओं में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त करते हुए रविवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने की घोषणा की है। अंतिम संस्कार गोरखपुर के राजघाट पर दोपहर 12 बजे होगा।



- विद्वता, कर्मठता और सांगठनिक कौशल के लिए रहेंगे याद
- गोरक्षपीठ के तीन पीठाधीश्वरों के सानिध्य में किया काम
- राजघाट पर आज अंतिम संस्कार में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

मूल रूप से गाजीपुर निवासी प्रो. सिंह का जन्म 1 सितम्बर 1933 को हुआ था। गणित विषय के विद्वान रहे प्रो. सिंह को गोरक्षपीठ के तीन पीठाधीश्वरों महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ और वर्तमान पीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में कार्य करने का अवसर मिला। महंत दिग्विजयनाथ ने उन्हें महाराणा प्रताप महाविद्यालय में पहली बार शिक्षक नियुक्त किया था। गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद वे यहां गणित विभाग के अध्यक्ष और आचार्य बने। आगे चलकर उन्होंने पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कुलपति के रूप में भी सेवाएं दीं।

संगठनात्मक कौशल के लिए चर्चित प्रो. सिंह 2018 से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष रहे। 2021 में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की स्थापना पर उन्हें प्रति कुलाधिपति बनाया गया। साथ ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक और विद्या भारती में भी विभिन्न पदों पर रहे। प्रो. सिंह अपने पीछे दो पुत्र दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वीके सिंह और यूपी कॉलेज के आचार्य प्रो. राजीव कृष्ण सिंह का परिवार छोड़ गए हैं। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव ने कहा कि प्रो. सिंह के साथ परिषद का एक युग समाप्त हुआ। उनका जीवन शिक्षा परिषद और समाज के लिए सदैव मार्गदर्शक बना रहेगा।

निधन पर एमजीयूजी परिवार ने जताया शोक: महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय (एमजीयूजी) परिवार ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई, जिसमें प्रिंसिपल डॉ. डीएस अजीथा और डॉ. रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि प्रो. सिंह का मार्गदर्शन शिक्षा जगत के लिए सदैव प्रेरक रहेगा। स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय में भी श्रद्धांजलि सभा हुई। कार्यवाहक अधिष्ठाता डॉ. अमित ने प्रो. सिंह को विद्यार्थियों और परिषद के हित में निरंतर योगदान देने वाला तपस्वी बताया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इन्होंने दी प्रो. यूपी सिंह को श्रद्धांजलि : महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष व पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह के निधन पर शनिवार को बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, विधायक विपिन सिंह, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, प्रांत प्रचारक रमेश जी, प्रांत संघचालक डॉ. महेंद्र अग्रवाल सहित सैकड़ों सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक व राजनीतिक क्षेत्र की हस्तियां इस अवसर पर मौजूद रहीं। सभी ने प्रो. सिंह के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

सीएम योगी ने 'एक्स' पर जताया शोक

प्रो. यूपी सिंह के निधन की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर के अध्यक्ष, आदर्श शिक्षक, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में गणित विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रो. यू.पी. सिंह जी का निधन अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों एवं अनुयायियों को सम्बल प्रदान करने की प्रार्थना है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद एवं समाज के लिए उनका जीवन सदा मार्गदर्शक बना रहेगा।

परम गोप्रेमी थे प्रो. सिंह : महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्वांचल विवि जौनपुर के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह के गोलोकवासी होने पर पशुपक्षी सेवा आश्रम नौसड. निवासी, पूर्व पशुधन प्रसार अधिकारी गोसेवक बैरागी वरुण वर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना किया कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोक सतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। श्री वैरागी ने बताया कि प्रो. सिंह जब गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कालोनी मे रहते थे तब मै उनकी गाय की चिकित्सीय सेवा करता था। प्रो सिंह का गोमाता के प्रति अतिशय लगाव व प्रेम था।

छात्रों ने स्टार्टअप मॉडल से प्रदर्शित किया अपना उत्पाद

गोरखपुर(एसएनबी)। सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा शनिवार को उद्यमिता मेला लगाया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे आरंभ हुआ, जिसमें व्यवसाय प्रशासन विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- डीडीयू के व्यवसाय प्रशासन विभाग में लगा उद्यमिता मेला
- शहीद भगत सिंह की रेखा चित्र प्रदर्शनी भी लगायी लगायी
- युवाओं के पास अपार संभावनाएं हैंः प्रो पूनम टंडन


विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग में आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन करतीं कुलपति प्रो.पूनम टंडन। फोटो : एसएनबी

कार्यक्रम में उद्यमिता मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए थे जैसे छात्रों ने अपने स्टार्टअप मॉडल, उत्पाद प्रदर्शन के द्वारा अपने स्टॉल का प्रदर्शन किया जिसके नाम इस प्रकार से थे जैसे शेक बार, बिग कनेक्ट हब (वन कनेक्शन, मेनी फ्यूचर), हेल्थ हैकर, इको इनोवेटिव ,द चाट हब, द कम सोल, नॉट सीड एंड सोल जैसे व्यावसायिक योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। युवा सशक्तिकरण जैसे परियोजना, स्थानीय संसाधनों के उपयोग, और डिजिटल नवाचार पर केंद्रित रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अपने संबोधन में कहा, आज का युग नवाचार और आत्मनिर्भरता का है। युवाओं के पास अपार संभावनाएं हैं। उन्हें केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर उद्यमिता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। यह उद्यमिता मेला केवल एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं, बल्कि भविष्य की ओर बढ़ाया गया ठोस कदम है। व्यवसाय प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने उद्यमिता मेले की रूपरेखा प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने विचारों को व्यावहारिक रूप दें। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दिव्या रानी सिंह ने किया।

सरदार भगत सिंह का जन्मदिवस मनाया गया : कार्यक्रम के अंतर्गत सरदार भगत सिंह का जन्मदिवस भी मनाया गया, जिसमें व्यवसाय प्रशासन विभाग के छात्रा - छात्राओं द्वारा शहीद भगत सिंह की रेखा चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसका कुलपति ने अवलोकन किया एवं उन्होंने रेखाचित्रों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इसी दौरान तस्मिया नूर ने शहीद भगत सिंह जी पर कविता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनुपमा कौशिक, गार्गी पाण्डेय गृह विज्ञान विभाग, डा. कृतिका श्रीवास्तव, डॉ पूर्णिमा मिश्रा, डा सुशील कुमार सिंह, डा अनुभव नाथ त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

हर मुराद पूरी करती हैं बुढ़िया माई







राम प्रताप विश्वकर्मा/कमलेश चौहान

कुसम्ही बाजार/जगदीशपुर। कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर आस्था और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। शारदीय नवरात्र मे यहां श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ता है।

- भक्तो का उमड़ा जनसैलाब

कहा जाता है कि प्राचीन समय में कुसम्ही जंगल के तुर्रा नाले पर एक लकड़ी का पुल था। एक बारात गुजरते समय पुल पर बैठी बुढ़िया ने नाच मंडली से नृत्य दिखाने का आग्रह किया, पर बारातियों ने उपहास उड़ाया। केवल मंडली का जोकर झाल बजाकर नाचा। वापसी में जब बारात पुल पर चढ़ी तो पुल टूट गया और सभी बाराती जलकुंड में समा गए, जबकि जोकर बच गया। बाद में बुढ़िया ने उसी जोकर को दर्शन दिए और माता दुर्गा के स्वरूप में प्रकट होकर आशीर्वाद दिया कि जो भी इस स्वरूप की पूजा करेगा उसकी हर मनोकामना पूर्ण होगी।

पुल के दोनों ओर स्थापित हैं मंदिर

मान्यता के आधार पर पुल के दोनों ओर बुढ़िया माई मंदिर की स्थापना हुई। पश्चिमी मंदिर के पूजारी रामानंद उर्फ लल्लू, जबकि पूर्वी मंदिर की सेवा रणजीत व विनोद निषाद करते हैं।

मंदिर के सह-पूजारी अजय कुमार निषाद और कृष्णा ने बताया कि नवरात्र में अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली। सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तगण माता की पूजा-अर्चना करते है और शाम को आरती मे शामिल होते है। भक्तों का आस्था बशरतपुर के निवासी रमाशंकर सिंह पत्नी ममता सिंह ने कहा हम लोग हर नवरात्र में परिवार सहित बुढ़िया माई के दर्शन के लिए आते हैं। मां की अपार पा से हमारी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

आस्था का केंद्र बना दुर्गा मंदिर जंगल कौड़िया

एससी सिंह(चन्दन)


डोहरिया बाजार, जंगल कौड़िया । गोरखपुर मुख्यालय से 17 किमी. दूर स्थित महामाया शक्ति पीठ श्री श्री आदि शक्ति महामाया कर्म दुर्गा मंदिर जंगल कौड़िया टोला विशुनपुर जो गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर स्थित है यहां नवरात्र में भक्तों की अपार भीड़ मां के दर्शन को जुटती है। पूरा परिसर भक्ति मय रहता है। मंदिर के बाहर दर्जनों दुकानें हैं जहां से लोग प्रसाद आदि खरीदते है। पूरे साल प्रत्येक सोमवार को माता के दर्शन को भारी संख्या में लोग दूर दराज से आते हैं।



- जंगल कौड़िया के विशुनपुर में विराजमान है श्री श्री आदि शक्ति महामाया कर्म दुर्गा मंदिर

मुख्य पुजारी रामलाल मौर्य की मृत्यु के बाद मंदिर के उत्तराधिकारी दुर्गेश मौर्य मन्दिर के मुख्य पुजारी हैं। वह बताते है कि माता जी की स्थापना 1985 में पिंडी बनाकर किया गया। तभी से निरंतर माता जी का पूजा पाठ किया जाता है। मंदिर निर्माण के बाद 1997 से माता के दरबार में धीरे-धीरे लोगों का आगमन बढ़ता गया और मां के दरबार में भक्तों का कल्याण व मनोकामनायें पूरी होने लगी। जो भक्त कथा, कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन, दुर्गा पाठ, रामायण, देवी भागवत, भगवती जागरण आदि करवाता है माता रानी उस पर खुश होकर कल्याण करती हैं। मां का दरबार नवरात्र में नौ दिन खुलता हैं तथा मंदिर पर हजारों की संख्या में भक्त आते हैं। पुजारी ने बताया कि अब तक मां के दरबार से लगभग हजारों भक्तों का कल्याण हुआ है। माता जी पूजा पर ही जनता का कल्याण करती है। मां के दरबार में दोनों नवरात्रों में व प्रत्येक सोमवार को भक्त हजारों की संख्या में दर्शन करने आते हैं। प्रसाद चढ़ाने के साथ-साथ नारियल फोड़कर, रक्षा सूत्र बांधकर मनौती मानते हैं मनौती पूरा होने के बाद मंदिर परिसर में ही कथा, रामायण, जागरण आदि कराते हैं।





नेतन्याहू का यूएन में बड़ा बयान! 'हमास के आतंकी अगर तुम्हें जिंदा रहना है तो हमारे 48 बंधकों को छोड़ दो। अगर छोड़ दिया तब तक जिंदा बच जाओगे, नहीं तो घर में घुसकर मारेंगे।

——— पांचजन्य @epanchjanya

बरेली का बवाल : तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार

■ पुलिस ने पूछताछ के लिए 36 और 'उपद्रवियों'' को हिरासत में लिया

बरेली (एसएनबी)। इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान और अन्य सात शरारती तत्वों को शुक्रवार को नमाज़ के बाद हुई हिसक झड़पों की कथित साजिश रचने के आरोप में शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शनिवार को बरेली के जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश सिह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि बरेली में बवाल के मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा समेत आठ उपद्रवियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने तौकीर रजा खान पर शुक्रवार को अपने भड़काऊ भाषण से हिसा भड़काने का आरोप लगाया है। एसएसपी ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा खान के उकसावे पर युवाओं की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी, जिससे खलील तिराहा से लेकर इस्लामिया मैदान तक 'अराजकता' का माहौल बन गया। तौकीर रज़ा खान के साथ गिरफ्तार और जेल भेजे गए सात अन्य लोगों में सरफराज, मनीफुद्दीन, अज़ीम अहमद, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद आमिर, रेहान और मोहम्मद सरफराज शामिल है। न्यायिक हिरासत में भेजे गए आठ लोगों के अलावा, पुलिस ने पूछताछ के लिए लगभग 36 और कथित उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। घटना के वीडियो फुटेज के आधार पर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

एसएसपी ने दावा किया कि मौलाना तौकीर रजा खान शुक्रवार से ही निगरानी में थे। मौलाना तौकीर रजा खान ने कथित तौर पर शुक्रवार की रात पार्टी नेता और अपने दोस्त फरहत के घर पर बिताई, जबकि उनके समर्थकों को बताया गया कि वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए है। पुलिस अधीक्षक (यातायात) अकमल खान के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने मौलाना तौकीर रजा खान को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। शनिवार सुबह उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया और बाद में जेल भेज दिया गया। तौकीर रज़ा खान दो दशकों से ज़्यादा समय से राजनीतिक रूप से सक्रिय है और बरेली और आसपास के जिलों में उनका कुछ प्रभाव है।

हिंसा प्रभावित लेह शहर में कर्फ्यू में चार घंटे की ढील

■ ढील की अवधि के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, दुकानों के बाहर कतार में खड़े निवासियों को राहत मिली

लेह (भाषा)। लद्दाख के हिसा प्रभावित लेह शहर में कर्फ्यू लगाए जाने के तीन दिन बाद शनिवार दोपहर से चरणबद्ध तरीके से कुछ घंटों के लिए प्रतिबंधों में ढील दी गई, जिससे आवश्यक वस्तुओं की दुकानों के बाहर कतार में खड़े निवासियों को राहत मिली। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने एक दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज सुबह से ही गश्त तेज कर दी थी। ढील की अवधि के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस डी सिह जामवाल ने बताया कि कर्फ्यू में कुल चार घंटे की ढील दी गई है। लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस डी सिह जामवाल ने कहा, 'हमने प्रतिबंधों में ढील फैसला लिया है। पहले चरण में पुराने शहर के इलाकों में दोपहर एक बजे से तीन बजे तक दो घंटे के लिए और इसके बाद नए इलाकों में दोपहर साढे तीन बजे से शाम साढे पांच बजे तक दो घंटे की ढील दी गई है।' राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के विस्तार की मांगों को लेकर केंद्र के साथ बातचीत आगे बढाने के लिए लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान व्यापक हिसा में चार लोगों की मौत होने और 90 अन्य के घायल होने के बाद बुधवार शाम को कर्फ्यू लगा दिया गया था।

उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने राजभवन में उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसके बाद प्रतिबंधों में ढील दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस दलों ने शनिवार को जन-संबोधन प्रणाली का उपयोग करते हुए कर्फ्यू में ढील की घोषणा की और इसके तुरंत बाद, आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुल गई, जहां भारी भीड़ देखी गई। पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों की निगरानी के कारण एटीएम कियोस्क के बाहर भी बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े देखे गए। उन्होंने बताया कि पुराने शहर के इलाकों में ढील का समय शांतिपूर्वक बीता। जामवाल ने कहा कि पिछले महीने एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की गिरफ्तारी के बाद वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच की जा रही है। वांगचुक को बुधवार की हिसा का' मुख्य सरगना' बताया। बुधवार की हिसा में जान गंवाने वाले चार लोगों के अंतिम संस्कार में लोगों की भागीदारी पर डीजीपी ने कहा कि अंतिम संस्कार में उनके रिश्तेदारों के शामिल होने में मदद करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। 'हम नहीं चाहते कि अंतिम संस्कार के दौरान किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा हो।

आतंकी घुसपैठ की फिराक में, सुरक्षा बल सतर्क : BSF IG

श्रीनगर (भाषा)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने शनिवार को कहा कि सीमा पार से आतंकवादी कश्मीर घाटी में घुसपैठ की फिराक में है, लेकिन सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क है और ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सर्दी की शुरुआत से पहले घाटी में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशें आमतौर पर तेज हो जाती है। उन्होंने कहा, ''बर्फबारी से पहले हमेशा घुसपैठ की कोशिशें होती है।



मैं सोच रहा था कि पावर प्ले में हमारे खिलाफ रन बने। लेकिन बाद में सभी ने योगदान दिया और मैच को सुपर ओवर तक ले गए। सुपर ओवर में मेरी योजना स्पष्ट थी कि वाइड यॉर्कर फेंको और श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सिर्फ ऑफ-साइड में ही रन बनाने दो। मैं हमेशा खुद को मानसिक रूप से तैयार रखने की कोशिश करता हूं। जब भी आप सोने जाएं तो आपको यह महसूस होना चाहिए कि आपने अपना शत प्रतिशत दिया है। जब आप नहीं खेल रहे हों तो आपको मैदान के बाहर अपना शत प्रतिशत देना चाहिए और खेल रहे खिलाड़ियों का ध्यान रखना चाहिए। -अर्शदीप सिंह

भारत-पाक में एशिया कप फाइनल आज

वर्तमान टूर्नामेंट में तीसरी बार दोनों के बीच टक्कर, फाइनल में पहली बार आमना-सामना

- कागज पर भारतीय टीम लगातार छह जीत से अजेय है
- खिताबी मुकाबला रात आठ बजे से खेला जाएगा

दुबई (भाषा)। जीत ही सब कुछ नहीं होती लेकिन 11 भारतीय क्रिकेटर रविवार को यहां एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ जीत हासिल करने पर टिकी होंगी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की तैयारी के बीच मैदान पर खेल और मैदान के बाहर की राजनीति के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ गई हैं। अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक माइक मार्कुसी के शब्दों में यह 'बिना गोलीबारी के युद्ध' जैसा है। वर्तमान टूर्नामेंट में दोनों के बीच यह तीसरा मुकाबला होगा जबकि टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार दोनों के बीच फाइनल में आमना-सामना होगा।

हालांकि कागजों पर भारत टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और लगातार छह जीत के क्रम के दौरान सिर्फ श्रीलंका ने उसे सुपर ओवर तक धकेला है।

इसके विपरीत पाकिस्तान फाइनल तक लड़खड़ाता हुआ पहुंचा है लेकिन जैसा कि उनके मुख्य कोच माइक हेसन ने बांग्लादेश को हराने के बाद व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'फाइनल ही एकमात्र मैच है जो मायने रखता है।' यहां तक कि भारत के सहयोगी स्टाफ ने भी यही भावना व्यक्त की। मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस के लिए आए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया कि अब सुंदरता मायने नहीं रखती, ''बदसूरत जीत भी जीत होती है।' भारत का अपराजित अभियान सहज रहा है लेकिन चोटों से मुक्त नहीं रहा। श्रीलंका के खिलाफ हार्दिक पंड्या को पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण एक ओवर के बाद ही मैदान से बाहर होना पड़ा जबकि अभिषेक शर्मा को भी गर्मी में ऐंठन की शिकायत हुई।

मोर्कल ने शुक्रवार रात को आश्वस्त किया, 'हार्दिक की कल सुबह जांच की जाएगी। उन्हें और अभिषेक दोनों को ऐंठन हुई है लेकिन अभिषेक ठीक है।' यह खबर राहत देने वाली है क्योंकि पंजाब के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने छह मैच में 309 रन बनाकर अकेले ही भारत की बल्लेबाजी का भार उठाया है। यह अंतर साफ दिख रहा है क्योंकि तिलक वर्मा 144 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। असली सवाल यह है कि क्या भारत के बाकी खिलाड़ी अभिषेक का बखूबी साथ निभा पाएंगे। सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के अलावा अन्य बल्लेबाज बिल्कुल भी विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर कोई भी 'प्लान बी' के बारे में नहीं जानता। अगर भारत अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर है तो पाकिस्तान की कमजोरियां और भी अधिक स्पष्ट हैं। टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी प्रभावी नहीं रहा है। जसप्रीत बुमराह को कुछ समय परेशान करने वाले साहिबजादा फरहान के अलावा अन्य बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सईम अयूब का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। वह चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय तो टूर्नामेंट में उनके नाम पर रन से अधिक विकेट दर्ज थे।

हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गए। रविवार का मैच एक बार फिर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई से तय हो सकता है। पाकिस्तान की उम्मीदें नई गेंद से उसके खिलाड़ियों के आक्रामक प्रदर्शन पर टिकी हैं। अगर शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राऊफ भारत के शीर्ष क्रम को जल्दी ध्वस्त कर देते हैं तो यह कम स्कोर वाला मुकाबला हो सकता है।

एक जंग अभिषेक और शाहीन के बीच





दुबई (भाषा)। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा है कि रविवार को एशिया कप फाइनल में अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी का मुकाबला शाहीन शाह अफरीदी की सटीक गेंदबाजी से होगा और दोनों के बीच 'कांटे की टक्कर' देखने को मिलेगी। मोर्कल ने इन दोनों खिलाड़ियों के साथ काम किया है।

मोर्कल इससे पहले पाकिस्तान टीम के साथ गेंदबाजी सलाहकार के रूप में कुछ समय के लिए काम कर चुके हैं जहां उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन को कोचिंग देने का मौका मिला था। मोर्कल ने कहा, 'शाहीन निश्चित रूप से एक आक्रामक गेंदबाज है जो आपको पटखनी देने की कोशिश करेगा और अभिषेक भी पीछे नहीं हटेंगे। मुझे लगता है कि अब तक जब भी ये दोनों आमने-सामने आए हैं तो हम सभी क्रिकेट समर्थक और प्रशंसक अपनी सीटों से चिपके रहे हैं और यह खेल के लिए बहुत अच्छा है।'

दोनों खिलाड़ी 25 साल के हैं। हालांकि शाहीन पिछले काफी समय से पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने मौजूदा एशिया कप में अपनी तेजतर्रार बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा है।

मुक्केबाज की हत्या पर एसोसिएशन ने रोष जताया



पटना (एसएनबी)। बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के पदाधिकारियों ने नेशनल बॉक्सिंग पदक विजेता अमरेश चौधरी उर्फ अमरजीत की कटिहार में हुई हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए हत्यारों को जल्द पकड़ने और इस हत्याकांड की जांच की मांग की है।

एसोसिएशन की सचिव स्मिता कुमारी ने कहा कि बिहार में मुक्केबाजी के विकास में अमरेश चौधरी का अहम योगदान रहा है। खिलाड़ी के रूप में उन्होंने राष्ट्रीय पदक जीता। इसके अलावा सिक्स विक्स एनआईएस कोच और राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी भी थे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बिहार सरकार से मांग की है कि हत्यारों को जल्द पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और साथ ही हत्याकांड की जांच हो।

शैलेश कुमार ने स्वर्ण जीतकर भारत का खाता खोला

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप



नई दिल्ली (भाषा)। शैलेश कुमार और वरुण सिंह भाटी ने शनिवार को पुरुषों की ऊंची कूद टी63-टी42 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेजबान भारत का खाता खोला।

बिहार के रहने वाले 25 वर्षीय शैलेश ने टी42 वर्ग में 1.91 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चैंपियनशिप रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। पैरा एशियाई खेलों के पूर्व पदक विजेता भाटी ने कांस्य पदक जीता जबकि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अमेरिका के एज्रा फ्रेच ने रजत पदक हासिल किया।

भाटी और फ्रेच दोनों ने 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने 'काउंट-बैक' में भारतीय खिलाड़ी को हरा दिया। इस स्पर्धा में शामिल तीसरे भारतीय राहुल 1.78 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चौथे स्थान पर रहे।

शैलेश, भाटी और राहुल टी42 एथलीट हैं जिनके घुटने के ऊपर एक अंग विच्छेदन हुआ हो या एक समान दिव्यांगता हो। टी63 वर्गीकरण उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके घुटने के पास दिव्यांगता हो।टी63 और टी42 एथलीटों को एक ही स्पर्धा में शामिल किया जा सकता है और शनिवार को भी यही प्रक्रिया अपनाई गई। इस बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने महिलाओं की 100 मीटर टी71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टी71 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके धड़ और पैरों में गतिशीलता काफी हद तक प्रभावित होती है।

शीतल देवी व तोमन कुमार ने जीते पैरा विश्व तीरंदाजी में दो खिताब

- भारत ने अब तक पांच पदक अपने नाम किये

ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया) (भाषा)। भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली बिना बाजू वाली पहली तीरंदाज बनकर इतिहास रच दिया और तोमन कुमार ने पुरुष वर्ग में खिताब जीता जिससे देश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

भारत के लिए शनिवार को दो विश्व चैंपियन बने जिससे देश ने अभी तक कुल पांच पदक जीत लिए। शीतल ने दिन में इतिहास रचा, उन्होंने महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। शीतल स्पर्धा में बिना बाजू वाली एकमात्र पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है।

बल्कि इससे पहले बिना बाजू वाले किसी तीरंदाज ने स्वर्ण पदक 2022 में दुबई विश्व चैंपियनशिप के दौरान जीता था जिसमें अमेरिका के मैट स्टुट्जमैन पोडियम में शीर्ष पर रहे थे।

इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा के फाइनल में तुर्किये से हारकर रजत पदक जीता। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था। फिर तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया क्योंकि एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए।

रश्मिका-कपिल को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय निशानेबाजों ने शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। भारत अभी तीन स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल नौ पदक जीतकर शीर्ष पर है। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) दो स्वर्ण पदक के साथ दूसरे जबकि इटली एक स्वर्ण और एक रजत के साथ तीसरे स्थान पर है।

हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप की महिला और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली रश्मिका और कपिल ने यहां चल रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

रश्मिका और कपिल ने खिताबी दौर में वंशिका चौधरी और एंटोनी जोनाथन गेविन की एक अन्य भारतीय जोड़ी को 16-10 से हराया। इनेस ओर्टेगा कास्त्रो और लुकास सांचेज की स्पेन की जोड़ी ने पेरिमाह अमीरी मोहम्मद रेजा अहमादी की ईरान की जोड़ी को 16-14 से हराकर कांस्य पदक जीता। रश्मिका और कपिल की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और क्वालीफिकेशन में 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। दोनों ने समान 291 अंक जुटाए। वंशिका और गेविन की जोड़ी ने क्रमशः 287 और 291 अंक से कुल 578 अंक के साथ फाइनल में प्रवेश किया। एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में क्वालीफिकेशन दौर के बाद शीर्ष दो जोड़ियां स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करती हैं जबकि अगली दो जोड़ियां कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करती हैं। फाइनल में भी एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। रश्मिका और कपिल ने शुरुआती बढत बनाई और फिर विरोधी जोड़ी को वापसी करने का मौका नहीं दिया। शुक्रवार को पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल खिताब जीतने वाले गेविन ने काफी गल्तियां की।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की विशेष परियोजना के तहत इस मंजूरी से हजारों परिवारों के जीवन में सुरक्षा और स्थिरता आएगी।

—— मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

गुरुग्राम : भीषण हादसा, पांच की मौत



गुरुग्राम (एसएनबी)। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के एक थार कार के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, प्रतिष्ठा (25), लावन्या (26), आदित्य (30), गौतम (31) और एक अन्य महिला सोनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कपिल शर्मा (27) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हादसा दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे निकास संख्या नौ पर हुआ जब तेज रफ्तार थार में सवार चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा गया। सूचना मिलने पर सेक्टर 40 से पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और सभी छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पांच को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया, मृतक महिलाएं, प्रतिष्ठा और लावन्या कानून पाठ्यक्रम की छात्रा थीं, जबकि आदित्य, गौतम और कपिल विज्ञापन व्यवसाय से जुड़े थे। सभी छह यात्री उत्तर प्रदेश से गुरुग्राम किसी काम से आए थे। थार अलीगढ़ प्राधिकरण में पंजीकृत है। बताया जा रहा है कि एक मृतक छात्रा न्यायाधीश की बेटी थी। पुलिस ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। मृतकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है और जांच जारी है।

'डबल इंजन' सरकार के प्रयासों से ओडिशा तेजी से प्रगति कर रहा है : मोदी



झारसुगुड़ा (ओडिशा), (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दूरसंचार, रेलवे और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों से जुड़ी 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि 'डबल इंजन' सरकार के प्रयासों से राज्य तेजी से प्रगति कर रहा है। मोदी ने देश भर में आठ आईआईटी के विस्तार की आधारशिला रखी, जिससे अगले चार वर्षों में 10,000 नए छात्र आईआईटी में पढ सकेंगे।

प्रधानमंत्री ने झारसुगुड़ा में रैली में को संबोधित करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के प्रति ओडिशा का प्रेम और लगाव विश्व प्रसिद्ध है। मोदी ने कहा कि 'डबल इंजन' सरकार के प्रयासों से ओडिशा तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने गुजरात के सूरत जिले में बरहामपुर को उधना से जोड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

मोदी ने कहा कि ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत ट्रेन से गुजरात में रह रहे ओड़िया लोगों को फायदा होगा। चिप से लेकर शिप तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री ने 1,400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 34 किलोमीटर लंबी कोरापुट-बैगुड़ा रेल लाइन और 82 किलोमीटर लंबे मनाबर-कोरापुट-गोरपुर खंड राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने बीएसएनएल की 'स्वदेशी' तकनीक से निर्मित 97,500 से अधिक 4जी दूरसंचार टावरों की शुरुआत की। मोदी ने संबलपुर शहर में 273 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पांच किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। जून 2024 में ओडिशा में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से 15 महीने में प्रधानमंत्री का राज्य का यह छठा दौरा है।

इंजीनियर रशीद तिहाड़ में भूख हड़ताल करेंगे

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद ने शनिवार को कहा कि वह अहिसा के सिद्धांत के महत्व को उजागर करने के लिए गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर तिहाड़ जेल में दो दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठेंगे। लोकसभा सांसद शेख अब्दुल रशीद को इंजीनियर रशीद के नाम से भी जाना जाता है। 'बापू' को संबोधित और लोकसभा अध्यक्ष को भेजे गए एक हस्तलिखित पत्र में सांसद ने कहा कि पूरी दुनिया को शांति की सख्त जरूरत है। सांसद शेख अब्दुल रशीद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में नयी दिल्ली में स्थित तिहाड़ जेल में बंद हैं।

पाक सेना ने ही ऑपरेशन सिदूर के दौरान संघर्ष रोकने की अपील की थी : भारत

■ नयी दिल्ली व इस्लामाबाद के बीच किसी भी मुद्दे पर "किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है

■ संयुक्त राष्ट्र (भाषा)। भारत ने कहा कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान पाकिस्तान की सेना ने ही संघर्ष रोकने की "अपील की" थी और नयी दिल्ली व इस्लामाबाद के बीच किसी भी मुद्दे पर "किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, "इस सभा में आज सुबह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का बेतुका बयान सुनने को मिला। शरीफ ने एक बार फिर आतंकवाद का महिमामंडन किया, जो उनकी विदेश नीति के केंद्र में है।

गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया संघर्ष को लेकर एक "अजीब" कहानी पेश की, जबकि भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 आम नागरिकों की मौत के जवाब में ऑपरेशन सिदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारत ने कहा, "नौ मई तक पाकिस्तान भारत पर और हमले करने की धमकी दे रहा था। लेकिन 10 मई को उसकी सेना ने सीधे हमसे संघर्ष रोकने की अपील की। इस बीच भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस नष्ट कर दिए थे। उस तबाही की तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।" भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण के बाद पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। शरीफ ने अपने भाषण में दावा किया कि हालिया संघर्ष में उनका देश "युद्ध जीत गया।" उन्होंने संघर्ष रोकने को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता का परिणाम बताया और साथ ही कश्मीर मुद्दा भी उठाया।

शरीफ ने 'ऑपरेशन सिदूर' का उल्लेख करते हुए यह भी दावा किया कि मई में चार दिन तक चले संघर्ष के दौरान "भारत के सात विमान क्षतिग्रस्त हुए थे। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "अगर तबाह हुए रनवे और राख में बदल चुके हैंगर पाकिस्तान को जीत लगते है, जैसा कि उसके प्रधानमंत्री ने दावा किया है, तो पाकिस्तान खुश हो सकता है। गहलोत ने कहा, "ऑपरेशन सिदूर के दौरान भारतीय सेनाओं द्वारा बहावलपुर और मुरिदके में स्थित आतंकी ठिकानों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें सामने आई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में 24 नवनियुक्त न्यायमूर्तियों ने पद की शपथ ली

प्रयागराज (एसएनबी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में शनिवार को 24 नव नियुक्त न्यायमूर्तियों ने पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने शपथ दिलाई। इसके साथ इस उच्च न्यायालय में न्यायमूर्तियों की संख्या 110 हो गई है। हालांकि 50 पद अब भी रिक्त हैं। यहां मुख्य न्यायमूर्ति को मिला कर न्यायमूर्ति के कुल 160 पद स्वीकृत हैं। मल्टी लेवल पार्किंग एवं एडवोकेट चौंबर्स बिल्डिंग के छठवें तल पर स्थित हाल में दोपहर एक बजे शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। शपथ लेने वाले सभी न्यायमूर्तियों की नियुक्ति के संबंध में शुक्रवार को ही केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की थी। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की तरफ से संस्तुति के बाद एक महीने के भीतर ही नियुक्ति की घोषणा और शपथ विधि संपन्न हुई है।

शपथ समारोह में सभी न्यायमूर्तिगण न्यायिक अधिकारी, परिवारीजन व भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। शपथ समारोह में अपर सालिसिटर जनरल भारत सरकार शशि प्रकाश सिंह, प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र, डिप्टी सालिसिटर जनरल शिव कुमार पाल, अपर महाधिवक्ता गण, शासकीय अधिवक्ता पतंजलि मिश्र, राज्य विधि अधिकारी मृत्युंजय तिवारी, मुख्य स्थाई अधिवक्ता मनोज सिंह, शीतल गौड़, विपिन पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश, पूर्व शासकीय अधिवक्ता अरूण कुमार मिश्र आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने क्रमशः न्यायमूर्ति विवेक सरन, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह, न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद, न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान, न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी, न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन, न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह, न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला, न्यायमूर्ति सत्य वीर सिंह, न्यायमूर्ति डा. अजय कुमार-द्वितीय, न्यायमूर्ति चव्हाण प्रकाश, न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र सामंत न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा-प्रथम, न्यायमूर्ति तरूण सक्सेना, न्यायमूर्ति राजीव भारती, न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्र, न्यायमूर्ति लक्ष्मी कांत शुक्ला, न्यायमूर्ति जय प्रकाश तिवारी, न्यायमूर्ति देवेन्द्र सिंह-प्रथम, न्यायमूर्ति संजीव कुमार, न्यायमूर्ति वाणी रंजन अग्रवाल, न्यायमूर्ति अचल सचदेव और न्यायमूर्ति बबीता रानी को शपथ दिलाई। इस तरह इलाहाबाद हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार एक साथ 24 न्यायमूर्तियों ने शपथ ली। इससे दशकों वर्ष पहले मुख्य न्यायाधीश एम एन शुक्ल के समय 16 न्यायमूर्तियों को शपथ दिलाई गई थी।

मंजीत सिंह श्योरण हाईकोर्ट के महानिबंधक नियुक्त

प्रयागराज (एसएनबी)। बुलंदशहर के जिला जज मंजीत सिंह श्योरण इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक नियुक्त किए गये हैं। महानिबंधक राजीव भारती के हाईकोर्ट जज नियुक्त होने के कारण यह पद खाली हुआ था। हाईकोर्ट जजों की शपथ के साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक की नियुक्ति कर दी गई है।

गंगा : प्लास्टिक प्रदूषण में पैकेजिग कचरा सबसे ज्यादा

नई दिल्ली (भाषा)। गंगा नदी के उच्च जैव विविधता वाले क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण में सर्वाधिक मात्रा पैकेजिग अपशिष्ट की है। एक नये अध्ययन में यह बात सामने आई। इस क्षेत्र में कई संकटग्रस्त प्रजातियों का आवास है। झारखंड में साहिबगंज जिले के लाल बथानी और राधानगर के बीच के खंड का चयन इसलिए किया गया क्योंकि इसमें 34 किलोमीटर का उच्च जैव विविधता वाला क्षेत्र शामिल है, जो गंगा डॉल्फिन और 'स्मूथ कोटेड ओटर्स' (दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में पाये जाने वाले ऊदबिलाव की एक प्रजाति) जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का आश्रय स्थल है। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के शोधकर्ताओं द्वारा 'सस्टेनेबिलिटी' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में गंगा के 76 किलोमीटर क्षेत्र में 37,730 मलबे के टुकड़ों का दस्तावेजीकरण किया गया।

RSS की प्रार्थना मातृभूमि के प्रति समर्पण : भागवत

नागपुर (भाषा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संगठन की 'प्रार्थना' भारत माता की प्रार्थना और देश एवं ईश्वर के प्रति संघ के स्वयंसेवकों का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि जहां व्यक्तिगत संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक के दृष्टिकोण तक सीमित रहते हैं, वहीं साझा मिशन और मूल्य संघ की प्रार्थना से उत्पन्न होते हैं, जिसका प्रतिदिन पाठ किया जाता है। भागवत ने नागपुर के रेशमबाग महर्षि व्यास सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी किया, जिसे गायक शंकर महादेवन ने आवाज दी है। कार्यक्रम में अभिनेता सचिन खेडेकर, वरिष्ठ प्रस्तोता हरीश भिमानी और संगीतकार राहुल रानाडे भी उपस्थित थे। नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा, "यह भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण को अभिव्यक्ति है। यह प्रार्थना है कि हम देश को क्या देश सकते है और फिर ईश्वर से प्रार्थना है कि देश सेवा में हमारी सहायता करे।" उन्होंने कहा कि ऑडियो जारी होने के साथ ही यह प्रार्थना ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि प्रार्थना एक भावना है जो स्वयंसेवकों को मातृभूमि के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण के सामूहिक संकल्प में मदद करती है। यह गीत लंदन के एक स्टूडियो में रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा के साथ रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें सभी संगीतकार विदेशी थे।



कांतारा
अ लीजेंड-चैप्टर 1

कन्नड़ फिल्म अभिनेता ऋषभ शेट्टी की लेखक, निर्देशक और अभिनेता के रूप में, 2022 में अत्यधिक सफल और प्रशंसित फिल्म कांतारा की प्रीक्वल फिल्म का 2 अक्टूबर को कई भाषाओं में प्रदर्शन हो रहा है। अनुमान है कि यह फिल्म अपनी पहली फिल्म से कहीं बहुत आकर्षित करने में सफल होगी। कांतारा से 17 मिनट से अधिक की अवधि होगी। इसकी कुल अवधि 2 घंटा 45 मिनट है।

किंवदंती का जन्म- कांतारा: अ लीजेंड - चैप्टर 1 का कथानक कांतारा की घटनाओं से बहुत पहले का होगा, जब किंवदंती का जन्म हुआ था। अध्याय 300 ईस्वी में कदंब वंश के शासनकाल में बनवासियों के रहस्यमय जंगलों में ले जायेगा, जहाँ दिव्य आत्माएँ जागृत होती हैं और दैव परंपरा की जड़ें जमती हैं। ऋषभ शेट्टी उग्र नागा साधु के रूप में परिवर्तित होते हैं, योद्धा-रहस्यवादी है और नश्वर और दिव्य के बीच सेतु बनना जिसकी नियति है। प्राचीन अनुष्ठान, अलौकिक शक्तियाँ और आदिवासी संघर्ष अनोखे सिनेमाई अनुभव का प्रारम्भ करेगा। केवल प्रीक्वल नहीं है, यह मिथक की उत्पत्ति करने वाला है।

बजट 125 करोड़- कंतारा चैप्टर 1 में रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को पूरी दुनिया में प्रदर्शित होगी। कांतारा चैप्टर 1 लीजेंड कई गुना अधिक बजट वाली है। जहाँ कांतारा के निर्माण में 14 करोड़ खर्च हुए थे, वही इस लीजेंड अध्याय के निर्माण में 125 करोड़ रुपये खर्च हुए है।

तकनीकी पक्ष विशेष- कांतारा पार्ट 1 के निर्माण में विशाल टीम विगत दो बर्षों से दिनरात एक किये थी। फिल्म का छायांकन अरविंद एस. कश्यप ने किया है और संपादन सुरेश द्वारा। संगीत और पार्श्व संगीत फिर बी.अजनीश लोकनाथ ने रचा है। अंतरराष्ट्रीय स्टंट समन्वयकों, व्यापक वीएफएक्स और विस्तृत कला डिज़ाइन द्वारा आकार दिया गया है।

विश्व के 30 देशों में- फिल्म का सम्पूर्ण विश्व के एकसाथ प्रदर्शन होगा। यूके, यूएई, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, बहरीन, ओमान, यूएसए, कनाडा, रूस, बेलारूस, यूक्रेन, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, फिजी, मॉरीशस, कैरिबियन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी सहित तीस देशों में कई भाषाओं में प्रदर्शित की जाएगी।

हिंदी पेटी में- केरल में इस फिल्म का वितरण अभिनेता-फिल्म निर्माता पृथ्वीराज सुकुमारन की पृथ्वीराज प्रोडक्शंस द्वारा किया जाएगा, जो दोनों बैनरों के बीच सफल सहयोग को जारी रखेगा।

तेलुगु में मैत्री- तेलुगु राज्यों में, निज़ाम क्षेत्र में मैत्री मूवी मेकर्स फिल्म रिलीज़ करेगी। विदेशों में, फ़ार्स फिल्म पूरी रिलीज का प्रबंधन करेगी, जबकि यूके बाजार का प्रबंधन एलडब्ल्यूई और ड्रीमज़ एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा। उत्तरी अमेरिका में, फिल्म प्रथ्यंगिरा सिनेमाज़ द्वारा रिलीज की जाएगी और ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में, ड्रीम स्क्रीन्स इंटरनेशनल वितरित करेगी।

अमेज़न प्राइम पर- ओटीटी प्लेटफार्म अमेज़न प्राइम वीडियो द्वारा स्ट्रीम किया जायेगा। फिल्म के अधिकार 125 करोड़ में क्रय कर लिए है। किसी कन्नड़ फिल्म के लिए अभूतपूर्व है। यह अब तक किसी भी दक्षिण भारतीय फिल्म के लिए सबसे महंगे डिजिटल अधिग्रहणों में से एक है। अमेज़न इस फिल्म को सभी भाषाओं में स्ट्रीम करेगा।

आर बल्कि की पहली
क्राइम थ्रिलर

चीनी कम, पा, समिताभ, कि एंड का और पैडमैन जैसी रोचक कथानक वाली फिल्में निर्देशित करने वाले लेखक निर्देशक आर बल्कि की सनी देओल के साथ पहले फिल्म चुप : रिवेंज ऑफ़ द आर्टिस्ट का कथानक भी अत्यंत रोचक था। इस साइकोलॉजिकल लिरक्राइम बॉलीवुड की पृष्ठभूमि पर थी। सीरियल किलर एक के बाद एक फिल्म समीक्षकों की हत्या करता जाता है, जो पैसा लेकर किसी फिल्म को अच्छा या न मिलने पर खराब लिखते है।





सनी देओल की पुलिस अधिकारी की भूमिका वाली फिल्म चुप रिवेंज ऑफ़ द आर्टिस्ट में बॉलीवुड और दक्षिण के कई प्रतिभाशाली कलाकार थे। इनमे दुलकर सलमान, श्रेया धन्वन्तरि, पूजा भट्ट आदि जैसे डेढ़ दर्जन सितारों के नाम उल्लेखनीय है। फिल्म का कथानक असामान्य सा लगा कि कोई इतनी छोटी बात पर समीक्षकों की हत्या कर सकता है। यही कारण था कि लम्बी स्टारकास्ट के बाद भी, चुप फ्लॉप हो गई। फिल्म ने 10 करोड़ के छोटे बजट के विरुद्ध 13.24 करोड़ का ग्रॉस ही वापस किया।

फिल्म का घटनाक्रम किसी लगातार हत्याकांड पर आधारित नहीं था। किन्तु बल्कि ने फिल्म में, गुरु दत्त की फिल्म कागज़ के फूल का उल्लेख फ्लॉप फिल्म बनाने वाले लेखक निर्देशक के मुंह से करवा कर किया था। बल्कि भी निजी जीवन में गुरुदत्त से प्रभावित थे। उन्होंने अपनी फिल्म चुप रिवेंज ऑफ़ द आर्टिस्ट का टीज़र गुरुदत्त के जन्मदिन के सप्ताहांत में रिलीज़ कर, गुरुदत्त की फिल्म कागज़ के फूल को श्रद्धांजलि दी थी। फिल्म में गुरु दत्त की क्लासिक फिल्म प्यासा का ये दुनिया अगर मिल भी जाये तो क्या है का उपयोग किया था।

फिल्म समीक्षकों को केंद्र में रखकर बनी फिल्म चुप रिवेंज ऑफ़ द आर्टिस्ट को, फिल्म समीक्षकों ने सामान्य श्रेणी में रखा था। एक समीक्षक ने इसे ब्रिटिश फिल्म थिएटर ऑफ़ ब्लड से प्रेरित बताया। इसे कलाकारों के अभिनय के कारण सराहा। द गार्डियन के समीक्षक ने फिल्म को पांच में से चार सितारे देते हुए लिखा, चुप ने न केवल फिल्म निर्माता/ आलोचक संबंध के तनाव को सफलतापूर्वक उजागर किया बल्कि यह भी बखूबी समझा कि अपनी उंगली को सबसे अच्छी सुई पर कहां रखना है। आईएमडीबी पर इसे 10 में 7.5 की रेटिंग दी गई है। फिल्म से न केवल गुरु दत्त की फिल्म को श्रद्धांजलि दी गई थी बल्कि भारतीय सिनेमा के 110 साल और अमिताभ बच्चन के 80 साल को भी आंकलित किया गया था। आर बल्कि की पहली निर्देशित फिल्म चीनी कम के अतिरिक्त फिल्म पा और षमिताभ के नायक भी अमिताभ बच्चन ही थे। जहाँ, बच्चन बल्कि की पहली तीन फिल्मों के नायक थे, वही बाद की तीन फिल्मों कि एंड का, पैडमैन और चुप रिवेंज ऑफ़ द आर्टिस्ट में उनका कैमिया था। उनकी फिल्म घूमर के नायक अमिताभ बच्चन के बेटे और फिल्म पा में अमिताभ बच्चन के चरित्र के पिता अभिषेक बच्चन थे।

फिल्म/ओटीटी

रियलिटी रानीज़ ऑफ़ द जंगल सीज़न 2

वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी का 'रिएलिटी रानीज़ ऑफ़ द जंगल सीजन 2' इस बार पूरा ऑल-विमेन एडवेंचर है गोवा के समुद्री तटों पर। यहाँ लहरों की टक्कर, मचलती रेत और सर्वाइवल चुनौतियों के बीच घिरी है 12 कंटेस्टेंट्स, जो भिड़ेंगी "रिएलिटी रानी ऑफ़ द जंगल" का ताज जीतने के लिए। रियलिटी-एडवेंचर सबसे डायनेमिक जॉनर बन गया है। यह असल ज़िन्दगी के भाव को सामने लाता है और जुड़ जाता है। नया सीजन नेक्स्ट लेवल पर ले जाता है। ऐसी कहानियां ला रहे है, जो लोगों का मनोरंजन करने के साथ उन्हें प्रेरित करें।



रानी का अच्छाई और बुराई के बीच महायुद्ध



मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी साहसी पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापसी कर रही है।'अयिगिरि नंदिनी' के शक्तिशाली मंत्र उच्चारण को जोड़ा गया, जो माँ दुर्गा की उस शक्ति का उत्सव है, जब उन्होंने महिषासुर का वध किया था। शिवानी को निर्दयी केस सुलझाने और न्याय दिलाने के लिए अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए पूरी दृढ़ता की आवश्यकता होगी। मर्दानी सीरीज़, महिला-प्रधान फिल्म फ्रेंचाइजी है, यह समाज को आईना दिखाने वाले कड़े संदेश देती है, देश में हर दिन कितने घिनौने अपराध घटते हैं। तीसरा अध्याय और भी ज्यादा डार्क और कड़ा है। इसका निर्देशन अभिराज मिनावाला ने किया है और फिल्म 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।


वरुण और खेसारी की देसी मस्ती

अभिनेता वरुण धवन और भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव ने म्यूजिक वीडियो ''पानवाड़ी'' का जश्न पूलसाइड डांस रील के साथ मनाया। वीडियो में दोनों अपने-अपने सिग्नेचर डांस मूव्स के साथ हुक स्टेप करते नजर आते हैं। वे अचानक पूल में कूद पड़ते हैं, जो इस अनूठी दोस्ती और बेबाक मस्ती है। यह



वीडियो रंगीन, हंसमुख और शुद्ध देसी मस्ती से भरपूर है, जो पानवाड़ी गाने के उत्साह को दर्शाता है। बॉलीवुड से लेकर भोजपुरी संगीत प्रेमियों पर छाया हुआ है, परफेक्ट एंटरटेनमेंट पैकेज है।

'शिवा' होगी री-रिलीज़



सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने पिता और भारतीय सिनेमा के महानायक अक्किनेनी नागेश्वर राव की 101वीं जयंती पर तेलुगु फिल्म शिवा के री-रिलीज़ की घोषणा की। नागार्जुन ने कहा कि राम गोपाल वर्मा के निर्देशन में बनी 1989 में रिलीज़ हुई फिल्म 14 नवंबर को फिर से बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी। नागार्जुन ने कहा- मेरे पिता का मानना था कि सिनेमा में पीढ़ियों से आगे तक जीवित रहने की ताकत है और शिवा उसी तरह की फिल्म थी। शिवा से अपने निर्देशन की धमाकेदार शुरुआत करने वाले वर्मा ने कहा कि फिल्म का यह नया संस्करण बड़े पर्दे पर इसके तकनीकी आकर्षण को और भी अद्वितीय बना देगा।

युग का दिल कौन जीते



सोनी सब का शो उफ़्फ ये लव है मुश्किल में युग सिन्हा (शब्बीर अहलूवालिया) व कैरी शर्मा (आशी सिंह) है। सिन्हा परिवार में बड़ा ड्रामा देखने को मिलेगा। युग को पेपर्स मिल जाते है। आशी ने कहा- कैरी के लिए भावनात्मक रोलर कोस्टर है। उसे हर तरफ़ से परखा जा रहा है, मायरी से, लता से और किस्मत से भी। लेकिन टूटने के बजाय वह और मजबूत बनती है। युग के लिए उसका प्यार ही उसे सही के लिए लड़ने का हौसला देता है, भले ही हालात उसके खिलाफ़ हों।

रुबीना से मिलकर नेहा हुईं भावुक

कलर्स के शो 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा' में नेहा कक्कड़ ने सुदेश लेहरी के साथ कई गानों पर आगे-पीछे जुगलबंदी की, सुदेश ने अपनी गायकी का हुनर दिखाया। नेहा ने कहा सच में ऐसा लगता है, जैसे हम आम जोडियों को असाधारण परिस्थितियों में देख रहे हों। रुबीना से दोबारा मिलना बहुत खास था क्योंकि हम एक-दूसरे को बहुत लंबे समय से जानते हैं। उसे इंडस्ट्री में चमकते और इतनी सफलता पाते देखना मेरे लिए भावुक पल था, सच में मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। सबसे ज़्यादा आनंद इस बात का था कि जोडियां पूरे जोश के साथ म्यूजिकल चुनौतियों का लुत्फ उठा रही थीं।



टीवी

परफेक्ट पिता से कोसों दूर वरुण

सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी में सुहास (वरुण बडोला) ऐसा पिता है, जो बिल्कुल आदर्श नहीं है। वरुण का किरदार खामियों से भरा, अप्रत्याशित और भावनात्मक रूप से दूर है लेकिन परिवार के बदलाव में अहम है। वरुण बताते हैं -हर अभिनेता किसी न किसी चुनौती की तलाश करता है और सुहास मुझे वाही



चुनौती देता है। वह बिल्कुल भी आदर्श पिता नही है, उसमें कमियां हैं, वह अप्रत्याशित है, कभी-कभी झुंझलाहट पैदा करता है लेकिन साथ ही बहुत इंसानी भी है। यह किसी भी किरदार से बिल्कुल अलग है। मैंने सुम्बुल का काम देखा, वह प्रतिभाशाली कलाकारों में से है। कभी-कभी सबसे गहरे रिश्ते ऑफ-कैमरा साधारण या हल्की-फुल्की बातचीत से ही बन जाते हैं।

शुभांगी का डांस का जादू



एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी के नाम से मशहूर शुभांगी अत्रे नवरात्रि में रंग-बिरंगे डांडिया डांस के साथ आनंद किया। पेशे से डांसर शुभांगी ने कहा- डांस हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है, मैंने कोरियोग्राफर का रोल निभाया है, ताकि स्टेप्स और सुंदर और मनोरंजक बन सकें। तिवारीजी (रोहिताश्व गौड़) और विभूतिजी (आसिफ शेख) को डांडिया सिखाना मज़ेदार है, दोनों बेहतरीन को-स्टार्स है लेकिन डांस में उनका अपना अंदाज़ है, जिसने हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर दिया।



सोशल मीडिया से बचें - अजय



अजय गेही ने मिली, हीरो गायब मोड ऑन जैसे टीवी शो और मकबूल, रावण, नॉट अ लव स्टोरी, और एक थी बेगम जैसी फिल्मों में काम किया है, गायक और गीतकार भी है। वह कहते है- समय इस ग्रह की सबसे कीमती चीज़ है। समय प्रबंधन इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपनी प्राथमिकताएँ कैसे और किस पर सेट करते है। अधिकतर लोग बिना सोचे-समझे काम करते है। जब आप सचेत हो जाते है तो आप समय बर्बाद नहीं करेंगे।



कलाकारों ने नवरात्रि की यादें ताज़ा की

मां दुर्गा की आराधना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक खास स्थान रखता है। सोनी सब के कलाकारों ने नवरात्रि से जुड़ी अपनी खास यादें और अनुभव साझा किए -



गरिमा परिहार - मेरी मां हमेशा पूजा करती है और मै देवी मां की भक्त हूं। मां के साथ व्रत रखना और छोटी बच्चियों को भोजन कराना मेरे लिए बहुत यादगार पल है। मै गरबा रातों का आनंद नहीं ले पाऊंगी लेकिन नवरात्रि की सकारात्मक ऊर्जा और देवी मां के प्रति मेरी श्रद्धा हमेशा खास है।



रिद्धिमा पंडित - नवरात्रि का मतलब है सकारात्मकता और भक्ति। मै मां के साथ पूजा के दौरान प्रसाद बनाने में मदद करती थी और इन पारिवारिक परंपराओं से हमें बहुत करीब ला देती थीं। सब मिलकर नाचते, गाते और प्रार्थना करते है। नवरात्रि आत्मचिंतन का भी समय होता है, मै मां दुर्गा की शक्ति और करुणा को याद करती हूं।



ऋषि सक्सेना - मैंने नवरात्रि का भव्य रूप मुंबई आकर ही देखा। बचपन में ये स्थापना पूजा और व्रत तक ही सीमित था लेकिन मुंबई ने मुझे इसकी रंगीनियां, व्यंजन, गरबा और अंतहीन उत्सवों से परिचित कराया। माहौल हमेशा इतना जीवंत, खुशहाल और उमंग से भरा होता है।



आशी सिंह - मेरे लिए ये नौ दिन केवल उत्सव नहीं बल्कि भक्ति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक हैं। गरबा और डांडिया की धुनों से माहौल जीवंत हो जाता है। बचपन में मैं रंग-बिरंगी चनिया-चोली पहनकर नाचने के लिए उत्साहित रहती थी।



गौरी टोंक - ठाणे में नवरात्रि के दौरान हमारी सोसाइटी में देवी मां की सुंदर प्रतिमा स्थापित करती थी और रोज पूजा होती थी। मुझे पूजा और त्योहार बहुत पसंद हैं, लोग मुझे मजाक में पंडित भी कहते हैं! लोगों से मिलना, आरती और पूजा करना, ये सब इतना सकारात्मक और उत्साहजनक वातावरण बनाते हैं।

चुनौतियां अलग नहीं हैं समृद्धि

अभिनेत्री समृद्धि शुक्ला ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभिरा का किरदार निभा रही हैं। वह कहती हैं- मेरे लिए मुंबई सच में सपनों का शहर है क्योंकि यहीं मुझे अभिनेता बनने का मौका मिला। साथ ही, मुझे पता है कि यहाँ रोज़मर्रा की ज़िंदगी कितनी कठिन है। ट्रेनों से लेकर ट्रैफिक तक, सब कुछ धैर्य मांगता है। मैं भी ट्रैफिक में घंटों फंसती हूँ, देखती हूँ कि किराए कितने बढ़ रहे हैं और जानती हूँ कि परिवारों के लिए खर्चो को मैनेज करना कितना मुश्किल है। हम अपनी आवाज़ का इस्तेमाल असली मुद्दों पर बात करने के लिए कर सकते हैं। अगर हम महिलाओं की सुरक्षा, आवास या लोकल समस्याओं जैसे मुद्दों को उजागर करें, तो जागरूकता बढ़ सकती है। हमारे छोटे प्रयास भी फर्क डाल सकते हैं। वह कहती हैं, मुंबई ने मुझे सबसे बड़ा सबक सिखाया है-कभी हार मत मानो। यह शहर आपको मजबूत बनाता है।